वर्ष 72 | अंक 315 | पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 12 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
नगर | मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


"जहां भी हो, वहां थोड़ा-सा अच्छा काम करो; यही छोटे-छोटे अच्छे काम मिलकर दुनिया को बदल देते हैं।
–डेसमंड टुटू

## मानहानि मामले में मेधा को मिली आंशिक राहत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को मानहानि मामले में आंशिक राहत मिल पाई है। सुप्रीम कोर्ट ने मेधा पाटकर को दोषी करार देने के फैसले में दखल से इनकार कर दिया है। हालांकि, मेधा पर लगे जुर्माने को हटा दिया है। साथ ही प्रोबेशन की सजा भी निरस्त कर दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिए एनके सिंह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की है। मेधा ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट मे चुनौती दी थी। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना की तरफ से दाखिल मानहानि के मामले में पाटकर को निचली अदालत और हाईकोर्ट ने दोषी ठहराया है। हालांकि हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा लेकिन पाटकर प्रोबेशन की शर्त में संशोधन कर दिया है।

## टोल प्लाजा पर कार सवार ने कर्मचारी को पीटा

जागरण, मुरैना। जिले के छोंदा टोल प्लाजा पर एक कार सवार ने टोल टैक्स देने से इनकार कर कर्मचारी विष्णु सिकरवार के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। सीसीटीवी फुटेज में कैद इस घटना में महाराष्ट्र नंबर की काली कार से उतरे व्यक्ति ने खुद को स्थानीय निवासी बताते हुए बिना टोल चुकाए जाने की जिद की। कर्मचारी ने जब इनकार किया, तो आरोपी ने न केवल गालियां दीं बल्कि उसके साथ मारपीट भी की, जिससे उसकी आंख, गर्दन और हाथों में चोटें आईं। मामले में सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

## बालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, मौत

जागरण, इंदौर। पतंग उड़ा रहा 13 साल का बालक तोहिद मियां हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक हादसा आजाद नगर थाना क्षेत्र के मदीना नगर में हुआ। रिश्तेदार अरसान ने बताया कि शाम करीब 6 बजे तोहिद मकान की दूसरी मंजिल पर पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान उसकी पतंग पास से गुजर रही बिजली की तारों में फंस गई।

### दुस्साहसः जबलपुर के खितौला में वारदात, चार जिलों में अलर्ट

# 15 मिनट में बैंक से 14 करोड़ का सोना और पांच लाख लूटे

**जागरण, जबलपुर।** प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में स्थित एक निजी बैंक में सोमवार सुबह फिल्मी अंदाज में हथियारबंद बदमाशों ने बैंक में धावा बोलकर लूट की वारदात की। सोमवार सुबह करीब छह बदमाश खितौला में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में घुसे। अंदर घुसकर बदमाशों ने कुछ देर तक बैंक का कामकाज देखा।

इसके बाद अचानक कट्टा निकाला और कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया। कुछ बदमाश हाथों में कट्टा लिए कर्मचारियों को धमकाते रहे और कुछ ने बैंक में गिरवी रखा 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5.70 लाख नकद अपने कब्जे में ले लिया। वारदात के दौरान लुटेरे बार-बार गोली मारने की धमकी देते रहे। करीब 15 मिनट में बदमाश पूरी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मालूम हो कि बैंक सोना गिरवी रखकर लोन देने का काम करता है, इसलिए यहां बड़ी मात्रा में सोना रखा था। सूचना के बाद पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर दी है। पूरे जबलपुर सहित कटनी, मंडला, डिंडोरी पुलिस को अलर्ट किया है। हालांकि, पुलिस लूटे गए सोने की मात्रा 5 किलो ही बता रही है।

**तीन बाइक से आए हेलमेट पहने लुटेरेः** बैंक अधिकारियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वारदात के वक्त मैनेजर समेत छह स्टाफ मेंबर बैंक में थे। तीन बाइकों पर आए ये लुटेरे, एक-एक करके हेलमेट पहनकर बैंक में घुसे, जिससे कोई उनका चेहरा पहचान न सके। सभी आरोपी हाथ में कट्टा लिए हुए थे।




### तय समय से पहले खुला बैंक, नहीं था एक भी गार्ड

पुलिस जांच में पता चला कि बैंक खुलने का तय समय सुबह 10.30 बजे है, लेकिन त्योहार के कारण पिछले कुछ दिनों से सुबह 8 से 9 बजे के बीच खुल रहा था। इस वजह से वारदात के समय कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था और पूरा स्टाफ भी बैंक नहीं पहुंचा था। बैंक में सिर्फ छह सदस्य थे। घटना के बाद जैसे ही लुटेरे बाहर निकले, बैंक स्टाफ ने खतरे का सायरन बजाया, लेकिन तब तक लुटेरे अलग-अलग दिशाओं में भाग चुके थे। सूचना के बाद डीआईजी अतुल सिंह, एसपी संपत उपाध्याय और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे जबलपुर, कटनी, मंडला और डिंडोरी जिलों में अलर्ट जारी कर नाकाबंदी की। डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मदद से सुराग जुटाए जा रहे हैं। बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



### सीधी बात - प्रमोद वर्मा, आईजी जबलपुर

- **सवाल**– *घटना के बाद पुलिस ने क्या एक्शन लिया?*
- **जवाब**– घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया है। अलग अलग टीमों का गठन कर उन्हें अलग अलग टास्क सौंपे हैं।
- **सवाल**– *फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए क्या प्रयास किए?*
- **जवाब**– तत्काल ही बैंक के आसपास से अहम सुराग जुटाए हैं। सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं। फिलहाल पिन पॉइंट इनफोर्मेशन नहीं मिली है लेकिन उनके भागने का मूवमेंट क्लीयर हो गया है। जल्द ही उन्हें पकड़ लेंगे।
- **सवाल**– *कितना माल चोरी हुआ और डकैतों की संख्या कितनी थी?*
- **जवाब**– कुल 5 लुटेरों का गिरोह था। जानकारी के अनुसार लगभग 5 किलो गोल्ड और 5 लाख कैश की डकैती हुई है। बैंक से वेरिफिकेशन के बाद सही आंकड़ा मिलेगा।

### प्रोफेसरों के लिए सातवां वेतनमान लागू तो कुलगुरु को छठवें से ही दिया जा रहा वेतन

# कुलगुरु बनना घाटे का सौदाः प्रोफसरों से 60 हजार तक कम मिल रहा वेतन

**विकास कुमार जैन, भोपाल।** एनआईटी के डायरेक्ट, प्रोफेसर और कालेजों के प्राचार्य को मप्र के विवि में कुलगुरु बनना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। प्रोफेसरों का हर माह बेसिक वेतन जहां 2.18 से 2.24 लाख रुपए तक है, वहीं कुलगुरु का फिक्स बेसिक वेतन 2.10 लाख रुपए प्रति माह है। यदि कोई प्रोफेसर कुलगुरु बनता है तो उसे प्रतिमाह बेसिक वेतन में 8 से 14 हजार का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा यूजीसी से असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों के लिए 2016 से सातवां वेतनमान लागू कर रखा है। इस हिसाब से उन्हें बेसिक वेतन के साथ टीए, डीए और एचआर के साथ अन्य भत्ते दिए जा रहे हैं। वहीं कुलगुरु को अभी भी छठवें वेतनमान से ही वेतन दिया जा रहा है। इससे भी करीब 30 से 40 हजार का अंतर मासिक वेतन में पैदा होता है। इस तरह कुलगुरु को कुल 40 से 60 हजार तक का नुकसान प्रतिमाह वेतन में होता है। इधर, यूजीसी प्रोफसरों के लिए आठवें वेतनमान को लागू करने की तैयारी में है।

**वापसी में भी आएगी परेशानीः** एक कुलपति ने बताया कि अब उनका बेसिक 2.10 लाख ही निर्धारित कर दिया गया है। जब वह कुलगुरु का कार्यकाल पूरा कर अपने मूल विभाग या मूल पद पर जाएंगे, तो उनकी शुरूआत 2.10 बेसिक से ही शुरू होगी। इससे उनको आगे भी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए वे शाासन से पे प्रोटेक्शन की मांग कर रहे हैं, ताकि कुलगुरु का कार्यकाल पूरा होने के बाद अपने बेसिक वेतन के साथ वापसी ले सकें।

### बड़ा सवाल

यूजीसी कुलगुरु को फिलहाल छठवें वेतनमान के हिसाब से वेतन दे रहा है। अब सीधे आठवें वेतनमान की बात होने लगी है, तो सातवें वेतनमान के दौरान जो प्रोफेसर, निदेशक और प्राचार्य विवि में कुलगुरु बनकर नियुक्त हुए हैं, उन्हें इस दौरान का शेष वेतन और एरियर की राशि दी जाएगी यह बड़ा सवाल भी बना हुआ है।

### असर

राजभवन द्वारा निकाले गए कुलगुरु के विज्ञापन में बेहतर बायोडाटा जमा नहीं होते हैं। वे ही आवेदन कर रहे हैं, जिन्हें कहीं और स्थान नहीं मिल पा रहा है। कुछ प्रोफेसरों ने आवेदन करने तक से तौबा कर लिया है। आर्थिक नुकसान देख कुलगुरु भी साफ मन से कार्य करने में संकोच करने लगे हैं। यही कारण है कि शासन की योजनाएं विवि में आकर दम तोड़ रही हैं।

"मेरा बेसिक वेतन फिक्स करने शासन को पे प्रोटेक्शन का प्रेजेंटेशन दिया था, लेकिन मुझे शासन द्वारा निर्धारित बेसिक वेतन ही दिया जा रहा है। इस संबंध में यूजीसी से भी पत्र व्यवहार किया जाएगा, ताकि कुलगुरु के वेतन को सातवें वेतनमान का लाभ प्राप्त हो सके।

• **डॉ रामदास आत्राम,** कुलगुरु, डॉ बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि अंबेडकरनगर

### वेतन विसंगति के तीन प्रमुख केस



**1** आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो राजीव त्रिपाठी प्रयगराज एनआईटी के निदेशक के तौर पर कार्यरत थे। उन्हें 2.10 लाख बेसिक वेतन पर कुलगुरु नियुक्त किया गया है। जबकि एनआईटी निदेशक के तौर पर प्रो त्रिपाठी का बेसिक वेतन 2.24 लाख था। इससे उन्हें बेसिक वेतन में 0.14 लाख और मासिक वेतन में 61 से 65 हजार तक का नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्य शासन को पे पोटेक्शन का प्रेजेंटेशन दिया, लेकिन शासन उनकी कोई मदद नहीं कर सका। मामला कार्यपरिषद में रखा गया, जहां से वित्त विभाग को भेज दिया गया। वित्त विभाग ने बताया कि उनके वेतन में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता। क्योंकि यूजीसी और नियुक्तिकर्ता राजभवन ने बेसिक वेतन 2.10 लाख रुपए ही निर्धारित किया हुआ है।

**2** बरकतउल्ला विवि के कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार जैन उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज में प्राचार्य के तौर पर कार्यरत थे। उनका बेसिक वेतन 2,18,200 रुपए है। उन्हें भी मासिक तीस हजार रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने भी शासन को अपने वेतन पूर्व के संस्थान के बराबर करने के लिए पे प्रोटेक्शन का प्रेजेंटेशन दिया है। यहां तो शासन ने गजब ही कर दिया। उनको पत्र देते हुए शासन ने वेतन निर्धारण में त्रुटि का उल्लेख कर दिया है।

**3** डॉ बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि अंबेडकरनगर में कुलपति डॉ. रामदास आत्राम हैं। वे नागपुर फोरेसिंक साइंस इंस्टीट्यूट में डायरेक्टर के तौर पर कार्यरत थे। उन्हें भी 2.10 बेसिक के आधार पर ही वेतन दिया जा रहा है। जबकि उन्हें नागपुर में रहते हुए बेसिक 2,18,200 के हिसाब से वेतन दिया जाता था। उन्हें वे भी मासिक तीस हजार रुपए का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।




# टीएल में कलेक्टर की कार्यवाही के बाद खिचा सनाका

**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए ग्रेडिंग में सुधार लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अंतरविभागीय विभागीय विषयों पर रेल्वे से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि रेल्वे लाइन दोहरीकरण में आवश्यक भूमि और परिसम्पत्तियों के पारित अवार्ड संबंधी को भुगतान हो जाना चाहिए। इसके उपरांत कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार की रूकावट नहीं होना चाहिए। विकास योजनाओं के कार्य शीघ्र और तीव्र गति से अनवरत चालू रहे। इनमें जमीन संबंधी रूकावट की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पर निर्धारित की जायेगी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अपर कलेक्टर सुधीर बेक, एसडीएम राहुल सिलाडिया, आरएन खरे, एलआर जांगडे, सोमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## छिबौरा और बरहना जेई को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। स्कूल शिक्षा, जिला संयोजक, सहकारिता, अल्प संख्यक पिछडा वर्ग कल्याण को ए ग्रेड में आने पर प्रोत्साहित किया और खाद्य, आरटीओ तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मेहनत कर टॉप फाइव में आने के लिए प्रोत्साहन दिया। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में सी ग्रेड में रहने पर छिबौरा और बरहना जूनियर इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। पशुपालन विभाग की समीक्षा में वेटनरी सर्जन सोहावल संदीप शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। श्रम विभाग की शिकायतों की समीक्षा में जनपद पंचायत उचेहरा के लिपिक आनंद ताम्रकार और जनपद सोहावल के एपीओ अभिषेक त्रिपाठी का एक सप्ताह का वेतन काटने निर्देशित किया। श्रम विभाग की शिकायतों में सहायक श्रम आयुक्त और श्रम निरीक्षक अनुराग सिंह को एक हफ्ते का वेतन काटने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## कई अधिकारियों को नोटिस तो कईयों के काट दिये वेतन



## नागौद और उचेहरा सीएमओ को थमाई नोटिस

नागौद जनपद में आवास मिशन की वीसी, मझगवां, कोटर में कम्प्यूटर आपरेटर का एक हफ्ते का वेतन काटने का नोटिस, आबकारी विभाग रामपुर बघेलान में विक्रमादित्य पाण्डेय और राकेश अवधिया को शोकाज नोटिस, नगर पंचायत नागौद और उचेहरा सीएमओ को 50 दिवस से अधिक की शिकायतों में संतुष्टिपूर्ण निराकरण नहीं करने पर नोटिस, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बीएमओ नागौद, मझगवां, उचेहरा, जिला चिकित्सालय में एकाउंटेन्ट लखनलाल गुप्ता, पंचायत विभाग की समीक्षा में मझगवां, उचेहरा के पीसीओ, पीएम आवास में नागौद के बीसी कृष्ण कुमार मिश्रा का एक सप्ताह का वेतन काटने नोटिस, स्वच्छ भारत मिशन में नागौद बीसीएम पूर्णिमा बागरी, मझगवां अशोक परौहा और मनरेगा में एपीओ मझगवां रामजी सिंह को एक सप्ताह की वेतन काटने की नोटिस देने के निर्देश दिये। सामान्य प्रशासन विभाग की शिकायतों में नगर पंचायत कोटर, उचेहरा, बिरसिंहपुर, रामपुर बघेलान और जनपद मझगवां के कम्प्यूटर आपरेटर को नोटिस जारी करने निर्देशित किया। सामाजिक न्याय विभाग में रामपुर बघेलान की समग्र अधिकारी रोशनी कुशवाहा और नागौद की समग्र विस्तार अधिकारी का एक सप्ताह का वेतन काटने की नोटिस जारी होगी। सूचना प्रोद्योगिकी में नागौद जनपद के अजीत और नगर निगम के दीपक, विकास खरे को वेतन काटने की नोटिस दी जायेगी। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में कार्यपालन यंत्री बीआर सिंह को कारण बताओ नोटिस तथा रामपुर बघेलान और मझगवां के एसडीओ लोक निर्माण का एक-एक हफ्ते का वेतन काटने के निर्देश दिये गये हैं। कृषि विभाग में उप संचालक कृषि को नोटिस तथा एसएडीओ राजललन बागरी का एक हफ्ते का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।

### जिला प्रबंधक पंकज बोरसे का कटेगा एक सप्ताह का वेतन

नागरिक आपूर्ति निगम की भुगतान संबंधी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण नहीं करने पर जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे की एक सप्ताह की वेतन काटने की नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम अभी सी श्रेणी में है। 13 अगस्त तक ग्रेडिंग में सुधार नहीं हुआ तो जिला प्रबंधक की वेतन काट दी जायेगी।

**तहसीलदारों को एक वार्शिक वृद्धि रोकने नोटिस :** राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि नागौद अनुभाग के तीनों तहसीलदारों की एक हफ्ते की वेतन काटी जा चुकी है। अभी भी सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित तीनों तहसीलदारों की एक वेतन वृद्धि रोकर वार्षिक चरित्रावली में प्रतिकूल टिप्पणी अंकित की जायेगी। कलेक्टर ने रामपुर बघेलान तहसीलदार को एक हफ्ते की वेतन काटने की नोटिस जारी करने और बिरसिंहपुर, कोठी, कोटर तहसीलदार को 3 दिवस में सुधार लाने की नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये है। कलेक्टर ने रामपुर बघेलान और नागौद के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। मार्कफेड में विभाग के डी श्रेणी में रहने पर जिला प्रबंधक मार्कफेड को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

# सदन में सांसद गणेश सिंह ने राष्ट्रीय खेल विधेयक का किया समर्थन



**जागरण, सतना।** सतना से भारतीय जनता पार्टी के सांसद गणेश सिंह ने सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना की और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। अपने सात मिनट के भाषण में सांसद गणेश सिंह ने इन विधेयकों का पुरजोर समर्थन करते हुए विपक्ष के रवैये को गैर.जिम्मेदाराना और संसदीय प्रक्रिया को बाधित करने वाला करार दिया।

## केंद्र की नीतियों की प्रशंसाएं विपक्ष की आलोचना

सांसद गणेश सिंह ने अपने भाषण में कहा कि विपक्ष पूरी तरह से गैर.जिम्मेदाराना रवैया अपनाकर संसद को बाधित कर रहा है और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर अनैतिक रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। सांसद ने विशेष रूप से बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कथित वोटर डेटा हेरफेर के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे और संसद से अनुपस्थिति की आलोचना कीए जिसके चलते ये विधेयक बिना व्यापक बहस के ध्वनि मत से पारित हुए।

## खेल विधेयक पर समर्थन और पीएम मोदी की सराहना

गणेश सिंह ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 को खेल क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार करने और खेल प्रशासन में पारदर्शिताए जवाबदेही और वैश्विक मानकों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई ष्खेलो इंडियाष् पहल और 2018 में मणिपुर में स्थापित पहले खेल विश्वविद्यालय की सराहना की। सांसद ने कहाए मैं पीएम नरेंद्र मोदी का आभारी हूंए जिनके नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम शुरू हुए और मणिपुर में देश का पहला खेल विश्वविद्यालय खोला गयाए जिसके परिणामस्वरूप हमारे खिलाड़ी ओलंपिक में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

# हेमू कालानी पार्क में मातृशक्ति करेगी ध्वजारोहण



## शोभायात्रा में रक्तदान जागरुकता की झांकी होगी शामिल

**जागरणर, सतना।** सिन्धु विकास समिति की विशेष बैठक 10 अगस्त रविवार को संस्थाध्यक्ष विनोद गेलानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संस्था के संरक्षक गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में नारायण मुक्तिधाम एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करने वं विश्व हिंदू परिषद द्वारा जन्माष्टमी पर निकलने वाली शोभायात्रा में रक्तदान जागरूकता झांकी शामिल करने पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। संस्था की मीडिया प्रभारी अमित कामरानी ने जानकारी देते हुए बताया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिन्धी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालानी पार्क परिसर में प्रातः 8: 15 बजे श्रीमती समीक्षा छतानी के मुख्य अतिथि एवं श्रीमती स्वाती मंघनानी की अध्यक्षता एवं श्रीमती कोमल आडवाणी डॉ. टिंकल वाधवानी डॉरूहर्षा रमानी जी डॉ. काजल बजाज जी के विशिष्ट अतिथि में ध्वजारोहण किया जाएगा । एवं 16 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकलने वाली शोभा यात्रा में रक्तदान जागरूकता झांकी शामिल करने का भी निर्णय सर्वसमिति से लिया गया। बैठक में संरक्षक गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी उपाध्यक्ष इंद्रलाल आडवाणी मंत्री संजय वाधवानी सहमंत्री गंगाराम सचदेव रंजीत सेनानी केशव माखीजा मनीष सदानी विजय जग्यासी अशोक चांदवाणी अमित कामरानी राजकुमार साधवानी समाजसेवी पहलाजराय भावनानी किशोर वलेचा एवं कई समाजसेवीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नगर निगम 14 को विशाल तिरंगा यात्रा का करेगा आयोजन



## महापौर व निगमायुक्त ने बैठक लेकर बनाई रणनीति

**जागरण, सतना।** 14 अगस्त 2025 को समय सायं 04 बजे ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर पालिक निगम सतना द्वारा किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्र 02 से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रण्01 पर समाप्त होगी।

### तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने ली गई बैठक

इस ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा की व्यवस्थाओं एवं इसे ऐतिहासिक बनाने बैठक आहूत की गई। बैठक में निर्देशित किया गया है कि रैली में सभी निगम कर्मी सम्मिलित होंगे एवं रैली के दौरान पूर्ण अनुशासन में रहेंगे। सभी राष्ट्रध्वज को रैली के दौरान पूरे सम्मान के साथ रैली मार्ग में ले जाएगें। योगेश कुमार ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना ने नगर के गणमान्य नागरिकों सभी राजनैतिक गैर राजनैतिक संगठनों, सामाजिक संगठनों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करें।

# समाज ने किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया : विनीता




**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था भारतीय सिंधू सभा सतना की विशेष बैठक महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी जी के मुख्यआतिथ्य एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी जी की अध्यक्षता में 10 अगस्त रविवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित अमर शहीद हेमू कालानी पार्क परिसर में आयोजित की गई बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं संरक्षक गोपी गेलानी प्रांतीय कार्य सदस्य श्री विजय जगयासी मनोहर आरतानी युवा शाखा प्रदेश मंत्री देवेंद्र सत्यवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री ने बताया बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम आए हुए अतिथियों का संस्था के पदाधिकारियो से पुष्प गुलदस्ता देकर स्वागत करवाया गयास। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी जी ने आए हुए सभी सम्मानीय जनो का शब्दों से स्वागत करते हुए संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रम 24 अगस्त को अखण्ड भारत सिंध स्मृति दिवस एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किए जाने की चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विनीता भावनानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारत पाक विभाजन के समय हमारे बड़े बुजुर्गों ने काफी कठिनाइयां झेलने के बाद भी किसी के सामने हाथ नहीं फैलाया आज हम जो हैं अपने बुजुर्गो के श्रेष्ठ संस्कारों की बदौलत से हैं।

# अमर कछवाह को पितृ शोक, गांधी सब्जी बाजार के व्यापारियों ने संवेदना व्यक्त की



**जागरण, सतना।** कृषि उपज फ्ल मण्डी के वरिष्ठ फ्ल व्यवसायी व आम आदमी पार्टी के नेता अमर कछवाह जी के पूज्य पिता ;फ्ल सब्जी व्यापारीद्ध ईदगाह चौक निवासी श्यामलाल कछवाह ;मुन्ना भइयाद्ध का कल एम्स हास्पिटल नागपुर में हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 1ए00 बजे तारा देवी मुक्ति धाम नजीराबाद में किया गया। विर्त्य फ्ल एवं गांधी सब्जी बाजार के व्यापारी अंत्येष्टि कार्यक्रम में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त कीए कि ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में जगह दे एवं परिवारजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करे। संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से संगठन के अध्यक्ष रामप्रताप कुशवाहा लाला, रामदुलारे कुशवाहा, सेवकराम बब्बल, केशवदास झुलवानी, गणेश कछवाहा, संतोष कछवाह, रूबी भाई, राजकुमार अधिचानी, तुमित सेवानीए मुन्ना पंचम, शिवशरण कछवाह, संतोष गाजर वाले, दीनू कछवाह, रमेश, पंकज झुलवानी, लखन, घनश्याम कछवाह, सौरभ, मंटू अग्रवाल, भरत सूरज कछवाह आदि सैकड़ों फ्ल सब्जी व्यवसायी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विन्ध्य फ्ल सब्जी विक्रेता संघ के सचिव गणेश कछवाहा ने दी।

# अधिवक्ता संघ मैहर ने मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



**जागरण, अमदरा।** अधिवक्ता संघ मैहर के द्वारा कलेक्टर महोदया मैहर को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन में कहा गया है कि जिला सतना अंतर्गत जो गांव पहले आते थे वो गांव वर्तमान में सभी ग्राम आनंदगढ़ आमीन धोबाहट मुकुंदपुर परसिया एवं पपरा जिला मैहर में आते हैं जिन्हें पृथक कर रीवा जिले में सम्मिलित करने के संबंध में भू अभिलेख जिला मैहर के पत्र क्रमांक 212 भू अभिलेख अभिलेख 2025 मैहर दिनांक 7 जुलाई 2025 के निहित निर्देशानुसार प्रस्ताव पारित करवा जाने के संबंध में कार्यवाही की जा रही है जिसका मैहर जिला अधिवक्ता संघ विरोध करता है इस ज्ञापन में माध्यम से मुख्यमंत्री से जानकारी देना चाहते हैं कि उपरोक्त गांवो को मैहर जिले में ही रखा जाए नहीं तो जिला अधिवक्ता संघ मैहर समूचे जिले की अधिवक्ताओं के साथ और आमजन मानस के साथ मिलकर जन आंदोलन के रूप में इस मांग को पूरी करने हेतु बाध्य होगा।

# झण्डा फहराकर राज्यमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान में निभाई सहभागिता



**जागरण, सतना।** राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने राजेन्द्र नगर स्थित अपने निवास में तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता निभाई। इसी प्रकार राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी नगर पंचायत कोठी और ग्राम पंचायत शिवराजपुर में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रम में शामिल हुई। सर्वप्रथम ग्राम पंचायत शिवराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में सीएम राइज विद्यालय से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए पुनः सीएम राइज स्कूल पहुंचकर संपन्न हुई। इसी प्रकार नगर पंचायत कोठी में अग्रवाल वाटिका से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह मूर्ति स्थल बस स्टैण्ड, चौक बाजार, किला रोड तथा बघेलन टोला होते हुए पुनः अग्रवाल वाटिका पहुंचकर संपन्न हुई।

# कलेक्टर ने भी खरीदा तिरंगा



**सतना।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा ध्वज की सहज उपलब्धता के लिए मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की दीदीयों ने कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत में तिरंगा वितरण स्टाल लगाये हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सहित जिला अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर के स्टाल में पहुंचकर स्व सहायता समूह की दीदीओं से तिरंगा और फ्लैग पोस्ट नकद भुगतान कर खरीदा। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से अपील की है कि इन स्टालों से अपनी आवश्यकतानुसार तिरंगा क्रय कर तिरंगा रैली की सायकल यात्रा में शामिल हो। इसी प्रकार 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तृतीय चरण में कार्यालय, घर एवं प्रतिष्ठानों में तिरंगा लगाकर अभियान में सहभागी बने। कलेक्ट्रेट परिसर में आजीविका मिशन के तहत गठित श्रृद्धा संकुल स्तरीय संगठन सोहावल की दीदीओं द्वारा तिरंगा वितरण स्टाल लगाया गया है।

# रात्रि दृश्यता बढ़ाने यातायात पुलिस ने लगाये रिफलेक्टर



**जागरण, सतना।** उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय खरे के निर्देशन एवं थाना प्रभारी यातायात पंकज शुक्ल के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शहर के प्रमुख चौराहों एवं मुख्य मार्गों के डिवाइडरों पर नाइट विजुअलिटी रात्रि दृश्यता बढ़ाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इन रिफ्लेक्टरों के लगने से रात के समय या कम रोशनी की स्थिति में वाहन चालकों को डिवाइडरों की स्पष्ट पहचान हो सकेगी जिससे दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी और यातायात और भी सुचारू रूप से संचालित होगा। थाना प्रभारी यातायात पंकज शुक्ल ने बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन स्थानों पर की गई है जहाँ रात के समय दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती थी। आगामी समय में शहर के अन्य मार्गों पर भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उप पुलिस अधीक्षक यातायात ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित गति से वाहन चलाएं और सड़क सुरक्षा में पुलिस का सहयोग करें।

# कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक सम्पन्न



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए एवं योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सही समय पर पहुंचे। उन्होंने अवैध परिवहन की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने और कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु स्थापित चेक पोस्ट की प्रभावशीलता की समीक्षा की गई और निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन पर कार्यवाही की जानकारी ली। डुप्लिकेट और समय पर ई.केवाईसी से संबंधित प्रगति पर विभागीय समीक्षा की। पेंशन, समग्र रजिस्ट्रेशन, बीज, खाद वितरण जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। और राजस्व एवं वन अधिकार पत्र से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सीएमओ नगर परिषद को सीएम हेल्पलाइन, ईकेवाइसी की प्रगति एवं लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार परिवहन अधिकारी डिंडौरी को सीएम हेल्पलाइन एवं नियमित रूप से यात्रीबसों में नियमित निरीक्षण, फिटनेस प्रमाण पत्र जांच कर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण एवं अन्य खनन से संबंधित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने पीएचई कार्यपालन यंत्री श्री अफजल इमाम उल्ला खान को सौंपे गए छात्रावास की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निर्वहन करने एवं छात्रावास में आवश्यकता के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए है।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने राजस्व प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने हेतु एसडीएम, तहसीलदार को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त सीईओ को इे-केवाइसी, समग्र आईडी, आधार कार्ड, राहत प्रकरण, अतिवृष्टि/बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि, सर्पदंश के प्रकरण एवं पोर्टल इनरोलमेंट, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की विस्तृत समीक्षा की गई।

# पुण्य स्मृति में जिला अस्पताल को प्रदान की गई व्हीलचेयर



**जागरण, सतना।** स्वर्गीय ओम मिश्रा की पुण्य स्मृति पर उनके भाई ओमकार मिश्रा ने जिला अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर दान कर एक सराहनीय पहल की। इस अवसर पर स्वर्गीय ओम मिश्रा के चाचा रामभरोसी मिश्रा भी मौजूद रहे।इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि अस्पताल में आने वाले कई मरीज चलने.फिरने में असमर्थ होते हैं और व्हीलचेयर उनके लिए बड़ी सहूलियत प्रदान करती है। ऐसे में यह दान न केवल मरीजों की तत्काल जरूरत को पूरा करेगा बल्कि स्वर्गीय ओम मिश्रा की स्मृति को भी लंबे समय तक जीवंत रखेगा।लोगों ने ओमकार मिश्रा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि किसी प्रियजन की पुण्यतिथि पर समाजहित का कार्य करना एक प्रेरणादायी उदाहरण है जो अन्य लोगों को भी समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करेगा।

वर्ष 72 ⏩ अंक 315 ⏩ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 12 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
नगर ⏩ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हर दिन का आकलन उस फसल से मत करो जो तुम काटते हो, बल्कि उन बीजों से करो जो तुम बोते हो।
-रॉबर्ट लुई स्टीवेन्सन

**ऑफ बीट**

## सात साल लाश के साथ सोया डॉक्टर



*लोग प्यार में क्या-क्या नहीं करते। कई बार तो मामला खून-खराबे तक पहुंच जाता है, लेकिन एक डॉक्टर प्यार की सनक में 7 साल तक लाश के साथ सोता रहा। इस डॉक्टर का नाम कार्ल टैंजलर है। इसका जन्म जर्मनी में हुआ था लेकिन बाद में नौकरी के लिए अमेरिका चला आया था। यहां उसे टीबी की एक मरीज ऐलेना से प्यार हो गया। डॉक्टर इलाज के लिए उसके घर जाता था। कुछ समय बाद ऐलेना की मौत हो गई। इसके बाद से ही डॉ. कार्ल की सनक भरी हरकतें शुरू हो गईं। कार्ल ने ऐलेना के माता-पिता की इजाजत से उसकी मकाननुमा कब्र बनवाई। इसमें एक गेट भी था जिसकी चाबी सिर्फ कार्ल के पास रहती थी। करीब 2 साल तक वो रात में कब्र के अंदर सोने जाता रहा। इसके बाद डिकंपोज बॉडी घर ले आया और उस पर मोम लगा कर गुडिया जैसा आकार दे दिया। लाश से बदबू न आए इसके लिए महंगे परफ्यूम इस्तेमाल करता रहा और करीब 7 साल गुजर गए।*

### संसद से चुनाव आयोग तक विपक्ष का मार्च: राहुल-प्रियंका, अखिलेश गिरफ्तार, 2 घंटे बाद छोड़ा

# विपक्ष का नया गणित: एसआईआर=लोकतंत्र पर वार, एसआईआर+वोट चोरी=लोकतंत्र की हत्या

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद से चुनाव आयोग तक 'वोट चोरी' और बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ निकाले गए विपक्षी दलों के मार्च को दिल्ली पुलिस ने बीच रास्ते में रोक दिया। इस दौरान नारेबाजी, बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने सभी सांसदों को हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाने ले जाया, बाद में रिहा कर दिया। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सांसद सोमवार को संसद के मकर द्वार से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकालने निकले थे। उनके सिर पर सफेद टोपी थी जिस पर लाल क्रॉस के साथ लिखा था- 'एसआईआर' और 'वोट चोरी'। हाथों में बैनर और तख्तियां थीं जिन पर लिखा था- 'एसआईआर+वोट चोरी= लोकतंत्र की हत्या' और 'एसआईआर- लोकतंत्र पर वार'। मार्च शुरू करने से पहले सांसदों ने राष्ट्रगान गाया और 'एसआईआर पर चुप्पी क्यों?' जैसे नारे लगाए। आरोप था कि आयोग और केंद्र की मिलीभगत से मतदाता सूची में गड़बड़ी की जा रही है ताकि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मताधिकार छीना जा सके।



**महुआ, मिताली बाग हुई बेहोश** | इसी दौरान गर्मी और भीड़ के बीच महुआ मोइत्रा और मिताली बाग बेहोश हो गईं। राहुल गांधी ने उन्हें पानी पिलाया और संभाला। पुलिस ने सभी सांसदों को बसों में बैठाकर संसद मार्ग थाने ले गई, जहां से बाद में छोड़ दिया गया।

**विपक्ष के तीखे बोल**

"यह लड़ाई सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि संविधान को बचाने की है। यह 'वन मैन, वन वोट' के अधिकार और शुद्ध मतदाता सूची के लिए है।
● **राहुल गांधी**

भाजपा की कायराना तानाशाही अब नहीं चलेगी। इंडिया गठबंधन इस साजिश को संसद और सड़क पर बेनकाब करेगा।
● **मल्लिकार्जुन खड़गे,** कांग्रेस अध्यक्ष

वे डरे हुए हैं और इस सच का सामना नहीं करना चाहते हैं कि वोट चोरी को जनता समझा चुकी है। ● **प्रियंका गांधी**

"भाजपा चोरी छिपाना चाहती है। प्रधानमंत्री तो कभी सामने आते नहीं, सरकार की तरफ से दो चार मंत्री सामने आकर इनके साथ विचार विमर्श करते तो रास्ता निकल आता, लेकिन इनको चोरी छिपानी है। राहुल गांधी ने जो मुद्दे उठाए हैं, उसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है।
● **उद्धव ठाकरे**
शिव सेना (यूबीटी) प्रमुख

मार्च से पहले जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सभी विपक्षी सांसदों के एक साथ मिलने की अनुमति मांगी थी। आयोग ने 30 सांसदों को बुलाने की अनुमति दी। इसे विपक्ष ने ठुकरा दिया। चुनाव आयोग के रुख को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने संसद से आयोग के बीच कई जगह बैरिकेड लगा दिए और लाउडस्पीकर से घोषणा की कि केवल 30 लोग आगे जा सकते हैं। लेकिन राहुल गांधी समेत सभी सांसद साथ बढ़ते रहे। मार्च में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव (सपा), संजय राऊत (शिवसेना-यूबीटी), डेरेक ओ'ब्रायन (टीएमसी), टीआर बालू (डीएमके), वाम दलों और आरजेडी के कई सांसद मौजूद थे।

**बीच रास्ते में रोका गया मार्च:** संसद से निकले मार्च को ट्रांसपोर्ट भवन के पास रोका गया। इस दौरान कई सांसद सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। महिला सांसदों- महुआ मोइत्रा, कांग्रेस की संजना जातव और जोथिमणि ने बैरिकेड पार करने की कोशिश की। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी बैरिकेड पर चढ़ गए।

**अमिताभ ठाकुर का शपथपत्र**

पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इस मामले में चुनाव आयोग को शपथपत्र सौंपते हुए जांच की मांग की है। अमिताभ ने सोमवार को चुनाव आयोग को सात बिंदुओं से बंधा एक नोटरी शपथ पत्र सौंपा। इस शपथ पत्र में उन्होंने राहुल गांधी की ओर से लगाए गए आरोपों की सख्ती के साथ जांच की मांग की है।

## एक सितंबर से वॉशिंगटन डीसी के लिए उड़ान निलंबित करेगी एयर इंडिया



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एयर इंडिया ने सोमवार को घोषणा की है कि 1 सितंबर से दिल्ली और वॉशिंगटन डीसी के बीच सीधी उड़ान सेवाएं निलंबित की जाएंगी। एयरलाइन ने बताया कि यह निर्णय कई परिचालन कारणों के चलते लिया गया है, ताकि संपूर्ण रूट नेटवर्क की विश्वसनीयता और संचालन की अखंडता बनी रहे। एयर इंडिया के आधिकारिक बयान के अनुसार, इस निलंबन का मुख्य कारण बोइंग 787-8 विमान बेड़े में चल रहा बड़ा रेट्रोफिट कार्यक्रम है। पिछले महीने से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट के तहत 26 विमानों को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर ग्राहक अनुभव के लिए अपग्रेड किया जा रहा है। इसके चलते लंबे समय तक कई विमान एक साथ सेवा से बाहर रहेंगे, और यह स्थिति 2026 के अंत तक बनी रह सकती है। इसके अलावा, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के लगातार बंद रहने से लंबी दूरी की उड़ानों का संचालन जटिल और महंगा हो गया है, क्योंकि उड़ानों को लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है। एयर इंडिया ने कहा कि 1 सितंबर के बाद वॉशिंगटन डीसी के लिए बुकिंग कराने वाले यात्रियों से संपर्क किया जाएगा और उन्हें वैकल्पिक यात्रा विकल्प दिए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला: पंजीकरण नहीं बदला तो बीमा कंपनी करेगी थर्ड पार्टी नुकसान की भरपाई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया है कि अगर वाहन का स्वामित्व हस्तांतरित होने के बावजूद पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) परिवर्तित नहीं किया गया है, तो पंजीकृत मालिक की बीमा कंपनी थर्ड पार्टी को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए बाध्य होगी। सुनवाई के लिए आए मामले में वाहन चालक के पास वाहन का कब्जा था और मालिक ने स्वामित्व हस्तांतरण का अनुबंध भी किया था, लेकिन पंजीकरण औपचारिक रूप से चालक के नाम पर नहीं था। कंपनी ने यह कहते हुए मुआवजे से इनकार किया कि यात्री 'मुफ्त यात्रा' कर रहे थे और स्वामित्व हस्तांतरित हो चुका था।

**यह है मामला:** छत्तीसगढ़ में यह दुर्घटना उस समय हुई, जब कुछ यात्री अपने माल (मछली, सब्जियां आदि) के साथ वाहन में यात्रा कर रहे थे। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल हुए और वाहन चालक से मुआवजा मांगा गया।

"बीमा कंपनी किसी तीसरे पक्ष की मौत या शारीरिक चोट के लिए और वाहन में ले जाए जा रहे सामान के मालिक या उसके प्रतिनिधि के लिए मुआवजा देने के लिए बाध्य है।
● **सुप्रीम कोर्ट टिप्पणी**

## फतेहपुर में मकबरे पर भगवा लहराया, पथराव-तोड़फोड़

**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सोमवार सुबह मंदिर-मस्जिद विवाद के चलते तनावपूर्ण स्थिति बन गई। सुबह बजरंग दल, हिंदू महासभा और अन्य संगठनों के लगभग 2,000 कार्यकर्ता ईदगाह परिसर स्थित 200 साल पुराने नवाब अब्दुल समद के मकबरे पर पहुंचे। हिंदू संगठनों का दावा है कि मकबरा ठाकुरजी का मंदिर है। पुलिस ने पहले से ही बैरिकेडिंग की थी, लेकिन लाठी-डंडों से लैस कार्यकर्ता सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर घुस गए। भीड़ ने मकबरे में तोड़फोड़ की और छत पर चढ़कर भगवा झंडा फहरा दिया। हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने वहां पूजा-पाठ भी किया। इसके बाद लगभग 1,500 मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंच गए और दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा और 10 थानों की फोर्स मौके पर बुलाई गई। शहर काजी सईदुल इस्लाम अब्दुल्ला ने मुस्लिम समुदाय से शांति बनाए रखने की अपील की। तनाव के बीच हिंदू संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मकबरे से 500 मीटर दूर डाक बंगला चौराहे पर इकट्ठा हुए और सड़क जाम कर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। इससे इलाके में यातायात पूरी तरह ठप हो गया। पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कराई।



"पहले से ही फोर्स तैनात थी, लेकिन कुछ अराजक तत्व अंदर घुसने में सफल हो गए जिन्हें खदेड़ दिया गया है। लगाया गया भगवा झंडा हटा दिया गया है और वर्तमान में केवल पुलिसकर्मी स्थल पर मौजूद हैं। ● **अनूप सिंह,** एसपी

### 'पर्यावरण से समन्वय' कार्यशाला में अभियंताओं को मुख्यमंत्री की सीख

## रचनात्मक सोच से निकालें हल, ताकि बना रहे विकास और प्रकृति का संतुलन: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अभियंताओं को अपनी रचनात्मक सोच से ऐसे समाधान निकालने होंगे, जिससे कोई भी निर्माण कार्य या परियोजना पूर्ण करने में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यह गुणवत्ता और लागत के मामले में बेहतर साबित हो, जिससे विकास और प्रकृति का संतुलन बना रहे। मुख्यमंत्री सोमवार को रविन्द्र भवन में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इसमें कई तकनीकी विशेषज्ञों और लोकनिर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि अभियंताओं को किसी भी परियोजना या सड़क व अन्य निर्माण कार्य की योजना बनाते समय इस बात को विशेष ध्यान देना होगा कि इन निर्माण कार्यों को विभागीय दायरे और नियमों के तहत करने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। भारत की प्राचीन निर्माण परंपराएं आज भी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने भोपाल के बड़े तालाब का उदाहरण देते हुए बताया कि यह बिना किसी नदी की मुख्यधारा को रोके, प्राकृतिक चट्टानों के बीच पानी संग्रहित करने की तकनीक से बना था। इसकी संरचना इस तरह है कि अतिरिक्त पानी स्वतः बाहर निकल जाता है और संरचना की लागत भी कम रहती है। सीएम ने कहा कि प्रदेश में आज सड़क निर्माण में वन्यजीव संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पुलों के नीचे अंडरपास बनाए जा रहे हैं, जिससे बाघ और अन्य जानवर सुरक्षित रूप से गुजर सकें।



*कार्यक्रम के दौरान सीएम को रानी दुर्गावती की प्रतिमा भेंट करते लोक निर्माण मंत्री।*

**4 दिन में सुधरेंगे गड्ढे**

इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोकपथ मोबाइल ऐप से सड़क मरम्मत व्यवस्था सुदृढ़ की है। पहले गड्ढों की मरम्मत की समय-सीमा 7 दिन थी, इसे घटाकर 4 दिन किया जाएगा। अभियंताओं को अन्य राज्यों में भेजकर बेहतर तकनीकों का अध्ययन कराया गया है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मारी बाइक को टक्कर, पांच की मौत



**जागरण, अनूपपुर।** जिले के रामनगर थाने में भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सामने से आ रहे दो पहिया वाहन को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर से दो पहिया वाहन चालक सहित कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया है। सोमवार सुबह 10 बजे रामनगर थाने के रेऊंदा गांव में कोतमा से बेलिया जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को कुचल दिया।

हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक चालक का चेहरा पहचानना मुश्किल हो गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो पलटते हुए एक निर्माणाधीन मकान में जा घुसी। कार में 9 लोग सवार थे, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हैं।

रामनगर टीआई सुमित कौशिक ने बताया कि सोमवार की सुबह स्कॉर्पियो सवार कोतमा से झिरिया टोला की तरफ आ रहे थे। वहीं बाइक सवार युवक झिरिया टोला से कोतमा की ओर जा रहा था। नेशनल हाईवे 43 पर झिरिया टोला के पास कार अनियंत्रित हो गई। बाइक को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन मकान में जा घुसी। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बाइक सवार अमित चौधरी सहित कार सवार सौरभ प्रधान, पुष्पेंद्र घासी, शुभम चौधरी, राहुल केवट शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सभी युवक पिकनिक मनाने जा रहे थे। सुबह 8 बजे सभी अपने घर से निकल गए थे और पिकनिक की तैयारी कर रहे थे। इसके बाद जाने के दौरान रास्ते में हादसा हो गया।

### बिगड़े बोल: भाइयों से बंदूक मांगने की वकालत


## संविधान नहीं मानते, तो शरिया के हिसाब से मिले सजा : ऊषा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कथित 'लव जिहाद' को लेकर भाजपा विधायक ऊषा ठाकुर का बयान फिर सुर्खियों में है। उन्होंने बहनों से कहा कि वे रक्षाबंधन में अपने भाइयों से साड़ी की बजाय तलवार, रिवॉल्वर या 12 बोर की बंदूक की मांग करें। जिससे वह स्वयं अपनी रक्षा कर सकें।

इंदौर में पूर्व मंत्री ठाकुर ने कहा कि जो संविधान में विश्वास नहीं करते हैं, उन्हें शरिया के हिसाब से सजा मिलनी चाहिए। जैसे बलात्कारी का हाथ, आंखें और प्रजनन अंग काट देना चाहिए और उसे जीवनभर तड़पने के लिए सड़कों पर छोड़ देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 'लव जिहाद मामले में फरार अनवर कादरी को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए।' विधायक ने भोपाल के यासीन मछली का जिक्र करते हुए कहा कि जिन पर बलात्कार का आरोप है, ऐसे आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन होना चाहिए। भाजपा नेत्री ने कहा कि वो जहां भी जाती हैं, बहनों से कहती हैं कि ऐसा व्यक्तित्व विकसित किया जाना चाहिए कि भाई और पिता को चिंता न करना पड़े।



# लापता अर्चना तिवारी का कोई सुराग नहीं

**मोबाइल की अंतिम लोकेशन के आधार पर नर्मदा नदी में सर्चिंग अभियान शुरू**

**आरपीएफ व रेल पुलिस ने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया**



**जागरण, कटनी**

इंदौर से कटनी के बीच नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान रहस्यमय तरीके से लापता उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर निवासी युवती अर्चना तिवारी का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। उधर दूसरी तरफ अर्चना के मोबाइल की अंतिम लोकेशन इटारसी भोपाल के बीच स्थित नर्मदा नदी पुल आने के बाद पुलिस ने होमगार्ड व एनडीआरएफ टीम के माध्यम से नर्मदा नदी में भी तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। होमगार्ड व एनडीआरएफ की टीम नर्मदा नदी के खर्राघाट में लगातार सर्चिंग करते हुए लापता अर्चना तिवारी की तलाश में जुटी हैं। वहीं आरपीएफ व जीआरपी के द्वारा भी रेलट्रैक के आसपास जंगल में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा इंदौर से इटारसी के बीच पड़ने वाले स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

गौरतलब है कि उपनगरीय क्षेत्र मंगलनगर निवासी स्वर्गीय शरद नारायण तिवारी की 28 वर्षीय पुत्री अर्चना तिवारी इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही है। अर्चना रक्षाबंधन पर्व पर घर आने बीती 7 अगस्त को इंदौर से कटनी आने गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस की बी-3 कोच में सवार हुई लेकिन दूसरे दिन वह घर नहीं पहुंची। सफर के दौरान ट्रेन के भोपाल पहुंचने पर उसकी चाची से भी बात हुई थी। ट्रेन के कटनी आने तथा अर्चना के घर न पहुंचने पर चिंतित परिजनों ने उसकी खोजखबर लेना शुरू किया तो उमरिया स्टेशन में अर्चना का बैग बर्थ पर ही रखा मिला। इस दौरान अर्चना का मोबाइल भी बंद मिला। जिसके बाद परेशान परिजनों के द्वारा इसकी सूचना सिटी पुलिस, रेल पुलिस व आरपीएफ को दी गई। पुलिस ने भी लापता अर्चना की तलाश शुरू की तो उसके मोबाइन की लास्ट लोकेशन इटारसी-भोपाल के बीच स्थित नर्मदा नदी के पुल पर मिली। जिसके कारण सफर के दौरान चलती ट्रेन से नदी में गिरने की आशंका को लेकर पुलिस के द्वारा होमगार्ड व एनडीआरएफ की मदद से नर्मदा नदी में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं आरपीएफ व जीआरपी के द्वारा नर्मदा पुल के आसपास जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बहरहाल सफर के दौरान रहस्यमय तरीके से लापता अर्चना तिवारी के संबंध में अब तक कोई जानकारी पुलिस के हाथ नहीं लगी है।

# हर घर तिरंगा अभियान के प्रति लोगों में दिखा उत्साह



**कटनी।** हर घर तिरंगा अभियान के प्रति कटनी जिले के लोगों में भारी उत्साह है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों की अगुवाई और आमजन की सहभागिता से हर घर तिरंगा अभियान संचालित हो रहा है। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में परियोजना बड़वारा में हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। अभियान के तहत विकासखण्ड रीठी के शासकीय माध्यमिक शाला मुहांस में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा ग्राम में तिरंगा रैली निकाली गई। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैगवा में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को सैन्य अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों को पत्र लेखन कि कला से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें उच्च अधिकारियों को विपत्ति के समय पत्र लिखना आदि सिखाया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान में भागीदार बनें : कलेक्टर

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिलेवासियों से हर घर तिरंगा अभियान 2025 में पूरे उत्साह, गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की है। यह अभियान 15 अगस्त 2025 तक चलेगा। यह देश की स्वतंत्रता और एकता का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव हैए जो हमारे गौरवशाली राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे की भावना से ओत प्रोत है। उल्लेखनीय है कि यह अभियान वर्ष 2022 में आजादी का अमृत महोत्सव के अहम भाग के रूप में शुरू हुआ। यह अभियान अब एक शक्तिशाली जन आंदोलन बन चुका है जिसमें सभी सहभागी बन रहे हैं। इसका लक्ष्य प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को प्रगाढ़ करना है। तिरंगा एक अद्वितीय और सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में एक शक्तिशाली एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करता है। यह अभियान प्रभावी ढंग से देशवासियों में अपनेपन की सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है।

**अभियान की प्रमुख गतिविधियाँ :** हर घर तिरंगा अभियान में 9 अगस्त से 12 अगस्त तक लोगों के बीच सामुदायिक जुड़ाव और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें तिरंगा महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा रैलियाँ प्रमुख रूप से आयोजित की जाएंगी। अंतिम चरण 13 से 15 अगस्त तक व्यक्तिगत स्तर पर देशभक्ति के प्रदर्शन पर केंद्रित रहेगा।

## निर्वाचक नामावली के कार्य हेतु राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ता बीएलए होंगे नियुक्त

**शहडोल।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा निर्वाचक नामावली की तैयारी और पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी बीएलए-2 की नियुक्ति के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसाधित फार्म प्रेषित किया गया है।


## कार्यालय वन मंडल अधिकारी सीधी, जिला सीधी (मप्र)

कोतवाली रोड सीधी, जिला - सीधी 486661 (मध्य प्रदेश) E-Mail:- dfot.sdh@mpgov.in Ph. 07822-252235

क्र./भंडार/निविदा/6272 सीधी, दिनांक 08/08/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वन मंडल अधिकारी सीधी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में वन मंडल अंतर्गत शासकीय कार्यों में उपयोग हेतु आवश्यक सामाग्री की आपूर्ति हेतु एमपी ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। सामाग्री का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | सामग्री का विवरण | एमपी, ई-टेंडर क्रमांक | पोर्टल पर प्रकाशन तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | सोलर ऑफ ग्रिड सिस्टम कार्य | 2025_MPFD_443335_1 | 08.08.2025 |
| 2. | कैनन फोटोकॉपी मशीन प्रदाय | 2025_MPFD_443339_1 | 08.08.2025 |

उपरोक्त ई-निविदाएं एमपी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्रकाशित किया जावेगा। ई-निविदा संबंधी समस्त जानकारी जैसे शर्तें, दस्तावेज, तकनीकी विवरण आदि पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें वहां से देखा, पढ़ा व डाउनलोड किया जा सकता है। ई-निविदा में संशोधन/शुद्धिपत्र आदि भी पोर्टल के माध्यम से ही प्रकाशित किए जाएंगे, पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जाएगा।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता/संस्थान/फार्म निविदा पोर्टल अनुसार निर्धारित तिथि तक संबंधित सामग्री की आपूर्ति हेतु एमपी ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

**जी-17119/25**

**वन मंडल अधिकारी**
**वन मंडल सीधी ( मप्र )**



## कार्यालय नगर परिषद् हनुमना, जिला-मऊगंज (म.प्र.)

Email Id.-cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक / 644...../निविदा सूचना/न.परि./2025-26 हनुमना, दिनांक 4/8/25

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण-सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि वर्ष 2025-26 हेतु नीचे कॉलम में वर्णित सामग्रियों की दरों की आवश्यकता ई-टेंण्डरिंग के माध्यम से है, इच्छुक सप्लॉयर वेवसाईड पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (पृथक-पृथक) दिनांक-07/08/25 को प्रात: 10:30 बजे से दिनांक-22/08/25 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकेगें, विस्तृत निविदा सूचना, सामग्री की सूची तथा अन्य जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in पर देखी जा सकती है, विवरण निम्नानुसार हैं:-

| टेंण्डर सिस्टम नंम्बर | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि का एफ.डी.आर. | सामग्री की मात्रा | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_ _442807_1 | मुख्यमंत्री शहरी जल प्रदाय योजना संधारण कार्य में लगने वाली सामग्री। | 15,00000=00 | 11300=00 | आवश्यकतानुसार | 2000=00 |
| 2025_UAD_ _442808_1 | गोरमा फिल्टर प्लांट में संचालन संधारण हेतु केमिकल की दर। | 20,00000=00 | 15000=00 | आवश्यकतानुसार | 2000=00 |

**( अरूण कुमार त्यागी )**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् हनुमना,
जिला-गऊगंज (म.प्र.)


# पीएम आवास आवंटित होने के बावजूद खाली नहीं कर रहे थे जर्जर आवास, मकान मालिक ने की शिकायत



**कटनी।** कोतवाली थानांतर्गत अल्फर्टगंज में नगर निगम कर्मियों के साथ मकान खाली कराने पहुंची पुलिस टीम से विवाद और नाबालिग से कथित मारपीट के मामले में नया तथ्य सामने आया है। जानकारी के अनुसार उक्त मकान मीना शाहीन के नाम पर है जिसमें किराएदार के रूप में शकीला निवास कर रहीं थी। मकान का एक हिस्सा जर्जर होने के कारण नगर निगम ने मीना शाहीन को 9 जुलाई को पत्र क्रमांक 2830 जारी कर यह निर्देशित किया था कि तीन दिन के भीतर जर्जर भवन तोड़ कर अलग करें अन्यथा कोई हादसा होने पर उनकी जिम्मेदारी मानी जाएगी। उक्त भवन में शकीला किराएदार के रूप में रह रहीं थी और इसे खाली नहीं करना चाहती थीं। जबकि शकीला के नाम पर 29.98 वर्ग मीटर का प्रधानमंत्री आवास क्रमांक बी 8/304 प्रेमनगर बस्ती खिरहनी में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया जा चुका है। खुद का नया घर होने के बावजूद वे किराए का जर्जर भवन खाली नहीं करना चाहती थीं। दूसरी ओर जर्जर भवन खतरनाक होने और इससे जनहानि होने की आशंका को देखते हुए नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ जब भवन तोड़ने पहुंची तो उस घर में रहने वाली महिलाएं कोतवाली थाना की महिला पुलिस से उलझ गईं। निगम कर्मियों को जर्जर हिस्सा तोड़ना था उस समय घर में नियाजुल निशा और उसकी बड़ी बहन मौजूद थी। उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से घर से बाहर जाने के लिए कहा गया पर वे जाने को तैयार नहीं थीं। जिस पर महिला पुलिस ने उन्हें जबरन बाहर करना चाहा तो वे उनसे उलझ गईं। जिसके बाद पुलिस को सख्ती से उन्हें वहां से हटाना पड़ा। इस संबंध में नगर निगम के अतिक्रमण शाखा के प्रभारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि जर्जर आवास तोड़ने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से आवास के भीतर मौजूद लोगों को घर से बाहर निकालना जरूरी था। नियमों के तहत कार्यवाही हुई हैं।

## रक्षाबंधन विधान का आयोजन धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ सम्पन्न

**कटनी।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में समाधिस्थ प.पू.आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज नवाचार्य श्री 108 प.पू.समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य प.पू.श्री 108 पदम सागर जी महाराज के सानिध्य में रक्षाबंधन विधान का आयोजन बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये बतलाया कि आज के दिन अकम्पनाचार्य रक्षाबंधन मुनिराज के संघ पर आये उपसर्ग को देखकर मुनि विष्णु कुमार ने मुनि पद का छेदन कर मुनि संघ की रक्षा की इसलिए रक्षा पर्व को वासत्यल्य पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व सामाजिक, धार्मिक परम्परा से जुड़ा पर्व है । मुनि श्री ने आगे कहा कि आप आज प्रगति की रक्षा करने का संकल्प ले क्योकि प्रकृति से छेड़छाड़ करने का परिणाम पूरा विश्व भोग रहा है। अत: प्रकृति के साथ सात्विक जीवन जीने का संकल्प ले इस अवसर पर शांतिधारा करने का सौभाग्य प्रवीण कुमार, राकेश कुमार मोदी, मनोज कुमार अंकित जैन, लल्लन परिवार, संजय सिंघई, पुष्कर सिंघई, पं.शैलेन्द्र शास्त्री, अनिल जैन, संजय जैन दमोह कैलाशराज, बल्लू जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज पंचायत, गुरूभक्त मण्डल के साथ भारी संख्या में समाजजनों से शामिल होकर पुण्यलाभ लिया।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है तथा समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदाय की जानी है को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग समय-सीमा के भीतर सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतो के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नाम सुधार सूचना

मैं गुलाबकली देवी मिश्रा पति श्री रामलखन मिश्रा निवासी ग्राम पोस्ट बक्छेरा तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा मध्यप्रदेश की निवासी हूं। शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम फूलमती मिश्रा पति रामलखन तिवारी दर्ज है जो कि गलत है। मेरे वोटर आई डी कार्ड में मेरा नाम गुलाबकली देवी मिश्रा दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम वोटर आई के अनुसार गुलाबकली देवी मिश्रा पति रामलखन मिश्रा दर्ज किया जाय। एवं समस्त अभिलेखों में सही नाम गुलाबकली देवी मिश्रा पति रामलखन मिश्रा लिखा पढ़ा व जाना जाए।

**गुलाबकली देवी मिश्रा**
**पति रामलखन मिश्रा**

आरएन- 84217

## आम-सूचना

''सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा (**प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025**) का आयोजन किया जाना है। उक्त परीक्षा बिना किसी विवाद के संचालित हो सके इस संबंध में मण्डल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर, खंडपीठ इंदौर एवं ग्वालियर म.प्र. के समक्ष केवियट दायर की जा रही है। यदि किसी अन्य द्वारा इस संबंध में माननीय न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की जाती है, तो उसकी एक प्रति बोर्ड के अधिवक्ता (1) श्री राहुल दिवाकर, अधिवक्ता, 751 अग्रवाल कालोनी, जबलपुर (2) श्री कौस्तुभ पाठक अधिवक्ता-102 बी ब्लॉक प्रकृति कार्पोरेट 18/2 वाय.एन. रोड़, इन्दौर एवं (3) श्री विवेक खेडकर अधिवक्ता- विन्चुरकर की गोठ चावडी बाजार लश्कर, ग्वालियर म.प्र. को उपलब्ध कराने का कष्ट करें''

**//विज्ञापन क्रमांक-72/2025//**

म.प्र. माध्यम/121541/2025 **संचालक**


## उत्तर मध्य रेलवे

**खुली निविदा संख्याः JHS-RCNK-M-PAINT-25-26-20**

**निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबधंक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार एलएचबी कोचों के अंडर फेम की स्क्रैपिंग, सफाई और पेंटिंग के साथ-साथ आंतरिक और बाहरी पेंटिंग/विनाइल रैपिंग का कार्य पूरा करना।

**अनुमानित लागतः** ₹ 24,18,35,293.66/- (18% जीएसटी सहित), **अग्रिम राशिः** ₹ 13,59,200.00/-, **कार्य पूरा होने का समयः** छत्तीस महीने, **ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समयः** 01.09.2025 समय 11.00 बजे तक।

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**1420/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

क्रमांक -790/ई-टेंडर/स्व. भा.मि./न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 08.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_443477_1<br>08.08.2025<br>[FIRST CALL]<br>788/08.08.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित स्थानों पर सामुदायिक शौचालय (CT) निर्माण का कार्यः-<br>(1) वार्ड क्रमांक-04 में औद्योगिक क्षेत्र के बगल में खैरा बस्ती,<br>(2) वार्ड क्रमांक-38 में रानी तालाब के पास,<br>(3) वार्ड क्रमांक-08 में आनंद नगर के पास (पूर्व के जर्जर सुलभ शौचालय को तोड़कर),<br>(4) वार्ड क्रमांक-03 में हरिजन बस्ती के पास,<br>(5) वार्ड क्रमांक-09 में डोगरा मंदिर के पास,<br>(6) वार्ड क्रमांक-01 में शिवपुरवा बस्ती।<br>(नोटः स्थल उपलब्धता के आधार पर निर्माण कार्य के दौरान स्थल परिवर्तन किया जा सकता है) | निर्माण अवधि 08 माह (संचालन-संधारण 30 वर्ष) ₹126.78 लाख | ₹12500.00<br>₹63390.00 | 08.09.2025 18:00 बजे तक। |
| 2. | 2025_UAD_443479_1<br>08.08.2025<br>[FIRST CALL]<br>789/08.08.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय (PT) निर्माण का कार्यः-<br>(1) वार्ड क्रमांक-17 में जॉन टॉवर के पास,<br>(2) वार्ड क्रमांक-15 में रतहरा बायपास के पास,<br>(3) वार्ड क्रमांक-26 में एस.ए.एफ. चौक के पास,<br>(4) वार्ड क्रमांक-03 में जे.पी. मोड़ के पास (स्थल उपलब्धता के आधार पर वार्ड क्रमांक-17 में स्थानांतरित किया जा सकता है),<br>(5) वार्ड क्रमांक-32 में गुलबसिया चौराहा के पास,<br>(6) वार्ड क्रमांक-06 में गुप्ता पेट्रोल पम्प के पास (स्थल उपलब्धता के आधार पर वार्ड क्रमांक-17 में स्थानांतरित किया जा सकता है),<br>(7) वार्ड क्रमांक-07 में सुभाष तिराहा के पास (स्थल उपलब्धता के आधार पर वार्ड क्रमांक-06 में मछली मार्केट के पास स्थानांतरित किया जा सकता है),<br>(8) वार्ड क्रमांक-41 में महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स के पास।<br>(नोटः स्थल उपलब्धता के आधार पर निर्माण कार्य के दौरान स्थल परिवर्तन किया जा सकता है) | निर्माण अवधि 08 माह (संचालन-संधारण 30 वर्ष) ₹169.04 लाख | ₹12500.00<br>₹84520.00 | 08.09.2025 18:00 बजे तक। |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से सगाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
स्वच्छ भारत मिशन
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)



## म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

**कार्यालय महाप्रबंधक परियोजना क्रियान्वयन इकाई**
**सीधी (म.प्र.), (पुराना स्वराज भवन सीधी)**
**E-mail ID : gmpiusidhi1@rediffmail.com**
**Phone No. : 07822-251049**

**वाहन किराये पर लगाने हेतु निविदा आमंत्रण**

महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सीधी के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन ग्रामीण सड़कों के निरीक्षण हेतु 01 डीजल वाहन (बोलेरो) जिसका रजिस्ट्रेशन माह जनवरी 2023 के पूर्व का न हो एवं निविदा के समय वाहन का टैक्सी परमिट होना आवश्यक है, ड्राइवर सहित प्रतिमाह किराये पर आवश्यकता है। शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन कार्य अवधि में किया जा सकता है एवं निविदा प्रपत्र एवं शर्तें नगद राशि रु. 500/- के भुगतान पर **दिनांक 25.08.2025 शाम 5:30 बजे** तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबंद निविदायें प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 27.08.2025 अपरान्ह 3:00 बजे तक** है। निविदा बंद लिफाफे में महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, पी.आई.यू (पुराना स्वराज भवन) सीधी के नाम किसी भी शेड्यूल कामर्शियल बैंक की एफ.डी. रु. 5000/- एवं वाहन के रजिस्ट्रेशन, बीमा, टैक्सी परमिट, पैन नम्बर, ड्राइवर का नाम तथा लाइसेन्स आदि का विवरण एवं वित्तीय ऑफर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदायें **दिनांक 29.08.2025 को अपराह्न 3:30 बजे** निविदाकार अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। ऑफर स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सीधी के पास सुरक्षित रहेगा।

म.प्र. माध्यम/121536/2025 **महाप्रबंधक**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण ई-टेन्डरिंग**
**म.प्र. शासन**

**निविदा सूचना क्रमांक 13/ई-टेन्डरिंग/2025-26** **सिंगरौली, दिनांक 07.08.2025**

निम्नलिखित कार्यों की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते हैं।

| स.क्र. | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443142 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत वर्षाऋतु में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मुख्य जिला मार्ग अन्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों का तात्कालीक मरम्मत कार्य। | 19.98 | 39960 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443147 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न अंतर्गत वर्षाऋतु में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त पुल-पुलियाँ का मरम्मत कार्य। | 19.80 | 39600 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443149 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत वर्षाऋतु में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों का तात्कालीक मरम्मत कार्य। | 19.99 | 39980 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 4 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443151 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग चितरंगी अंतर्गत वर्षाऋतु में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों का मरम्मत कार्य। | 19.80 | 39600 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 5 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443154 | द्वितीय आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत शासकीय आवास गृह क्रमांक आर-78 देवसर, जिला सिंगरौली मरम्मत कार्य। (माननीय न्यायाधीश बंगला) | 4.23 | 8460 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 6 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443157 | द्वितीय आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत शासकीय आवास गृह क्रमांक आर-84 देवसर, जिला सिंगरौली मरम्मत कार्य। (माननीय न्यायाधीश बंगला) | 4.03 | 8060 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 7 | सिंगरौली | 2025PWDRB_ 443160 | चतुर्थ आमंत्रण | विशेष मरम्मत के अंतर्गत उपसंभाग देवसर अंतर्गत स्थित शासकीय आवास गृह क्रमांक R/97 का मरम्मत कार्य। | 4.03 | 8060 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | **योग-** | **91.86** | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 13.08.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 28.08.2025 सायं 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 30.08.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारियाँ उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**G-17122/25**

**कार्यपालन यंत्री**
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म.प्र.)



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# एनजीओ को छात्रावास देने में नियमों की अनदेखी

**जागरण मनमानी**

## दिव्यांग छात्रावास को एनजीओ को सौंपने में दिखी जल्दबाजी

### औपचारिकता में सिमटी हुई है सभी व्यवस्थाएं



जागरण, सीधी

50 सीटर दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन की जिम्मेदार आनन-फानन में संबंधित अधिकारियों ने एनजीओ को सौंप दी। विभागीय सूत्रों की मानें तो निर्धारित नियमों की अनदेखी करते हुए दिव्यांग छात्रावास की बागडोर एनजीओ को सौंपी गई है। जिम्मेदारी मिलते ही एनजीओ द्वारा छात्रावास की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए। जिस तरह से पूर्व में छात्रावास संचालित हो रही थी उसी व्यवस्था में संचालन शुरू कर दिया गया। यह माना जा रहा था कि एनजीओ को छात्रावास की बागडोर सौंपने के बाद यहां की व्यवस्थाएं पूरी तरह से चाकचौबंद होगी। दिव्यांग बच्चों को बेहतर नास्ता एवं भोजन निर्धारित मीनू के अनुसार मिलेगा। विडंबना यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने दिव्यांग छात्रावास की बागडोर तो आनन-फानन में एनजीओ को सौंप दिया लेकिन वहां क्या व्यवस्था चल रही है इसका जायजा लेने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। लिहाजा सबकुछ मनमानी तौर पर किया जा रहा है। दिव्यांग छात्रावास 50 सीटर है और वर्तमान में 30 बच्चों का प्रवेश है। जिला शिक्षा केंद्र सीधी द्वारा 7 फरवरी 2025 को आदेश जारी कर जिला अनुदान समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार स्वयंसेवी संस्था जय गुरुदेव ग्रुप ऑफ सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन नागौद, जिला सतना को दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। छात्रावास संचालन के लिए 7 फरवरी 2025 को अनुबंध भी निष्पादित किया गया। 12 फरवरी 2025 तक छात्रावास के संचालन की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश प्रधानाध्यापक एवं वार्डन सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास मधुरी को जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक द्वारा दिए गए। जिसके बाद से छात्रावास का संचालन स्वयंसेवी संस्था द्वारा काफी मनमानी तौर पर किया जा रहा है। स्वयंसेवी संस्था के जिम्मे नास्ता-भोजन, बिस्तर, मेडिसिन, यूनिफार्म समेत अन्य व्यवस्थाएं हैं। बताया गया है कि नास्ता एवं भोजन काफी गुणवत्ताविहीन दिया जाता है। छात्रावास में पूर्व में जो बिस्तर एवं कपड़े दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे थे वही स्वयंसेवी संस्था द्वारा बच्चों को उपयोग के लिए दिए गए हैं। बच्चों का कहना था कि यहां के कई बिस्तर उपयोग के लायक नहीं हैं। फिर भी मजबूरी में उनका उपयोग करना पड़ रहा है। नास्ता एवं भोजन का समय भी कोई निश्चित नहीं है। यह अवश्य है कि उपलब्ध कराया जाता है। छात्रावास परिसर का जायजा लिया गया तो यहां सप्ताह में दिए जाने वाले नास्ता एवं भोजन का विवरण दर्ज था यह जरूर है कि उसको धुंधला करने का प्रयास किया गया है।

### टेंडर खोलने में औपचारिकता का निर्वहन

स्वयंसेवी संस्था जय गुरुदेव ग्रुप ऑफ सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन नागौद, जिला सतना को दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन का दायित्व सौंपा गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो स्वयंसेवी संस्था के जिम्मेदारों द्वारा दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन का दायित्व लेने के लिए काफी दिनों से प्रयास किए जा रहे थे। जब स्वयंसेवी संस्थान को दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन की जिम्मेदारी का निर्णय बैठक में लिया गया तो उसके पहले ही व्यवस्था से जुड़े कुछ अधिकारियों को मैनेज किया गया। इसी वजह से सार्वजनिक तौर पर कोई भी सूचना प्रसारित करने की बजाय टेंडर खोलने की औपचारिकताएं निभाई गई। इसमें संबंधित अधिकारियों की सांठ-गांठ से ऐसे निविदा डाले गए जिससे स्वयंसेवी संस्था जय गुरुदेव ग्रुप ऑफ सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन नागौद, जिला सतना को दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन का दायित्व आसानी से मिल जाए। इसी वजह से संचालन की जिम्मेदारी मिलते ही आनन-फानन में अनुबंध की कार्यवाही भी पूर्ण कर दिव्यांग छात्रावास मधुरी को स्वयंसेवी संस्था को सौंप दिया गया।

### छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी

दिव्यांग छात्रावास मधुरी के संचालन की जिम्मेदारी स्वयंसेवी संस्था जय गुरुदेव ग्रुप ऑफ सोशल वेलफेयर आर्गनाइजेशन नागौद, जिला सतना को मिलने के बाद से मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। बताया गया है कि साफ-सफाई को लेकर जहां काफी लापरवाही बनी हुई है वहीं शुद्ध पेय जल तक की व्यवस्था नहीं बनाई गई है। दिव्यांग छात्रों को शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने की बजाय ऐसा पानी पीने के लिए दिया जा रहा है जिसका उपयोग सभी कामों के लिए किया जाता है। दिव्यांग बच्चों की मजबूरी का फायदा छात्रावास में उठाने में कोई कोर-कसर नहीं छोंड़ी जा रही है। दिव्यांग बच्चों के अभिभावक भी जब अपने बच्चों से मिलने के लिए आते हैं तो उनको अंदर जाने से पूरी तरह से रोंका जाता है। जिससे उनकी नजर में कमियां सामने न आ सकें।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के लिए सभी संकल्प लें: रामकुमार



**जागरण, सीधी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा हर घर तिरंगा अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। यह केवल राष्ट्रीय ध्वज को घरों पर फहराने का आवाहन नहीं है, अब यह देश के कोने-कोने में राष्ट्र प्रेम की भावना को जीवित करने का संकल्प है। नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा है कि भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के मौके पर 2022 में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था। इस अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की यात्रा और इस महान राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वालों की याद दिलाना है। 2022 में इस अभियान को अपार सफलता मिली, जहां 23 करोड़ परिवारों ने अपने घरों में तिरंगा फहराया और 6 करोड लोगों ने हर घर तिरंगा वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचा और देश के सुदूर कोने में भी राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू ने सभी क्षेत्रवासियों से सादर आग्रह करते हुए कहा कि 8 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी नागरिक अपने-अपने घर, दुकान एवं संस्थान में तिरंगा अवश्य फहराएं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे हरघरतिरंगा पोर्टल पर अपलोड करें और इस अभियान को डिजिटल समर्थन भी दिन 15 अगस्त की संध्या को तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतारना भी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होने यह भी अपील की अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में सक्रिय भाग लें शहीदों एवं वीर जवानों के परिजनों का सम्मान करें, मोहल्ले गांव व नगरों में तिरंगा यात्रा निकाले और देशभक्ति में रंग में रंग जाए हर घर तिरंगा न सिर्फ आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जीवित करता है बल्कि यह हमारे संविधान हमारी एकता और हमारी सांस्कृतिक तक पहचान को भी मजबूती देता है। इसके लिए हम सब मिलकर यह स्वतंत्रता दिवस को एकजुटता उत्साह और गर्व के साथ मनाएं पूरे क्षेत्र को तिरंगे की शान से सरोवार कर दें। सीएमओ रामपुर नैकिन भैयालाल साकेत ने भी कहा है कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सब व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से बीमारियां कम होती हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## पुष्पांजलि सोशल चैरिटेवल फाउंडेशन ने बांटे फल



**जागरण, सीधी।** पुष्पांजलि शोसल चैरिटेवल फाऊन्डेशन द्वारा लगातार गरीबों, शोषितो, बंचितो, बीमार जनो को फल वितरण का कार्य अनवरत जारी है। ज्ञात हो पिछले सोमवार को बढौराधाम मेले मे ऐतिहासिक फल केले वितरण कार्य हजारो लोगों को किया गया था। आज के कार्यक्रम सेमरिया अस्पताल मे भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष संन्तोष पाण्डेय बम्हनी एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुवर सिंह चन्देल, डॉ. सोनाली वर्मा, विभाग संयोजक सीधी-सिगरौली एवं संरक्षक रामनरेश शुक्ल, पंकज पाण्डेय, राकेश तिवारी एड़. पोडी, जीवेन्द्र मिश्र नेत्र विशेषज्ञ सहित संस्था उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल, पवन तिवारी, वैजनाथ साकेत, मनोज शुक्ल ने आस पास से पहुचे उपस्थित लोगों, माताओ, बहनों, भाईयों को फल वितरण किया गया। अपने उद्बोधन मे संन्तोष पाण्डेय ने इस पुनीत कार्य के लिए पुष्पाजलि फाऊन्डेशन के पदाधिकारियो, आयोजको को साधुवाद दिया तथा आगे कहा कि संस्था के सेवा कार्य मे हम साथ है जब भी संस्था मेरी आवश्यकता समझे मै उपलब्ध मिलूगा। संस्था संरक्षक रामनरेश शुक्ल ने लोगों को समाजसेवा के क्षेत्र मे आगे आने की अपील कीए तथा संस्था के इस आयोजन को जन जन तक पहुचाने की वात कही साथ ही लोगों की भागीदारी की अपील की। तदाशय की जानकारी संस्था उपाध्यक्ष गुरू प्रसाद शुक्ल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे कही।

## विश्वविद्यालय स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपेंगे छात्र

**जागरण, सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया को जिले के संजय गांधी कॉलेज सीधी, जीडीसी कॉलेज सीधी एवं अन्य कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना हेतु 12 अगस्त मंगलवार को सुबह 9:30 बजे उनके गृह ग्राम शिवराजपुर चुरहट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञात हो कि सीधी जिले में विश्वविद्यालय स्थापना को लेकर जिले के छात्र-छात्राओं के द्वारा लगातार पिछले पांच छः वर्षों से इस पवित्र कार्य हेतु सभी जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। उक्त सूचना छात्र इन्द्रलाल पटेल ने दिया है और छात्रों से सम्मिलित होने के लिए अपील की।

## शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन कल

**जागरण, सीधी।** जिले के सभी विद्युत पेंशनर से अपील है कि कार्यपालन अभियंता संचालन एवं संधारण संभाग सीधी के प्रांगण में आज 11 अगस्त को भगवान शिव मंदिर में कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है। 12 अगस्त को हवन एवं प्रसाद वितरण होगा। वर्तमान कार्यपालन अभियंता आदरणीय अजीत सिंह बघेल के द्वारा सभी विद्युत पेंशनर साथियों को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है इसलिए आप सभी विद्युत पेंशनर्स साथियों से विनम्र अनुरोध है की आप सभी दिनांक 12 अगस्त को दोपहर 12 बजे के पूर्व कलेक्ट्रेट कार्यालय सीधी के पीछे संभागीय कार्यालय के शिव मंदिर उपस्थित होने का कष्ट करें क्योंकि कार्यपालन अभियंता का यह व्यक्तिगत रुचि है कि सभी विद्युत पेंशनर्स इस कार्यक्रम में भाग लेने का कष्ट करें। आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है भगवान भोले की कृपा से ऐसा प्रथम बार अवसर प्रदान हुआ है कि किसी अधिकारी ने वरिष्ठ विद्युत पेंशनर्स को आमंत्रित किया है।

## बहरी और मायापुर मे निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**जागरण, सीधी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के मंसानुरुप आयोजित तिरंगा यात्रा राष्ट्र भक्ति एकता और गर्व का संदेश जन-जन तक पहुचाने के संकल्प के साथ सिहावल विधानसभा क्षेत्र के विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य अतिथि एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह की अगुवाई मे मंडल बहरी एवं मायापुर मे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बहरी पुष्पेन्द्र पाण्डेय, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निसांत मिश्रा, मायापुर मंडल अध्यक्ष शिवकुमारी जायसवाल, पुनीत पाण्डेय, दिलीप सोनी, अशोक शुक्ला, विक्रमादित्य मिश्रा, गोपाल द्विवेदी, राजकुमार नेटी, श्यामलाल यादव, रविशंकर पाठक, संजय सिंह, विश्नु प्रधान, रितेश गुप्ता, सुभाकर द्विवेदी, संतोष साहू, विनय द्विवेदी, पिंटू पाठक, अवधेश सिंह, राजबहोर द्विवेदी, राकेश उपाध्याय, अनुसुइया शुक्ला, बृजमोहन साहु, पंचराज वर्मा, अनिल पाण्डेय, छविलाल कोल, अखिलेश द्विवेदी, दिवाकर द्विवेदी, कविता तिवारी, नीरज सिंह, देवी शंकर सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारीगण ग्रामीणजन व जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## जुंआ प्रकरण में पुलिस ने 4 आरोपी किए गिरफ्तार

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 26,610 नगद जप्त किए। थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अमिलिया साहू बस्ती में रोड किनारे कुछ लोग ताश के पत्तों से रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए दबिश दी गई। जुंआ एक्ट में पकड़े गए आरोपियों में राजबहोर साहू पिता सत्यभान साहू 52 वर्ष निवासी मायापुर, राजकरण साहू उर्फ झल्लू पिता छोटे 37 वर्ष निवासी अमिलिया, धर्मराज सिंह उर्फ पिन्टू पिता राधारमण सिंह 41 वर्ष, निवासी अमिलिया एवं राजकुमार साहू पिता रामदयाल साहू उम्र 28 वर्ष निवासी अमिलिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से कुल 19,210 फड़ से एवं 7,400 अलग से इस प्रकार कुल 26,610 नगदए ताश के 52 पत्ते तथा एक जूट की बोरी बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्व धारा 13(क) जुआ अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस, सउनि ओम प्रकाश गौतम, प्रआर राजेन्द्र सिंह, प्रआर सुनील सिंह, आरक्षक बंशलाल सिंह, आरक्षक संदीप चौबे एवं आरक्षक सतीष कुशवाहा शामिल रहे।

# सरकार लाडली बहनों की उन्नति और विकास के लिए संकल्पित: विश्वामित्र



**जागरण, सीधी।** सिहावल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंगल भवन बहरी में लाड़ली बहना सम्मेलन सह रक्षाबंधन कार्यक्रम विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य अतिथि एवं देव कुमार सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी के विशेष उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में लाडली बहनों द्वारा स्वागत गीत एवं सावन के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में सैकड़ों लाडली बहनों ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को तिलक लगा कर रक्षासूत्र बांधा। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने बहनों की उन्नति और विकास तथा रक्षा का विश्वास देते हुए सभी लाडली बहनों को उपहार भी दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने अपने उद्बोधन में लाडली बहनों का स्वागत एवं उनकी खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आप लोगों के लिए आवास योजना, आयुष्मान योजना, आजीविका मिशन से अनेकों योजनाएं बनाई हैं, अभी रक्षाबंधन के पूर्व हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री ने प्रत्येक लाडली बहन को 250 रुपए उपहार स्वरूप दिया है। आगे लाडली बहनों को मिलने वाली राशि में भी बढ़ोत्तरी होगी। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि सरकार लाडली बहनों की उन्नति और विकास के लिए संकल्पित है। मुख्य स्थिति ने आगे कहा कि योजना के पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए आप लोगों को परेशान होना पड़ता था अब योजना के तहत एक निश्चित राशि नियत तारीख को आपके खाते में आ जाती है जिससे आप अपनी जरूरतें पूरी करती हैं। साथ ही परिवार में आपका मान सम्मान भी बढ़ा है। मुख्य अतिथि ने उपस्थित जन समुदाय को रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रश्मि पाण्डेय सीईओ, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निशांत मिश्रा, अशोक शुक्ला, परियोजना अधिकारी अनुसुइया वाजपेई, थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय, कामता तिवारी बीपीओ, लालजी पाण्डेय, विश्रामदित्य मिश्रा, दिवाकर द्विवेदी, अधिकारी कर्मचारी सहित लाड़ली बहना उपस्थित रहीं।

# भाजपा के शासन में अघोषित आपातकाल: ज्ञान



## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

जागरण, सीधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के अगुवाई में वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने सहकारी बैंक के सामने केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। बताते चलें कि वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर लोकसभा में नेता विपक्ष आदरणीय राहुल गाधी सहित विपक्षी सांसदों द्वारा संसद से चुनाव आयोग तक निकाले जा रहे शांतिपूर्ण पैदल मार्च को पुलिस द्वारा बल पूर्वक रोका गया एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित मार्च में उपस्थित विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार कर उन्हें थाने ले जाया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन की कार्यवाही के विरोध में संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ सीधी जिले में जिला मुख्यालय पर केन्द्र सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन कार्यक्रम के बाद चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश में घोषित आपातकाल लागू है, अब सच बात कहना भ्रष्टाचार को उजागर करना और न्याय मांगना अपराध हो गया है। जब जनता के हक की आवाज उठाते हैं तो समूचे विपक्ष को दबाने के लिए पुलिसिया तंत्र का उपयोग कर सच की आवाज को दबाया जा रहा है जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जनता से उनके अधिकार नहीं छीन सकती है लोकतंत्र को समाप्त करने की जो कोशिश हो रही है उसे कांग्रेस पार्टी नाकाम कर देगी। कांग्रेस पूरी ताकत के साथ जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी चाहे उसके लिए जो बलिदान देना पड़े। पुतला धन कार्यक्रम के दौरान सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र भदौरिया, पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष आकाश सिंह, प्रवक्ता पंकज सिंह, महामंत्री अशोक कोरी, उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री भूपेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री श्रीमती कुमुदिनी सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष महिला कांग्रेस श्रीमती शशिकला द्विवेदी, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, महामंत्री अखण्ड प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाईचारे के साथ मनाया गया मझौली में कजलियों का त्योहार



**जागरण, मझौली।** गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी जिले भर में कजलियां भुजरिया का त्यौहार शौहर्द व भाई चारे के साथ उत्साह पूर्वक बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। मझौली में पुलिस व नगर प्रशासन के सुरक्षा व्यवस्था में रथ यात्रा निकाल कर यह पर्व मनाया गया। यह रथ यात्रा राम मन्दिर से चलकर महादेवन तालाब तक भजन कीर्तन के साथ पहुँची जिसमे नगर क्षेत्र से लेकर नजदीकी ग्रामो से आए ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बतातें चलें मझौली नगर क्षेत्र में इस त्यौहार को मनाने की परम्परा वर्षो पूर्व से चली आ रही है जिसमे सभी जाति व धर्म से जुड़े लोग सामिल होते हैं कजलियां का पहला रथ भजन कीर्तन करता डोकरबन्धा कुशवाहा मोहल्ला वार्ड नम्बर 2 से चलकर राम मन्दिर पहुँचता है। जहां पर दूसरा रथ तैयार रहता है। तत्पश्चात दोनों रथ श्रद्धालुओं के साथ भजन कीर्तन करते महादेवन तालाब की ओर प्रस्थान करतें हैं जिसमे मझौली नगर समेत नजदीकी ग्रामों के भी लोग भाग लेकर इस वार्षिक त्यौहार पर चार-चाँद लगा देते हैं। महादेवन तालाब पर शिव मन्दिर पर दर्शन व पूजा-पाठ बाद कजलियों को तालाब पर चढ़ाने विसर्जन बाद सभी ग्रामीण व छोटे-बड़े आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे से गले मिलकर अगले जन्म में भी मिलने व यही भाई-चारा बने रहने की दुआ व प्रार्थना करते हैं।इस दौरान दर्शनार्थियों को कोई परेशानी व अशुविधा ना हो सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस बल एवं नगर परिषद कर्मचारियों के साथ थाना प्रभारी विशाल शर्मा व प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित सिंह पूरे समय माजूद रहें।

# आखिर कब दूर होगी विद्युत लाइनों के फॉल्ट की समस्या

**जागरण समस्या**

## ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा आ रही समस्या

### खपत बढ़ते ही लाईनों में होने लगती है फाल्ट



जागरण, सीधी

जिले में विद्युत लाईनों में हो रहे फाल्ट के कारण विद्युत सप्लाई घंटो ठप्प हो जाना अब आम बात हो चुकी है। बिजली की खपत जिस अनुपात से बढ़ रही है उसी के अनुसार फाल्ट भी लगातार बढ़ रहा है। विद्युत लाईनों के साथ ही ट्रांसफार्मरों में भी फाल्ट की समस्या बढ़ रही है। विद्युत सप्लाई जब भी ठप्प हो जाती है विद्युत वितरण केंद्र के अमले का जवाब होता है कि मुख्य लाईन या फिर ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने के कारण बिजली की सप्लाई ठप्प हो गई है। शहरी क्षेत्र में तो कुछ घंटे बाद फाल्ट की समस्या दूर हो जाती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट कब दूर होगा इसको लेकर पूरी तरह से अनिश्चितता बनी रहती है। बिजली की संकट को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार गहरा रहा है। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी विद्युत लाइनों में फाल्ट एवं ट्रांसफामरों की खराबी बताकर बिजली की बेतहासा कटौती इन दिनों कर रहे हैं। स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र में ही फाल्ट के बहाने दिन के समय कई घंटे कटौती विभिन्न फीडरों में की जा रही है। दिन के समय कई घंटे बिजली की सप्लाई बंद होने से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति तो बिजली संकट को लेकर काफी गंभीर है। ग्रामीण क्षेत्रों को 10-12 घंटे बिजली की सप्लाई ही की जा रही है। मांग एवं आपूर्ति में कुछ अंतर आने के कारण विभाग द्वारा अघोषित कटौती विभिन्न कारणों से की जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी सीधी के अधिकारी बिजली की सप्लाई सही न होने के संबंध में गोलमाल जवाब देते हैं। ऐसा आभास होता है कि उनके द्वारा बिजली की अघोषित कटौती पूरी तरह से लाइन फाल्ट पर ही थोपी जा रही है। बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ लोगों ने बताया कि दिन के समय बिजली की उपलब्धता काफी कम होती हैं। यह अवश्य है कि कुछ समय के लिए बिजली के दर्शन होते हैं। बिजली आने के कुछ समय बाद ही फिर से गुल हो जाती है। रात के समय बिजली ज्यादा रहती है। हल्की बारिश शुरू हुई तो रात में भी बिजली की सप्लाई ठप्प हो जाती है। उस दौरान विद्युत वितरण केन्द्रों के अधिकारी यही जवाब देते हैं कि 11 हजार केव्ही लाइन के फाल्ट हो जाने के कारण बाहर से ही बिजली की सप्लाई बंद हो गई है। लाइन का फाल्ट सुधार आने पर बिजली की सप्लाई शुरू हो जाएगी। विद्युत वितरण कंपनी के बड़े अधिकारी सीधी जिले में बिजली की बनी समस्या को लेकर पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सही करने के लिए कोई भी सार्थक कार्य नहीं कराया जा रहा है। बड़े अधिकारियों से इस मामले में जब भी शिकायत होती है उनका यही कहना होता है कि फाल्ट के कारण यह समस्या बनी हुई है। जिन क्षेत्रों में विद्युत लाइनों में ज्यादा फाल्ट आ रहा है वहां के लिए अलग से आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की कार्यवाही की जा रही है। बड़े कार्यालय से इसमें जब स्वीकृति मिलेगी विद्युत लाइन का कार्य भी सही करा लिया जाएगा। बिजली की ताबड़तोड़ कटौती इन दिनों होने के कारण सभी लोग परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि दिन के समय तो किसी तरह समय गुजर जाता है लेकिन रात में यदि बिजली न मिली तो रात जागरण करने की मजबूरी निर्मित हो जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ने के कारण पंखा एवं कूलर न चलने पर लोगों को चैन से सोना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की जिस तरह से समस्या दो महीने से बनी हुई है उसके कारण लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती को लेकर आक्रोश

शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लोगों के लिए बिजली मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। बिजली न रहने से लोगों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति तो यह है कि यदि बिजली रहेगी तो ज्यादातर घरों में दिन के समय भी बिजली के बल्ब आसानी से जलते हुए नजर आएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में आकाश में बादल छाने और हल्की बारिश होते ही बिजली की सप्लाई बंद हो जाती है। फिर सप्लाई कब शुरू होगी उसको लेकर अनिश्चितता बन जाती है। ज्यादा बारिश होने पर कई घंटे बिजली की सप्लाई शुरू न होना आम बात हो चुकी है। इसी वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में बिजली की मनमानी को लेकर काफी आक्रोश बना हुआ है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## रूस-अमरीका में बन रहे शीत युद्ध के आसार

अमरीका के रूस-विरोधी रवैये के मद्देनजर शीत युद्ध के आसार बन गए हैं। रूस और अमरीका के बीच 8 दिसंबर, 1987 को एक संधि हुई थी कि दोनों देश 500 किमी. से 5000 किमी. तक प्रहार करने वाली मिसाइलों को नष्ट करेंगे। रूस ने 38 साल पुरानी वह संधि रद्द कर दी है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ थोपा है, उसका बुनियादी कारण रूस ही बताया है। अमरीकी राष्ट्रपति को रूस के साथ तेल और हथियारों के, भारत के कारोबार पर, घोर आपत्ति है। रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। नतीजतन परमाणु युद्ध के खतरे की आशंकाएं बढ़ गई हैं। वैसे भी रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है। रूस के पास 16,000 किमी. तक हमला करने वाली बैलेस्टिक मिसाइलें भी हैं। अमरीका उनके प्रहार की परिधि में है। राष्ट्रपति ट्रंप को पूर्व राष्ट्रपति रीगन के बयान पर चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि व्यापार और टैरिफ बदला लेने को नहीं होते। दूसरे देश भी पलटवार में ऊंचे टैरिफ लगा सकते हैं।

**रूस ने न केवल टैरिफ बढ़ाने की निंदा की है, बल्कि अमरीका के साथ 38 साल पुरानी संधि भी तोड़ दी है। नतीजतन परमाणु युद्ध के खतरे की आशंकाएं बढ़ गई हैं। वैसे भी रूस के रडार पर सभी नाटो देश हैं। रूस उन पर कभी भी हमला कर सकता है।**

एक उदाहरण केले का ही लें। अमरीका ने 2024 में 28,000 करोड़ रुपए का केला आयात किया। उसमें भारत से सबसे अधिक आयात किया गया। अमरीका फल-सब्जियों, ऑटो पाटर्स, दवाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर चिप्स, स्मार्ट फोन आदि के लिए भारत समेत अन्य देशों पर आश्रित है। अमरीका में 10 फीसदी लोग ही कृषि में नौकरी या काम करते हैं। कुल 2.21 करोड़ अमरीकी कृषि से जुड़े बताए जाते हैं। अमरीकी प्रशासन को 2025 में ही 3.65 लाख करोड़ रुपए की सबसिडी किसानों को देनी पड़ी है। अमरीका इस घाटे को पाटना चाहता है, लिहाजा भारत को लगातार बाध्य कर रहा है कि वह कृषि और डेयरी उद्योग के क्षेत्र अमरीका के लिए खोल दे। भारत अनुमति नहीं देने पर अडिग है। क्या व्यापार समझौता भी खटाई में पड़ गया है? बहरहाल रूस ने नाटो देशों के खिलाफ अपना बैलेस्टिक मिसाइलें तैनात कर दी हैं और अमरीका ने भी परमाणु पनडुब्बियां सागर में उतार दी हैं। यदि एक और युद्ध छिड़ता है, तो विश्व के प्रमुख देश भी निशाने पर होंगे। क्या एक और विश्व युद्ध छिड़ सकता है? यदि युद्ध छिड़ता है, तो दुनिया भर में सप्लाई लाइन बिगड़ सकती है।

भारत को टैरिफ से नुकसान होना स्वाभाविक है, बहरहाल भारत घरेलू खपत पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा हमें घरेलू खपत बढ़ानी होगी। निर्यात पर आधारित उद्योगों को सबसिडी देने पर विचार करना होगा, ताकि लागत घट सके। ये सुझाव व्यापार और अर्थव्यवस्था से जुड़े विशेषज्ञों के हैं। एक और विचार सामने आया है कि रूस, भारत, चीन तीनों देश एक ही मंच पर आ जाएं और एक संगठन बनाएं। यह ब्रिक्स से अलग होगा। क्या तीनों देश एक ही पाले में आ सकते हैं?

# ग्रेटर बांग्लादेश : भारत के लिए बढ़ता वैचारिक खतरा

अंतरराष्ट्रीय संबंध

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

जब एक राष्ट्र की सीमाएं उसके पड़ोसी मुल्क की कल्पना में मिटाई जाने लगें और यह कल्पना सिर्फ नक्शों तक सीमित न रहकर उसे व्यावहारिक धरातल पर उतारने के लिए जब शैक्षणिक परिसरों, राजनीतिक मंचों और धार्मिक संस्थानों का उपयोग किया जाने लगे, तब यह केवल एक कल्पना तक सीमित रहनेवाला विषय नहीं रहता, बल्कि एक देश की अपनी पड़ोसी देश के प्रति वैचारिक युद्ध की शुरुआत होती है। इस संदर्भ में वर्तमान भारत अनेक मोर्चों पर वैचारिक और आर्थिक युद्ध का सामना करता हुआ दिखता है, जिसमें से एक उभरता हुआ वैचारिक मोर्चा जो सामने आया है, वह है- सल्तनत-ए-बांग्ला। यह कोई साधारण संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसी बहुआयामी परियोजना है जो ग्रेटर बांग्लादेश की परिकल्पना को आगे बढ़ा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसके पीछे तुर्किये, कतर और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे वैश्विक इस्लामी नेटवर्क की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है।

अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, वह तारीख 14 अप्रैल 2025 की है, जब ढाका विश्वविद्यालय में एक पोस्टर प्रदर्शित किया गया। इस पोस्टर में एक काल्पनिक ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा दर्शाया गया था, जिसमें कि भारत के असम, त्रिपुरा, बंगाल, झारखंड, ओडिशा और बिहार के कुछ हिस्सों के अलावा म्यांमार का अराकान क्षेत्र इसमें शामिल किया गया था। वस्तुतः यह केवल एक पोस्टर नहीं था, यह एक ऐसा वैचारिक घोषणापत्र था जो दक्षिण एशिया में इस्लामी राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान की कल्पना को जमीनी आधार देने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी अब ओर गहराई से सामने आ सकी है। दरअसल, भारतीय संसद में विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने विस्तार से बताया है कि कैसे यह 'ग्रेटर बांग्लादेश' का विचार एक सोची-समझी 'आइडियोलॉजिकल इनसर्जेंसी' का हिस्सा है। सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की के गैर-सरकारी संगठन टर्की यूथ फेडरेशन (टीवायएफ) से मिलने वाले सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसमें कि ये संगठन ग्रामीण विकास और युवाओं के सशक्तिकरण



**वर्तमान भारत अनेक मोर्चों पर वैचारिक और आर्थिक युद्ध का सामना करता हुआ दिखता है, जिसमें से एक उभरता हुआ वैचारिक मोर्चा जो सामने आया है, वह है- सल्तनत-ए-बांग्ला। यह कोई साधारण संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसी बहुआयामी परियोजना है जो ग्रेटर बांग्लादेश की परिकल्पना को आगे बढ़ा रही है और इसके पीछे तुर्किये, कतर और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे वैश्विक इस्लामी नेटवर्क की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है।**

जैसे उदार कार्यों में लगा दिखाई देता है, लेकिन इसके कामकाज का वास्तविक उद्देश्य 'इस्लामी जिहाद' के एजेंडे को विस्तार देना है। यह टीवायएफ'मुस्लिम ब्रदरहुड' से वैचारिक रूप से जुड़ा है और इसकी गतिविधियों में शिक्षा के नाम पर धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देना प्रमुख रणनीति है।

अब आप मुस्लिम ब्रदरहुड के बारे में भी समझ लीजिए; 1928 में मिस्र से इसकी शुरूआत है। संगठन केवल धार्मिक आंदोलन नहीं है, यह राजनीतिक इस्लाम की एक वैश्विक विचारधारा है जो किसी भी लोकतांत्रिक देश में जब पहुंचती है तो वहां के लोकतंत्र के ढांचे में रहकर इस्लामी सोच का पोषण करती है। एक ऐसी स्थिति पैदा करने का प्रयास करती है कि लोकतांत्रिक देश एक समय के बाद पूरी तरह से इस्लाम की सोच में बदल जाए और वहां शरीया कानून लागू हो जाए। वस्तुतः इसी सोच को ये 'टर्की यूथ फेडरेशन' के साथ मिलकर भारत और बांग्लादेश में इस्लामिक साम्राज्यवाद के नाम पर आज विस्तारित करता हुआ दिखता है। बांग्लादेश में सल्तनत-ए-बांग्ला को 'टर्की यूथ फेडरेशन' से विचारधारात्मक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता दोनों मिल रही है। बांग्लादेश के मदरसे और विश्वविद्यालय इसके प्रभाव में हैं। टर्की यूथ फेडरेशन ने बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर जैसे संगठनों को सशक्त किया है, जो भारत-विरोधी और इस्लामिक स्टेट की अवधारणा के हामी हैं। ये संगठन 'ग्रेटर बांग्लादेश' को केवल एक भौगोलिक विस्तार के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक-धार्मिक राज्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके एजेंडे में केवल क्षेत्रीय विस्तार नहीं, बल्कि भारत के अंदर धार्मिक ध्रुवीकरण और सामाजिक विखंडन पैदा करना भी शामिल है। छात्रों को पाकिस्तान या अन्य नेटवर्क से जोड़ा जाता है, जहां उन्हें कट्टरतर विचारधारा से प्रभावित किया जाता है। तुर्किये भारत में आईएसआईएस सदस्यों की गतिविधियों में धन लगा रहा है, जो भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बनाने और तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण के माध्यम से बड़े पैमाने पर अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिलाल एर्दोगन के स्वामित्व वाले तुर्की यूथ फ़ाउंडेशन (टीयूजीवीए) के पाकिस्तान स्थित जमात-ए-इस्लामी (जेआई) और उसकी युवा शाखा या स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइज़ेशन (एसआईओ) जैसी पार्टियों और संस्थाओं से सीधे संबंध हैं। इसके अलावा, इस्लामी शैली की इरास्मस योजना के तहत, भारतीय मुस्लिम छात्रों को तुर्किये लाया जा रहा है और पाकिस्तानी संगठनों से संपर्क कराया जा रहा है। ताकि वे 'ग्रेटर बांग्लादेश' और गजबा-ए-हिंद की सोच के लिए स्?लीपर सेल बनकर भारत में रहते हुए काम करें। इन सभी संगठनों का उद्देश्य भारत के मुस्लिम समुदायों में यह भावना पैदा करना है कि उनकी पहचान भारतीय नहीं, इस्लामी है। यह देश की सामाजिक एकता के लिए दीर्घकालिक खतरा है। इस पूरे प्रकरण में सबसे नकारात्मक पक्ष यह है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस भी इनके साथ कहीं न कहीं मिले हुए दिखाई देते हैं, पिछले एक साल से यहां जो गैर मुसलमानों (हिंदू एवं अन्य) के विरोध में हिंसा हो रही है, उससे भी पता चल रहा है कि वे कट्टरपंथी तत्वों के इशारे पर काम कर रहे हैं। उनकी बेटी दीना अफरोज यूनुस का नाम 'सल्तनत-ए-बांग्ला' से आर्थिक संबंधों के सिलसिले में सामने आया है। कहना होगा कि भारत के लिए यह एक ऐसे वैचारिक उभार का दौर है, जहां दुश्मन पारंपरिक हथियार नहीं, सोशल मीडिया, शिक्षा, संस्कृति और इतिहास को हथियार बना रहा है। यदि भारत इस चुनौती का सामना केवल आंतरिक नीति से करने की कोशिश करता है और इसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाता, तो यह संदेश जाएगा कि भारत अपने ही पड़ोस से उठती विचारधारात्मक चुनौती से अनभिज्ञ या असहाय है। इसलिए भारत को बांग्लादेश से इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब मांगना चाहिए। यदि जरूरत पड़े, तो इसे संयुक्त राष्ट्र , एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस (आसियान) और इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) जैसे मंचों पर भी उठाना चाहिए। यह लड़ाई महज एक राष्ट्र के खिलाफ नहीं, एक लोकतांत्रिक भारतीय विचार दर्शन के विरोध में है।

इस समूह का एजेंडा न केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं पर सवाल उठाना है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक विविधता को चुनौती देना भी है। इसलिए भारत को चाहिए कि ग्रेटर बांग्लादेश की सोच का सफाया वह हर संभव प्रयास कर पूरी तरह से अतिशीघ्र करे, अन्यथा कल को यह सोच भारत के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगी।

# अंतरिक्ष में किए जा रहे कृषि प्रयोगों पर दुनिया की नजर

अंतरिक्ष में नवाचार

प्रदीप कुमार मुखर्जी

अंतरिक्ष में कृषि संबंधी प्रयोगों को लेकर इन दिनों बड़ी सरगर्मी चल रही है। विगत 26 जून को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे शुभांशु शुक्ला द्वारा अपने 18 दिनों के प्रवास के दौरान किए गए भारत के सात प्रयोगों में से दो प्रयोग कृषि विज्ञान से संबंधित थे। इनमें से एक प्रयोग था मेथी और मूंग के बीजों का अंकुरण तथा दूसरा था छह अलग-अलग फसल किस्मों के अध्ययन-परीक्षण। सभी प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा करके शुभांशु अपने तीन अंतरिक्ष सहयात्रियों के साथ 15 जुलाई को धरती पर सकुशल वापस लौट आए। अभी आईएसएस के प्रयोग पूरे ही हुए थे कि 1 अगस्त, 2025 को नासा के क्रू-11 मिशन को फ्लोरिडा (अमेरिका) के केप कैनारेवल स्थित लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से स्पेसएक्स फॉल्कन-9 राकेट के जरिये आईएसएस के लिए रवाना किया गया। 2 अगस्त को यह यान आईएसएस के साथ डॉकिंग की प्रक्रिया द्वारा जुड़ा। इस मिशन में लद्दाख के ठंडे वीराने में उगाए गए सीबकथॉर्न और हिमालयी कुट्टू (बकव्हीट) को आईएसएस पर प्रयोग-परीक्षण के लिए भेजा गया है। गौरतलब है कि सीबकथॉर्न और हिमालयी कुट्टू पोषक तत्वों से भरपूर हैं। सुपरफूड सीबकथॉर्न के फल छोटे-छोटे होते हैं। ये विटामिन ए, सी, ई और ओमेगा फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। इनका उपयोग औषधियों, एनर्जी ड्रिंक्स आदि में किया जाता है। सीबकथॉर्न को बंजर इलाकों में भी उगाए जाने के उपयुक्त माना जाता है। इसी तरह, हिमालयी कुट्टू, यानी बकव्हीट पोषक तत्वों से भरपूर और ग्लूटेन-मुक्त होती है। उसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। डायबिटीज के रोगियों के लिए बकव्हीट को विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है। उपवास के दौरान ही इसे अधिकांशतः खाया जाता है।



**अमेरिका की बायो-एस्ट्रोनॉटिकल फर्म जगुआर स्पेस के नेतृत्व में चल रहे मिशन 'उभरते अंतरिक्ष राष्ट्र - कृषि के लिए अंतरिक्ष और अंतरिक्ष के लिए कृषि' के अंतर्गत बीजों पर ये प्रयोग-परीक्षण किए जाएंगे। इसे 'वर्ल्ड सीड्स पेलोड' नाम दिया गया है। भारत की ओर से भेजे गए ये बीज बेंगलुरु के अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'प्रोटोप्लेनेट' द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।**

सीबकथॉर्न और बकव्हीट के ये बीज पांच महाद्वीपों के 11 देशों से प्राप्त किए गए हैं। भारत के अतिरिक्त अमेरिका, मालदीव, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टारिका, ग्वाटेमाला, आर्मेनिया, मिस्र, पाकिस्तान और नाइजीरिया से इसे जुटाए गए हैं। इन बीजों को एक सप्ताह के लिए आईएसएस के सूक्ष्म-गुरुत्व के वातावरण में रखा जाएगा। इस प्रयोग का मकसद यह समझना है कि अंतरिक्ष के सूक्ष्म-गुरुत्व के वातावरण में ये बीज कैसा व्यवहार करते हैं तथा उनका विकास किस तरह से होता है? अमेरिका की बायो-एस्ट्रोनॉटिकल फर्म जगुआर स्पेस के नेतृत्व में चल रहे मिशन 'उभरते अंतरिक्ष राष्ट्र - कृषि के लिए अंतरिक्ष और अंतरिक्ष के लिए कृषि' के अंतर्गत बीजों पर ये प्रयोग-परीक्षण किए जाएंगे। इसे 'वर्ल्ड सीड्स पेलोड' नाम दिया गया है। भारत की ओर से भेजे गए ये बीज बेंगलुरु के अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'प्रोटोप्लेनेट' द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। प्रोटोप्लेनेट के निदेशक सिद्धार्थ पांडे के अनुसार, देखा जाएगा कि अंतरिक्ष की सूक्ष्म-गुरुत्व की स्थिति में ये बीज किस प्रकार अपनी अनुक्रिया करते हैं। जगुआर स्पेस के अनुसार, इस 'वर्ल्ड सीड्स' अध्ययन में इस बात की जांच-परख की जाएगी कि उगने से पहले बीज अंतरिक्ष वातावरण के विशिष्ट तनावों पर किस प्रकार से अपनी अनुक्रिया प्रकट करते हैं। इस दौरान इनके अंकुरण के लिए आवश्यक जीनों और उपापचय मार्गों की सक्रियता जैसी मूलभूत प्रक्रियाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जगुआर स्पेस के संस्थापक लुइस जिया का कहना है, 'जलवायु लचीलेपन और वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर अनुसंधान को आगे बढ़ाने की अपनी वैज्ञानिक क्षमता के अलावा, वर्ल्ड सीड्स पेलोड यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है कि जैसे-जैसे मानव जाति अंतरिक्ष यात्रा करने वाली सभ्यता बनती है, वैसे-वैसे विश्व भर के समुदायों के सहस्राब्दियों पुराने ज्ञान, जैव विविधता और सांस्कृतिक विरासत को उस यात्रा के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में आगे बढ़ाया जाए।' प्रयोग-परीक्षण के बाद बीजों को नासा के क्रू10 मिशन द्वारा वापस लाया जाएगा, जिसके इस महीने के अंत में धरती पर वापस लौटने की आशा है। इसके बाद इन बीजों का अध्ययन भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किया जाएगा, ताकि अंतरिक्ष में उनके उपयोगों को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

प्रसंगवश

## संसाधनों की कमी से स्कूल छोड़ रहीं बेटियां?

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दर्शाती है। यह सवाल है क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं? बेटियों की शिक्षा को लेकर गढ़ा गया नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज़ स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा- ये सारी बातें ज़मीनी हकीकत हैं जिनसे रोज़ हज़ारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है। हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल में टिक नहीं पातीं। अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं नहीं या हैं तो गंदे, असुरक्षित या क्षतिग्रस्त हालत में हैं। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का। सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा को 'लाभ' से ज्यादा 'खर्च' माना जाता है। इन परिस्थितियों में बेटियां स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है- व्यवस्था, समाज और हमारी। इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो। यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही ज़रूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी।

**हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है।**

इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान- ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है। महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है।

शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। प्रशासन और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो।

**प्रियंका सौरभ**

॥गीता॥



**श्लोक**

**नास्ति विद्या समं चक्षु**
**नास्ति सत्य समं तप।**
**नास्ति राग समं दुखं**
**नास्ति त्याग समं सुखं॥**

**भावार्थ**

विद्या के समान आँख नहीं है,
सत्य के समान तपस्या नहीं है,
आसक्ति के समान दुःख नहीं है
और त्याग के समान सुख
नहीं है।

जीवन दर्शन

# लोगों को नाराज़ किए बिना ना कैसे कहें?

आचार्य चाणक्य की नीतियों में से एक है लोगों को ना कहने की कला। अक्सर जब हम लोगों को किसी बात के लिए ना कहे हैं, तो सामने वाला नाराज हो जाता है पर चाणक्य ने कुछ ऐसे सिद्धांत बताएं हैं, जिसके लागू करते हुए अगर आप ना कहते हैं, तो सामने वाले की नाराजगी आपको नहीं झेलनी पड़ेगी। आचार्य चाणक्य के अनुसार, ना कहने के लिए विनम्रता और सम्मान के साथ जवाब देना आवश्यक है, ताकि सामने वाले को कम बुरा लगे। कूटनीति का एक हिस्सा है कि सीधे ना कहने के बजाय विकल्प प्रस्तुत करें, जिससे व्यक्ति आपकी मदद और ईमानदारी को समझ सके। आचार्य चाणक्य ने स्पष्टता और ईमानदारी को रिश्तों की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण बताया है, और ना कहने का उचित कारण बताने की सलाह दी है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग करते हुए, सामने वाले की भावनाओं को समझकर और उन्हें अपने ना कहने का कारण बताकर संवाद करना चाहिए। कई बार जब हम सामने वाले नाराज होने के डर से न चाहते हुए भी कुछ कामों के लिए हाँ कह देते हैं, जिससे हमारा नुकसान तो होता ही है, हमारे ऊपर मानसिक दबाव भी बन जाता है।

**विनम्रता और सम्मान के साथ जवाब दें :** जब आप वाणी में मिठास रखते हैं, तो वो लोगों को थोड़ा कम चुभती है। ना कहने से पहले भाषा और भाव दोनों मधुर और सम्मानजनक रखें। वाणी ऐसी होनी चाहिए जो मधुर तो हो, पर सत्य भी हो। यानि आपको किसी का दिल रखने के लिए सिर्फ हां नहीं कहना चाहिए क्योंकि इससे ना आप खुद के प्रति ईमानदार हैं और ना ही सामने वाले के प्रति।

**विकल्प सुझाएं :** सीधे ना कहने के बजाय, कोई विकल्प देना कूटनीति का हिस्सा होता है। अगर कोई व्यक्ति आपके पास उम्मीद लेकर आया है, तो उसे टालने के बजाय व्यक्ति को संकट का समाधान भी बताना चाहिए।

**स्पष्टता और ईमानदारी बनाए रखें :** स्पष्टता को धोखे से बेहतर माना गया है। अस्पष्टता भ्रम पैदा करती है और सामने वाला उम्मीद पाल सकता है। ईमानदारी और स्पष्टता संबंधों को स्थायी बनाते हैं। जो व्हाँ कहता है, वह स्वयं को खो देता है। इसलिए किसी का मन रखने के लिए सिर्फ हाँ नहीं कहें।

**भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रयोग करें :** सामने वाले की भावनाओं को समझें और उसी अनुसार प्रतिक्रिया दें। किसी को कठोरता से ना कह देना सामने वाले के मन को दुखी कर सकता है। इसलिए, उसकी भावनाओं का ख्याल रखते हुए अपनी मजबूरी समझाने की कोशिश करें। जो दूसरों की भावना समझता है, वही सच्चा नेता होता है।

**ना कहने का उचित कारण भी बताएं।** आप किसी को दो टूक में जवाब ना दें। ना कहने का उचित कारण भी बताएं। कारण देने से सामने वाला आपकी स्थिति को समझ सकता है। यदि हम अपनी बात को ईमानदारी, विनम्रता और स्पष्टता से रखें, तो सामने वाला नाराज नहीं होता, बल्कि हमें और सम्मान देता है।

**आचार्य चाणक्य**

## संक्षिप्त खबरें

### आदिवासियों को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ

**विसं, भोपाल।** जनजातीय बसाहटों को आधारभूत सुविधाओं से संपन्न बनाने और जनजातीय परिवारों में खुशियां लाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करते हुए मप्र ने पीएम जनमन योजना में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में पीएम जनमन योजना में 5800 जनजातीय बसाहटों में रह रहे 2 लाख 62 हजार से ज्यादा सहरिया, बैगा और भारिया परिवारों को विभिन्न विभागों की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान भारत, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड देने में 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। वे हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेने में इन दस्तावेज का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बहुउद्देशीय केंद्र, हर घर नल से जल, हर घर बिजली, सबको पोषण, सबको स्वास्थ्य, सबको शिक्षा, गांव-गांव मोबाइल नेटवर्क, वन धन विकास केंद्र बनाने जैसी परिवर्तनकारी योजनाओं को इन बसाहटों में क्रियान्वित किया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी योजनाओं से संबंधित विभागों को दी गई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है। जनजातीय परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने में शिवपुरी जिला न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश में आगे है। यहां 16 हजार से ज्यादा आवास बन चुके हैं। शहडोल में 10711, श्योपुर 7639, उमरिया में 6410, छिंदवाड़ा में 5479 मंडला में 5446 आवास बने हैं। अन्य जिलों में विभिन्न स्तरों पर तेजी से काम चल रहा है।

### सागर और बुंदेलखंड को मिलेगी वैश्विक पहचान

**विसं, भोपाल ।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच और नवाचारी दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से अगले कुछ महीनों में ग्वालियर, इंदौर और भोपाल में होने वाले तीन बड़े आयोजनों से पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की नई संभावनाएं सृजित होंगी, जो विशेष रूप से सागर संभाग और बुंदेलखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। राजपूत ने बताया कि 29-30 अगस्त को ग्वालियर में आयोजित होने वाले संभागीय टूरिज्म कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव में ग्वालियर, चंबल व सागर संभाग में निवेश की संभावनाओं पर ध्यान दिया जाएगा।

# संगठन सृजन के तरीकों से खुश नहीं कांग्रेस के क्षत्रप

## सोनिया से मिले कमलनाथ, दूसरे नेताओं की भी नाराजगी उजागर, दिल्ली में 12 को जिलाध्यक्षों को लेकर हो सकता है अंतिम फैसला



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस में सबकुछ अच्छा नहीं चल रहा है। एक ओर कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व सूबे में जिला संगठनों के अध्यक्ष पद के लिए नियुक्ति की तैयारी में है, तो बड़े नेता इस पर अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। सूत्रों की मानें तो पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ महाकौशल क्षेत्र में संगठनात्मक फेरबदल नहीं करने को लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिले है। गौरतलब है कि कांग्रेस के संगठन सृजन को लेकर पार्टी हाईकमान अंतिम चरण की प्रक्रिया में है। पार्टी ने इसे लेकर दिल्ली में 12 अगस्त को बैठक बुलाई है। कहा जा रहा है कि इसी बैठक में जिला अध्यक्षों के चयन पर अंतिम फैसला किया जाना है। इसके ठीक एक दिन बाद यानि कि 13 अगस्त को भोपाल में राजनीतिक मुद्दों पर आपात बैठक बुलाई गई है, जिसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित पार्टी के सभी दिग्गज नेताओं को हर हाल में मौजूद रहने को कहा गया है। पार्टी से जुड़े सूत्रों की मानें तो पूर्व सीएम कमलनाथ सहित दूसरे नेता संगठनात्मक बदलाव के पक्ष में नहीं हैं। विशेषकर कमलनाथ ने पार्टी नेतृत्व से लेकर राहुल गांधी तक से महाकौशल क्षेत्र में संगठनात्मक बदलाव नहीं करने का आग्रह किया है। बताया गया है कि इस मांग को लेकर कमलनाथ की पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी दिल्ली में लगभग 45 मिनट तक चर्चा हुई है, जिसमें उन्होंने महाकौशल अंचल में मौजूदा संगठन को ही काम करने का आग्रह किया है। चर्चा है कि पूर्व सीएम ने कहा कि मौजूदा संगठन ने उस दौर में पार्टी का साथ दिया है, जब लोग पार्टी छोड़ रहे थे, अगर ऐसा होता है, तो इस अंचल में फिर से भगदड़ मच सकती है। ऐसे में उनकी मंशा है कि जिला अध्यक्षों से लेकर ब्लॉक स्तर तक संगठन को गढ़ते वक्त उनके सुझावों पर ध्यान दिया जाए। इधर संगठन सृजन से जुड़े पार्टी नेताओं की मानें तो पार्टी का आलाकमान महाकौशल में राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार की सिफारिशों को महत्व दे रहा है। लेकिन सूत्र यह भी बताते हैं कि पूर्व सीएम ने साफ तौर पर यह जता दिया है कि यदि महाकौशल में उनके सुझावों की अनदेखी की गई, तो उनके द्वारा पार्टी के निर्णयों का खुलकर विरोध किया जा सकता है।



### दूसरे अंचलों के नेताओं में भी रस्साकशी

इसी तरह की स्थिति अकेले महाकौशल में ही नहीं दूसरे अंचलों में भी नेताओं के बीच अपने समर्थकों को पद दिलाने के लिए रस्साकशी जैसी स्थिति बताई जा रही है। कांग्रेस की राजनीति की नब्ज समझने वाले मान रहे हैं कि अभी भी कांग्रेस में वह क्षत्रप राज्य खत्म नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से कांग्रेस की राज्य में मौजूदा स्थिति हुई है। अगर अंचल वार देखें, तो एक समय कांग्रेस के लिए सबसे मजबूत स्थिति वाले विंध्य क्षेत्र में पूर्व मंत्री अजय सिंह राहुल अपनी उपेक्षा का दर्द लिए घूम रहे हैं। इस अंचल में संगठन का काम सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के हाथों में है। राहुल और पटेल की राजनीतिक प्रतिदंद्धितिता किसी से छिपी नहीं है। यही कुछ ऐसा हाल बुंदेलखंड का है, जहां बड़े कद्दावर नेता पूरी तरह से लूपलाइन में है और वहां से ऐसा कोई बड़ा चेहरा नहीं है, जिस पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी जा सके। इस अंचल में स्थानीय नेता अपने तरह से जिलों का संगठन सृजन चाहते है। एक समय में पार्टी में कद्दावर नेता माने जाने वाले पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह भी चुनाव हारने के बाद से संगठन में भी लगभग नेपथ्य में चले गए हैं। इस क्षेत्र में पार्टी ने उन्हें दरकिनार कर नया नेतृत्व देते हुए जयवर्धन सिंह को संगठन सृजन के लिए महत्व दिया है। यहां से पूर्व विधायक रहे प्रवीण पाठक की भी संगठन में पहले जैसी पूछ-परख नहीं है। निमाड़ क्षेत्र की जिम्मेदारी अरुण यादव को सौंपी गई है। मालवा और मध्यक्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने हिसाब से युवाओं को संगठन की कमान सौंपने के पक्ष में हैं।







### जीतू प्रदेश में करेंगे वोट चोरी का खुलासा

**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नक्शेकदम पर चलते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी जल्द वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का खुलासा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर अपनी मंशा का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस 2023 के विधानसभा चुनाव में हुई कथित वोट चोरी का खुलासा करेगी। उन्होंने दावा किया कि उनके पास कई विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में गड़बड़ी के पुख्ता सबूत है,जिन्हें उनके द्वारा सार्वजनिक किया जाएगा। पटवारी ने अपने एक्स पर लिखा कि लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की साजिशों को बेनकाब करना अब जरुरी है। 13अगस्त को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी 2023 विधानसभा चुनाव की वोट चोरी का पर्दाफाश करेगी। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने भी वोट चोरी को लेकर अपने आरोपों में जिन राज्यों के नाम लिए है,उसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने भी इस मुद्दे को उठाया है।



### कांग्रेस ने ग्वालियर में खोली मोहब्बत की दुकान

## दिग्विजय ने कहा-सिंधिया बेटे जैसे, राजनीतिक नहीं था मंच

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके पुत्र के समान हैं। उनके आग्रह पर ही वो भोपाल में आयोजित एक निजी कार्यक्रम के मंच पर बैठे थे। उन्होंने कहा कि वो आज भी राजनीतिक मंचों से दूर रहने अपने निर्णय पर अडिग हैं। राज्यसभा सांसद रविवार को ग्वालियर में मोहब्बत की दुकान के शुभारंभ करने के उपरांत पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल में निजी कार्यक्रम था, जिसमें सिंधिया जी मुख्य अतिथि थे। मैं मंच पर नहीं था, नीचे बैठा था। सिंधिया जी आए और मंच पर ले गए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्षता से अपना काम नहीं कर रहा है। बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव सहित अन्य राज्यों के चुनाव भी संदेह के घेरे में हैं। उन्होंने राहुल गांधी के उठाए बेंगलुरु की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर एक लाख से अधिक फर्जी मतदाताओं की बात दोहराते हुए कहा कि इस घोटाले से चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने बिहार के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक झटके में 65 लाख मतदाताओं को मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने चुनाव आयोग से अपनी विश्वसनीयता साबित करने और भाजपा से इस मामले में स्पष्टीकरण देने की मांग की। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान के नारे को सार्थक बनाने की पहल की है। पार्टी ने ग्वालियर में रविवार को ऐसी पहली मोहब्बत की दुकान खोली है, जिसका शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अपने ही मोहल्ले में लोगों के साथ संगत करें, चर्चा करें। समाज में देश के लिए क्या किया जा सकता है, इसे लेकर चर्चा करें।

# आईएफएस अफसरों के पीएआर पर अलग से टिप्पणी लिख सकते हैं कलेक्टर-कमिश्नर

**ब्यूरोक्रेट ने किया है संशोधन आदेश जारी**



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** आईएफएस अफसरों के परफॉर्मेंस एनुअल रिपोर्ट (पीएआर) को सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के सवा महीने बाद राज्य सरकार ने पिछले दिनों संशोधित आदेश जारी कर दिया है। सरकार के नए आदेश में डीएफओ और सीएफ के पीएआर पर कलेक्टर-कमिश्नर को अलग से टिप्पणी लिखने का प्रावधान किया गया है। इस आदेश ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भारतीय वन सेवा के अधिकारियों की बड़ी जीत के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि इस संबंध में लगभग एक महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था, जिससे राज्य के आईएफएस अधिकारी मायूस हो गए है। जानकारी के अनुसार नए आदेश में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) के पीएआर लिखने के चैनल से वन बल प्रमुख को पूरी तरह से बाहर कर दिया है, यानि पीसीसीएफ स्तर के अफसर वन बल प्रमुख के नियंत्रण से मुक्त रहेंगे। आदेश में कहा गया है कि जिला कलेक्टर, जिला स्तर पर संचालित विकास कार्यों जिसमें डीएफओ की भूमिका रहती है, के क्रियान्वयन के संबंध में उप वन संरक्षक (क्षेत्रीय) के प्रदर्शन पर अपनी टिप्पणियां एक अलग शीट पर दर्ज करेंगे। यह शीट प्रतिवेदक अधिकारी अर्थात वन संरक्षक अथवा मुख्य वन संरक्षक को भेजी जाएगी, जो अपनी राय दर्ज करते समय इस पर विचार कर करें। इसी तरह संभागीय आयुक्त, जिला स्तर पर संचालित विकास कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में वन संरक्षक एवं मुख्य वन संरक्षक वन संरक्षक (क्षेत्रीय) द्वारा डीएफओ के पर्यवेक्षण पर अपनी टिप्पणियां एक अलग शीट पर दर्ज करेंगे। यह शीट प्रतिवेदक अधिकारी अर्थात अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) को भेजी जाएगी, जो अपनी राय दर्ज करते समय इस पर विचार करेंगे।

### ये है संशोधन का आधार

बताया गया है कि नए आदेश में ब्यूरेक्रेट्स ने सुप्रीम कोर्ट के अपने फैसले में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली मंत्रालय के 8 नवंबर 2001 में जारी परिपत्र का हवाला दिया है। इसमें सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों में से एक भारतीय वन सेवा के सदस्यों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट लिखने के संबंध में था। तब सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के अधिकारियों तक, रिपोर्टिंग प्राधिकारी वन विभाग में तत्काल वरिष्ठ अधिकारी होना चाहिए। केवल प्रधान मुख्य वन संरक्षक के मामले में ही रिपोर्टिंग प्राधिकारी सेवा से संबंधित व्यक्ति के अलावा कोई अन्य व्यक्ति होगा क्योंकि भारतीय वन सेवा में उनसे वरिष्ठ कोई नहीं है। 2001 में वन विभाग में प्रधान मुख्य वन संरक्षक का एक ही पद हुआ करता था। यही विभाग के मुखिया हुआ करते थे। वर्तमान में प्रधान मुख्य वन संरक्षक से ऊपर वन बल प्रमुख का पद है।

**2001 में ये था प्रावधान**

वर्ष 2001 में कलेक्टर और कमिश्नर के लिए प्रावधान था कि राच्य सरकार यदि आवश्यक हो, तो कलेक्टरों और आयुक्तों को निर्देश दे सकती है कि वे जिला प्रशासन द्वारा वित्तपोषित विकास कार्यों (20-सूत्री कार्यक्रम सहित) के कार्यान्वयन के संबंध में भारतीय वन सेवा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन के बारे में एक अलग पृष्ठ पर अपनी टिप्पणियाँ दर्ज करें, ताकि वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट लिखते समय वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उन पर विचार कर सकें। लेकिन इस प्रावधान के बाद भी पूर्व में प्रचलित गोपनीय मूल्यांकन रिपोर्ट की प्रक्रिया में कलेक्टर और कमिश्नर बाहर ही थे।

### बुधनी, राजगढ़ और छतरपुर में एनएमसी करेगा निरीक्षण, श्योपुर व सिंगरौली में तैयारियां पूरी

# प्रदेश में बढ़ेंगी एमबीबीएस की 750 सीटें अगले साल खुलेंगे 5 नए मेडिकल कॉलेज

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में एमबीबीएस कोर्स की 750 सीटें बढ़ने वाली हैं। यह सीट वृद्धि अगले शैक्षणिक सत्र यानि 2026-27 से होगी। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय मप्र से मिली जानकारी अनुसार अगले वर्ष प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। इनमें श्योपुर और सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में नेशनल मेडिकल कमीशन का निरीक्षण हो चुका है। जबकि राजगढ़, बुधनी और छतरपुर मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2026 के शुरूआत में एनएमसी निरीक्षण करने आएगी। उक्त पांचों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की कुल 750 सीटें होंगी। प्रत्येक कॉलेज में 150-150 सीटें रहेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। जिनमें एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या 2575 है।

### मेडिकल टीचर्स को 20 फीसदी प्रोत्साहन

नए मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल टीचर्स की कमी को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इस योजना के तहत इसमें फैकल्टी को वेतन का लगभग 20 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाएगा। जिससे नए मेडिकल टीचर्स अधिक वेतन से आकर्षित होकर सेवा देने के लिए तैयार हों।



### निरीक्षण से पहले फैकल्टी की भर्ती

प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए फैकल्टी की कमी बड़ी चुनौती बन रही है। इस कारण चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने अगले वर्ष प्रारंभ होने जा रहे तीन मेडिकल कॉलेजों के लिए फैकल्टी की भर्ती सहित अन्य तैयारियां अभी से प्रारंभ कर दी हैं। पहले मंडला में भी वर्ष 2026-27 के सत्र से एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की योजना थी, पर भवन निर्माण में देरी के चलते अब यह 2027-28 के सत्र में प्रारंभ हो पाएगा। इन कॉलेजों की मान्यता के लिए शीघ्र की नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आवेदन किया जाएगा। एनएमसी की टीम वर्ष 2026 में निरीक्षण के लिए आएगी, पर इसके पहले फैकल्टी के पदों पर पूर्ति की जाएगी। नए कॉलेजों को फैकल्टी नहीं मिलने की चुनौती के चलते सरकार छोटे जिलों के मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रोत्साहन की योजना भी ला रही है।

**साढ़े पांच हजार से अधिक हो जाएंगी सीटें डॉक्टर बनने युवाओं के लिए बढ़ेंगे अवसर**

संचालनालय से मिली जानकारी अनुसार मप्र में वर्तमान में 29 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। इनमें 17 सरकारी और 12 प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं। 17 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या 2575 है। जबकि 12 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2200 है। इस तरह वर्तमान में प्रदेश में कुल एमबीबीएस सीटों की संख्या 4775 है। अगले वर्ष पांच नए मेडिकल कॉलेज 750 एमबीबीएस सीटों के साथ खुलेंगे। जिसके बाद प्रदेश में एमबीबीएस सीटों की कुल संख्या 5525 तक पहुंच जाएगी। इतना ही नहीं यदि इंदौर के एक निजी मेडिकल कॉलेज को फिर से मान्यता मिलती है तो 250 सीटों की और वृद्धि हो सकती है।

# हर जन को जोड़ें तिरंगा अभियान से: सीएम

## अभियान को लेकर ली उच्च स्तरीय बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को अपने निवास में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शुचिता और स्वदेशी वस्तुएं अपनाने की जागरूकता को भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए। सीएम ने कहा कि आजादी सिर्फ एक अधिकार मात्र नहीं है, यह हमें देश के विकास में हर संभव योगदान देने का कर्तव्यबोध भी कराती है। अभियान के दौरान प्रभावी गतिविधियां की जाएं। इसे ऑपरेशन सिंदूर के सैन्य पराक्रम से जोड़कर युवाओं की सहभागिता बढ़ाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। आमजन को आसानी से राष्ट्रध्वज उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने बैठक में वर्चुअली जुड़े प्रदेश के सभी कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, आईजी और पुलिस अधीक्षकों से कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समुचित समन्वय कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय होकर प्रयास करें। गौरतलब है किहर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। पहले चरण में 2 से 8 अगस्त तक समाज में वातावरण निर्माण किया गया। दूसरा चरण 9 से 12 अगस्त तक चलेगा। तीसरा चरण 13 अगस्त से प्रारंभ होकर 15 अगस्त को पूरा होगा। स्वाधीनता दिवस के पावन अवसर पर केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना मौजूद थे।

**संबोधन** इंदौर में मालवा प्रांत के समाज प्रमुखों को किया संबोधित

# समाज का उद्देश्य धर्मयुक्त जीवन होना चाहिए: भागवत



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि समाज है, तो सद्भावना है, समाज का उद्देश्य धर्मयुक्त जीवन होना चाहिए। मनुष्य को केवल शरीर और उपभोग की वस्तु मानने वाला विचार यूरोप को तबाह कर चुका है और अब यह विचार भारत की परिवार व्यवस्था को कमजोर कर रहा है। इसके पीछे कुछ विश्व के 5-060 घरानों का गठजोड़ है, जिनका लक्ष्य भारत के बाजार पर कब्जा जमाना है। संघ प्रमुख इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आरएसएस के मालवा प्रांत के 111 समाजों के 284 समाज प्रमुखों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र एक ही बात है और इसके लिए किया जाने वाला कार्य ईश्वरी माना जाता है। स्वामी दयानंद सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों ने जात-पात से ऊपर उठकर समाज में राष्ट्र भाव जाग्रत करने की दिशा में काम किया। मातृशक्ति का समाज और परिवार के प्रति चिंतन,पुरुषों से भी अधिक व्यापक होता है। उन्होंने कहा कि सभी जाति-बिरादरी के प्रमुखों से स्थानीय स्तर पर बैठकर अपनी बिरादरी के उत्थान और कमजोर वर्गों को ऊपर उठाने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। हम हिन्दू हैं और हर हिन्दू का सुख-दुख हमारा है। राष्ट्र और हिन्दू समाज के प्रश्नों का समाधान मिलकर करना चाहिए।

### समाज प्रमुखों ने रखी जिज्ञासाएं

इस मौके पर सरसंघचालक ने अलग-अलग जिलों से बैठक में भाग लेने पहुंचे समाज प्रमुखों से संवाद किया। जिनके द्वारा संघ प्रमुख के समक्ष अपनी जिज्ञासाएं रखी गई। बताया गया है कि बैठक यह तय हुआ है कि आगामी नबम्बर माह में इस तरह की सद्भाव बैठकें तहसील स्तर पर आहुत की जाएगी। यह बैठक प्रांत स्तर पर पहली बार आयोजित की जा रही है. मालवा प्रांत के सामाजिक सद्भाव संयोजक दिनेश गुप्ता ने बताया कि प्रांत के 180 जाति-समाज के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन की शुरुआत श्री गुरुजी जन्म शताब्दी वर्ष 2006 से संपूर्ण देश में स्वयंसेवक व जाति समाज प्रमुखों ने आरंभ किया था।

### कोई एक पैथी सर्वश्रेष्ठ नहीं

संघ प्रमुख ने इंदौर में गुरुजी सेवा न्यास के कैंसर केयर सेंटर का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा अब व्यावसायिक हो गई हैं, जबकि ये समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। ज्ञान के लिए शिक्षा और ज्ञान पाने के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है। दुर्भाग्य है कि अच्छा स्वास्थ्य और शिक्षा सामान्य आदमी के पहुंच से बाहर है। यह काम पहले सेवा के नाते किए जाते थे, लेकिन अब स्वास्थ्य और शिक्षा भी व्यावसायिक हो गई है। पहले शिक्षा देना कर्तव्य माना जाता था। शिक्षा के लिए छात्रों को दूर जाना पड़ता है। अच्छी चिकित्सा के लिए भी बड़े शहरों में जाना पड़ता है। देश को कम खर्च वाली और सहज सुलभ चिकित्सा चाहिए। इलाज चिंता की बीमारी नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम का दृष्टिकोण यह है कि एक ही बात दुनिया पर लागू करना। विदेश में चिकित्सा पर हुई रिसर्च सब जगह लागू नहीं हो सकती, क्योंकि विश्व में विविधता है। किसी को नैचुरोपैथी से फायदा होता है तो किसी को होम्योपैथी से फायदा होता है। कोई एक पैथी सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती। भारतीय चिकित्सा पद्धति मरीजों का व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार इलाज करती है। 8-10 भारतीय शहरों में अच्छी कैंसर देखभाल उपलब्ध है। सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि बीमारियां सनातन हैं, जब मनुष्य समाप्त होगा, तभी बीमारियां खत्म होंगी। इंदौर में इस प्रकल्प के माध्यम प्रशंसनीय काम हो रहा है, लेकिन मन में यह न आए कि हम तीस मार खां है। हमें सेवा का अवसर मिला है इसे लगातार करते रहना होगा। नेकी करो कुएं में डालो, छोटे छोटे कदम लेकर आगे बढ़ना अच्छी बात है। इस कार्य के लिए अपने प्रति धन्यता का, गर्व का भाव रहे, लेकिन अहंकार नहीं आना चाहिए।

# भोपाल में चौथी कक्षा के विद्यार्थी से पैर दबवाती शिक्षका का वीडियो वायरल



**भोपाल।** बच्चों के सभ्य व्यक्तित्व का निर्माण हो, वे पढ़-लिखकर अपना भविष्य बेहतर बना सकें, इसी उम्मीद में मां-बाप उन्हें स्कूल भेजते हैं। भोपाल के एक सरकारी स्कूल से सामने आये वीडियो से भरोसे को गहरी चोट पहुंची है। यहां एक महिला टीचर विद्यार्थी से पैर दबवाते नजर आ रही हैं। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई। इस मामले शिक्षक का कहना है कि क्लास में प्रवेश करते समय गेट पर टूटी टाइल्स से बने गड्ढे में उनका पैर मुड़ गया था। बच्चों ने उन्हें संभालकर कुर्सी पर बैठाया और एक बच्चा प्रेमभाव से पैर दबाकर दर्द कम करने की कोशिश कर रहा था। टीटी नगर में जहां इस साल से शुरू हुए सांदीपनी स्कूल में बच्चों को स्मार्ट क्लासेस के जरिए अंग्रेजी, गणित समेत अन्य विषय रोचक तरीके से पढ़ाए जा रहे हैं वहीं राजधानी में कुछ स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए न बाथरूम हैं और न कक्षाओं में बेंच। आधा दर्जन स्कूल जर्जर होने से बंद पड़े हैं। विद्यार्थी से पैर दबवाने का वीडियो गांधीनगर स्थित शासकीय महात्मा गांधी उमावि का है। लंच के बाद स्कूल की ज्यादातर कक्षाओं में बच्चे शांत होकर पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन चौथी कक्षा में शोर हो रहा था। यह स्कूल की एकमात्र कक्षा है, जहां बच्चे जमीन पर बैठते हैं। सामने कुर्सी पर बैठी महिला टीचर ने एक पैर दूसरी कुर्सी पर रखा था और उसी कक्षा का एक बच्चा पैर की मसाज कर रहा था। अन्य शिक्षकों के मुताबिक यह आम बात बताई जा रही है।

# पीडब्ल्यूडी के 1600 इंजीनियर सीखेंगे ट्री शिफ्टिंग, ग्रीन फील्ड

## पहली बार वर्चुअल की जगह होगी फिजिकल ट्रेनिंग

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग प्रदेश के एक हजार 600 इंजीनियर को रविंद्र भवन में सोमवार को ट्री शिफ्टिंग और ग्रीन फील्ड की ट्रेनिंग देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और विभागीय मंत्री राकेश सिंह करेंगे। उनके साथ प्रमुख अभियंता कृष्णपाल सिंह राणा और मुख्य अभियंता संजय मस्के शामिल होंगे। कार्यक्रम में सभी चीफ इंजीनियर सुपरीटेंडिंग इंजीनियर, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के साथ सभी उपयंत्री, सहायक यंत्री और अन्य इंजीनियर शामिल होंगे। विभाग ने सभी को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक इंजीनियर को सड़क, ब्रिज और अन्य निर्माण में पर्यावरण का ध्यान रखना सिखाया जाएगा। अब तक इस तरह की कई वर्चुअल ट्रेनिंग हुई है, लेकिन फिजिकल ट्रेनिंग पहली बार हो रही है। ट्रेनिंग में तीन बातों पर फोकस किया जाएगा। पहला सड़कों के किनारे या बीच में आने वाले पेड़ों को बिना काटे कैसे शिष्ट किया जाए। अब सभी निर्माण में इसे अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। इसका पायलट प्रोजेक्ट भोपाल के 11वें मील से बंगरसिया तक बन रही सड़क में किया जा रहा है। सड़क से निकलने वाले मटेरियल को दोबारा शत-प्रतिशत इस्तेमाल करना है। इसका टेंडर के पहले ही कैसे आकलन करके ठेकेदार को काम देना है, ताकि सड़क की ऊंचाई अधिक न हो और नई सामग्री के लिए खनन कम करना पड़े। तीसरा, सड़क किनारे ग्रीन फील्ड तैयार करना सिखाया जाएगा।

# हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता अभियान में प्रभावी एवं वृहद गतिविधियां आयोजित करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने पालकों द्वारा पशुओं को सड़कों पर छोड़ने पर एफआईआर दर्ज कराने के दिए निर्देश

**जागरण, छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने हर घर तिरंगा अभियान, हर घर स्वच्छता एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान में सभी विभागों को प्रभावी गतिविधियां करने के निर्देश दिए। जिसमें सभी सीएमओ एवं सीईओ को निर्देश दिए गए कि वार्डों एवं ग्रामों में रैली, वॉल पेंटिंग, श्रमदान, तालाबों में नाव से तिरंगा रैली आदि गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं और एसडीएम सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर ने सभी सीएमओ एवं सीईओ को वार्डों एवं ग्रामों में तिरंगा सेल्फी प्वाइंट बनाएं। इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान में वालंटियर्स के अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जन अभियान परिषद के समन्वयक को कार्यरत 40 नवांकुर संस्थाओं को पौधारोपण एवं हर घर तिरंगा अभियान में प्रभावी गतिविधियां करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ एवं डीपीसी को भी निर्देशित किया कि मानव, श्रृंखला, बाइक रैली, साइकिल रैली की स्कूलों में गतिविधियां कराएं।

**कलेक्टर ने एम्बुलेंसों की कड़ी चैंकिंग करने के निर्देश दिए:** कलेक्टर ने एसडीएम एवं सीएमएचओ शासकीय 108 एम्बुलेंस एवं निजी एम्बुलेंस के निरीक्षण के निर्देश दिए। जिसमें उनके स्टेशन, समय से पहुंच की उपलब्धता आदि एवं निजी एम्बुलेंस के



फिटनेस सर्टिफिकेट आदि की भी चेकिंग करें।कलेक्टर ने रोजगार अधिकारी को रोजगार मेले में अधिक से अधिक छात्रों के रोजगार पंजीयन कराने के निर्देश दिए और दूर दराज के क्षेत्रों एवं ब्लॉकों में रोजगार मेले का आयोजन करने के निर्देश दिए, जिससे लोगों आसानी हो और इन मेलों में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण करें। कलेक्टर ने कृषि एवं मार्कफेड को डबल लॉक केन्द्रों एवं समितियों में जरूरत अनुसार पर्याप्त खाद की उपलब्धता बनाएं रखने के निर्देश दिए। साथ ही वितरण केन्द्रों से प्रतिदिन उर्वरक वितरित होने की जानकारी भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर डीएमओ मार्कफेड की 1 दिन की वेतन काटने एवं गर्ल्स कॉलेज प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऊर्जा विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में कम पौधारोपण पर एसई एमपीईबी एवं पीडी एनएचएआई को टीएल में जवाब दर्ज ना करने पर शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एलडीएम से जीवन ज्योति बीमा एवं जीवन सुरक्षा बीमा के लगाए गए कैंप में प्राप्त हो रहे आवेदनों की जानकारी ली गई।

**पौधरोपण में प्रगति बढ़ाने के निर्देश :** कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण में संबंधित विभागों को पौधारोपण बढ़ाने एवं वायुदूत ऐप पर एंट्री बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एपीसी मीटिंग के बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए मिनीकिट वितरण, सॉइल हेल्थकार्ड सैंपलिंग, ई फार्म ऐप पर एंट्री और हर हफ्ते हैप्पीसीडर, सुपरसीडर के आवेदनों को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। साथ ही उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को भी उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र विस्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सागर कबरई परियोजना में शेष बचे हुए मुआवजे का जल्द से जल्द भुगतान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हरपालपुर बायपास एवं केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों के भी जल्द से जल्द बकाया मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिए।

**एनएचएआई पर जताई नाराजगी, गौवंशों को गौशालाओं में शिफ्टिंग कराने के लिए टीम की पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश :** कलेक्टर ने पीडी एनएचएआई पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि पशुओं के गौशालाओं में शिफ्टिंग कराने के लिए टीम की पेट्रोलिंग बढ़ाए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील में पालकों द्वारा आवारा पशुओं को सड़कों पर छोड़ने पर एफ आई आर कराएं। साथ ही कलेक्टर ने सभी सीईओ को निर्देशित किया कि जनपदों में गौशालाएं यदि खाली या क्षमता से अधिक मिली तो संबंधित सीईओ इसके स्वयं जिम्मेदार होगे।

# युवक को लगा करंट स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर



**लवकुशनगर ।** वार्ड क्रमांक 15 जेल के सामने अपने घर की लाईट ठीक करते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार अजय गुप्ता अपने घर की लाइट ठीक कर रहा था बताया कि वह किसी पेड़ पर चढ़ कर ठीक कर रहा था जिसके बाद उसको अचानक करेंट लग गया और वह नीचे गिर गया । युवक के मुंह में गंभीर चोटे आई है। परिजन उसे आनन फनन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये जहॉ से ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक ईलाज किया और उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया ।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 3.05 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर ।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों को बेहतर उपचार के लिए एवं एक मृतक के वैध वारिस को आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 3.05 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुई बाइक रैली



**जागरण, मंडला ।** आजादी के 79वे वर्षगांठ को मनाने के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की जागरूकता के लिए 11 अगस्त को बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली का प्रारंभ पुलिस लाइन से हुआ। पीएचई मंत्री श्रीमति संपतिया उईके, सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस रैली में भाग लेने वाले बाइक सवारों ने अपनी बाइक पर तिरंगा झंडा लगाकर जिले के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया। बाईक सवारों ने भारत माता की जय के नारों से 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए जागरूकता प्रसारित की। यह रैली नेहरू स्मारक-बैगा बैगी चौक-लालीपुर-चिलमन चौक -रेडक्रॉस-बैगा बैगी चौक होते हुए पुलिस लाईन ग्राउंड में संपन्न हुई। पुलिस बैंड के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ बाइक रैली प्रारंभ की गई। 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत 'स्वच्छ रहेंगे, स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे' हस्ताक्षर अभियान में सभी ने हस्ताक्षर भी किए। इस अवसर पर प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, सहायक कलेक्टर आकिप खान, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह सहित पुलिस बल तथा आमजन उपस्थित थे।

# बीच बस्ती में जगह-जगह खड़ी हो रही बसें, जाम की बार- बार बन रही स्थिति



**जागरण, लवकुशनगर ।** नगर में जाम लगना लोगो के लिये एक बड़ी समस्या बनकर रह गई दिन में अनेको बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। नगर में चंदला रोड में बने नवीन बस स्टेण्ड का बिधायक अरबिंद पटेरिया ने उद्घाटन भी कर दिया इसके बाद भी बसे बस स्टेण्ड न पहुंच कर महोबा रोड, रेस्ट हाउस के सामने, पुराने बस स्टेण्ड तिराहा में खड़ी होती है। तीन तीन बसे एक साथ सड़को में खड़ी कर दी जाती है जिसके कारण निकलने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। महोबा रोड नगर का अधिक व्यस्ततम मॉर्ग है महोबा रोड में महाविद्यालय, कन्या उ.मा.वि., उत्कृष्ट उ.मा.वि. थाना और जनपद कार्यालय के अलावा एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, सहित अन्य अधिकारियो के बगले है जिसके कारण यहॉ लोगो का आवागवन अधिक रहता है। अधिकांश समस्या स्कूली बच्चो को होती है । क्योकि महोबा रोड में पुरानी नगर पंचायत के सामने अधिकांश बसे खड़ी होती है। बस ड्राईवर बीच सड़क में बसे खड़ी कर सवारिया और सामान उतारते है जिससे यात्रियो और ई रिक्शा की काफी भीड होने के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन जाम में फस जाते है और स्कूली बच्चो को निकलने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। जाम लगने के कारण वाहन से जाने वाले बच्चे स्कूल के समय में भी लेट पहुंच पाते है। स्थानीय लोगो का कहना है कि पिछले कई सालो से कोई ट्राफिक पुलिस कर्मी नही है जिससे जहॉ जिसका मन किया वही वाहन को पार्क कर देता है कोई रोकने टोकने वाला न होने से और भी मनमानी करतें है नतीजा आम लोगो को परेशानी होती है। स्थानीय लोगो की मॉग है कि स्थाई ट्राफिक पुलिस कर्मी तैनात रहे जिससे कि जाम की स्थिति बार बार निर्मित न हो ।

# शासकीय कर्मचारियों ने हथिया लिया था धारणाधिकार का पट्टा, आवंटित पट्टे निरस्त करने का आदेश जारी

**डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा 146 के तहत न्यायालय कलेक्टर डिंडौरी द्वारा 08 अगस्त 2025 को नगरीय क्षेत्र डिंडौरी में शासकीय आवास निर्माण हेतु आरक्षित भूमि पर दिए गए नियमविरूद्ध पट्टे को निरस्त करने का आदेश जारी किया गया।प्रकरण के अनुसार, ग्राम मौजा डिंडौरी स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 2 प्लॉट नंबर 33/1 रकबा 128.6 वर्गमीटर में श्रीमती मंजू द्विवेदी पति श्री एस.के. द्विवेदी, शीट नंबर 2 प्लाट नंबर 33/1 रकबा 156.41 वर्गमीटर में श्रीमती सुमन बनावल पति श्री राजकुमार बनावल, शीट नंबर 2 खसरा नंबर 22 रकबा 114005 वर्गफुट में श्री महेश प्रसाद झारिया पिता शिवगुलाम झारिया, शीट नंबर 2 प्लाट नंबर 33/1 रकबा 55.74 वर्गमीटर में श्रीमती संध्या यादव पिता नवल किशोर यादव वर्ष 2023 में शासकीय कर्मचारियों को धारणाधिकार के तहत पट्टा प्रदाय किया गया था। यह भूमि पूर्व से ही शासकीय आवास निर्माण हेतु मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा आरक्षित की गई थी और इसका नामांकन नजूल शासकीय आवास हेतु आरक्षित है।इसी प्रकार शीट नंबर 6 प्लाट नंबर 31 रकबा 98274 वर्गफुट में श्री अरूण अवधिया पिता भागचंद अवधिया धारणाधिकार के तहत पट्टा प्रदाय किया गया था। यह भूमि पूर्व से ही बस स्टेण्ड के लिए आरक्षित है।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को गंभीरता से लें : कलेक्टर



**जागरण , मंडला ।** जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को गंभीरता से लें। जुलाई माह की शिकायतों के साथ-साथ 50 दिवस वाली शिकायतों पर भी फोकस करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों में लेवल-4 अधिकारी, कमिश्नर (राजस्व) हैं, संबंधित विभाग एल-4 की शिकायतों को अविलंब बंद कराएं। कलेक्टर ने कहा कि अधिक संख्या में लम्बित प्रकरणों वाले विभाग दैनिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिदिन फॉलोअप करें। जिससे विभागीय रैंकिंग बेहतर करते हुए जिले की रैंकिंग में सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी टीएल प्रकरणों का व्यक्तिगत रूप से फॉलोअप करते हुए समय पर टीएल बंद कराएं। बैठक में सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट, सीएम डैशबोर्ड, राजस्व प्रकरण, समग्र ई-केवाईसी, समाधान, स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की तैयारियाँ, 14 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित आगमन की तैयारियाँ तथा अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बड़ागांव से अवैध देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर ।** थाना अलीपुरा पुलिस को विगत रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान ग्राम बड़ागांव में सड़क में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम बड़ागांव पहुंची। पुलिस को देखकर संदेही ने भगाने का प्रयास किया, घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर अवैध देशी 12 बोर का कट्टा व कारतूस बरामद किया गया। आरोपी सत्येंद्र यादव पिता अमर सिंह यादव निवासी ग्राम जोरन थाना अलीपुरा को गिरफ्तार कर आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विधिवत कार्यवाही की गई, विवेचना कार्यवाही जारी है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है।

# जनअभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था एवं सखियों ने ग्रामीणों को पौधे वितरित किए

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को नवांकुर संस्था सिद्ध बाबा नेहरू युवा मंडल पड़वार ने नवांकुर सखियों को 1000 पौधे का वितरण किया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद गौरिहार की नवांकुर संस्था सिद्ध बाबा नेहरू युवा मंडल पड़वार के द्वारा ग्राम बरह, रेवना,पड़वार, ठाकुर्रा इत्यादि ग्रामों सबसे पहले नवाकुर सखियों को संस्था के द्वारा चिन्हांकन किया गया। तत्पश्चात इन ग्रामों में नवाकुर सखियों को 1000 पौधा वितरित किए गए। सबसे पहले इन ग्रामों में चौपाल के माध्यम से नवांकुर सखियों एवं ग्रामीणजनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद सभी ग्रामों में हरियाली यात्रा कलश यात्रा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता : मंत्री श्रीमती उईके

## पांच दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ हुआ



**जागरण, मंडला ।** पांच दिन तक चलने वाले आकांक्षा हाट की सोमवार को जल संसाधन विभाग के विश्राम गृह प्रांगण में शुरुआत हुई। मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। आकांक्षा हाट 15 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती उईके ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय स्तर पर हमारे कारीगर हो या स्व-सहायता समूह की बहनें, इनके द्वारा बहुत ही अच्छे उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। मण्डला की बहनों द्वारा तैयार की जा रही गोण्डी पेंटिंग को जीआई टैग भी मिल चुका है। अंतिम पंक्ति के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार प्रयास करते है। प्रशासन लगातार इस दिशा में कार्य कर रहा है, चाहे मिलेट्स फेस्टिवल का आयोजन हो, चाहे शिल्पी मेला हो या फूड फेस्टिवल का आयोजन हो। सभी के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। आज आकांक्षा हाट में यहाँ पर 22 स्टाल लगाये गये हैं। अगले पाँच दिनों तक निश्चित रूप से लोग यहाँ आयेंगे और इससे स्व-सहायता समूह तथा अन्य कारीगरों को इसका लाभ मिलेगा। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि जिले के मवई और नारायणगंज का चयन आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में किया गया था। आज का यह हाट प्रधानमंत्री श्री मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' कल्पना को साकार करने का कदम है। हमारे लोकल उत्पादों को उचित बाजार मिले इसकी चिंता हमें करनी होगी। हमारे क्षेत्र की कोदो-कुटकी-रागी जैसी फसलों की अच्छी मांग है। मण्डला का शहद भी प्रसिद्ध है। उन्होंने मौजूद लोगों से इस हाट का प्रचार-प्रसार करने की अपील की। इससे पहले मंत्री श्रीमती उईके एवं सांसद श्री कुलस्ते ने हाट के सभी स्टाल का अवलोकन किया। इस दौरान आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की ओर से लगाए गए फूड स्टाल के व्यंजन भी चखे। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, अन्य जनप्रतिनिधि सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**आज बाइक रैली निकालकर दिया जाएगा हर घर तिरंगा लगाने का संदेश : छतरपुर ।** जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को प्रातः 8 बजे से छतरपुर शहर में तिरंगा बाईक एवं स्कूटी रैली का आयोजन किया जाएगा। बाईक रैली शास. उत्कृष्ट विद्यालय क्र. 01 छतरपुर से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौराहा होते हुए चौक बाजार रोड से महल तिराहा होते हुए बड़ा तलाब से पुलिस लाईन और वापिस शास. उत्कृष्ट विद्यालय क्र.01 छतरपुर में समाप्त होगी। उक्त रैली में अपने अधीनस्थों के साथ हेलमेट पहनकर एवं बाईक स्कूटी में उचित तरीके से तिरंगा बांधकर समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**थाना गढ़ी मलहरा पुलिस ने 4 दिन के अंदर ट्रैक्टर चोर को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर कल्टीवेटर सहित किया बरामद : छतरपुर ।** दिनांक 6 अगस्त की रात्रि थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पृथ्वीपुर में खेत से ट्रैक्टर चोरी संबंधी फरियादी सुवेन्द्र पटेल की रिपोर्ट पर थाना गढ़ी मलहरा में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर क्षेत्र में भ्रमण करने वाले संदिग्ध की सूचना एकत्र की गई। पन्ना रोड, महोबा रोड छतरपुर रोड सहित इत्यादि रोड में सर्चिंग की गई।

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
वेबसाइट / Website: www.jipmer.edu.in
दूरभाष / Phone: 0413-2296022

सं. जिपप्रशा–1भर्ती03(1)/1/2025
दिनांक: 12.08.2025

जिपमेर के निदेशक द्वारा **प्रतिनियुक्ति के आधार पर** जिपमेर, पुदुच्चेरी और जिपमेर, कारैक्काल में नीचे उल्लिखित विभिन्न वर्ग 'क' और 'ख' पदों को भरने के लिए केंद्र/राज्य/संघ राज्य–क्षेत्र सरकार/सांविधिक/स्वायत्त निकायों/सरकारी विश्वविद्यालयों/सरकारी अनुसंधान और विकास संगठनों आदि के पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

जिपमेर, पुदुच्चेरी

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर (सातवाँ सी.पी.सी.) | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | उप निदेशक (प्रशा.) | स्तर – 13 | 1 |
| 2 | परीक्षा नियंत्रक | स्तर – 12 | 1 |
| 3 | पंजीयक | स्तर – 12 | 1 |
| 4 | सिस्टम विश्लेषक | स्तर – 11 | 2 |
| 5 | सहायक परीक्षा नियंत्रक | स्तर – 10 | 1 |
| 6 | कंप्यूटर प्रोग्रॉमर | स्तर – 10 | 2 |
| 7 | क्रय अधिकारी | स्तर – 10 | 1 |
| 8 | कल्याण अधिकारी | स्तर – 10 | 1 |
| 9 | डेटा प्रोसेसिंग सहायक ग्रेड–ए | स्तर – 7 | 1 |
| 10 | सहायक पंजीयक | स्तर – 7 | 1 |

जिपमेर, कारैक्काल

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर (सातवाँ सी.पी.सी.) | रिक्ति |
|---|---|---|---|
| 11 | पंजीयक | स्तर – 12 | 1 |
| 12 | सहायक परीक्षा नियंत्रक | स्तर – 10 | 1 |
| 13 | कंप्यूटर प्रोग्रॉमर | स्तर – 10 | 1 |
| 14 | लेखा अधिकारी | स्तर – 9 | 1 |
| 15 | सहायक पंजीयक | स्तर – 7 | 2 |

उपरोक्त पदों के लिए आवेदन का प्रारूप, वेतनमान, आयु, अर्हता, अनुभव और पात्रता की अन्य शर्तें आदि से संबंधित अन्य विवरण जिपमेर वेबसाइट **www.jipmer.edu.in** पर उपलब्ध है।
भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख **22.09.2025 (सोमवार), शाम 4:30 बजे तक है।**
निदेशक

सत्यमेव जयते
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग**
**वर्ष 2025 - 26 के लिए**
एससी छात्रों हेतु मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना
के अंतर्गत उच्चतर शैक्षिक अध्ययन हेतु
**अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों को**
**छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की घोषणा करता है।**

**पात्रता**
- माता-पिता / अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए
- मान्यता प्राप्त संस्थानों/ विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/ विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने वाले छात्र

**कार्य क्षेत्र**
- कक्षा 11 एवं उसके बाद वाले सभी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम
- लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों / संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाएगा
- सबसे गरीब परिवारों के आवेदकों को प्राथमिकता

**छात्रवृत्ति**
- पूर्ण अप्रतिदेय शुल्क (ट्यूशन शुल्क सहित)
- प्रतिवर्ष 2500/- रुपए से लेकर 13500/- रुपए का अकादमिक भत्ता
- दिव्यांग छात्रों (विशेष रूप से सक्षम) के लिए 10% अतिरिक्त भत्ता

- छात्र के पास वैध **मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर (यूआईडी), आधार से जुड़ा बैंक खाता, आय प्रमाण-पत्र, पिछले वर्ष की मार्कशीट तथा जाति प्रमाण-पत्र होना चाहिए।**

- योजना के दिशा-निर्देश तथा विस्तृत पात्रता मानदंड नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं।
**https://socialjustice.gov.in/schemes/23**

योजना के दिशा-निर्देशों के लिए QR कोड स्कैन करें
cbc 38101/11/0008/2526

# भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर व राम जानकी मंदिर में चोरी करने वाले पुलिस की गिरफ्त से बाहर

जागरण, पन्ना

भगवान विश्वकर्मा जी के अस्त्र-शस्त्र सहित अन्य सामग्री को उड़ा ले गए चोर शहर के लोगों में व्याप्त आक्रोश 7 दिन बाद भी चोरों का सुराग नहीं लगा पाई पुलिस पन्ना पुलिस विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन।शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। शहर के सीसीटीवी कैमरे सुप्त अवस्था में पड़े हुए हैं, चोरों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं, पन्ना शहर में आए दिन चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। पन्ना शहर में स्थित खेजड़ा मंदिर के ऊपर पिछले पांच अगस्त की रात को अज्ञात चोरों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जी मंदिर व राम जानकी मंदिर दोनों मंदिरों के एक साथ ताले तोड़कर भगवान विश्वकर्मा जी के कीमती अस्त्र-शस्त्र अज्ञात चोर धड़ल्ले से दोनों मंदिरों का ताला तोड़कर फरार हो गए। राम जानकी मंन्दिर तो बीच शहर के अन्दर स्थित है। दिनांक 5 अगस्त आज से 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं।

चोरों का सुराग अभी तक नहीं लग पा रहा है जिस कारण समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है आज समाज के लोगों ने एकत्र हो पुलिस अधीक्षक को भगवान श्री विश्वकर्मा जी मंदिर एवं राम जानकी मंदिर में चोरी के संबंध में ज्ञापन सौपा। विश्वकर्मा समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की गई कि जो भगवान विश्वकर्मा जी के अमूल्य और कीमती अस्त्र-शस्त्र जिसमें भगवान विश्वकर्मा जी के हाथों में लिए हुए कलश, कटोरा , हथौड़ा, ज्वाला खप्पर ,त्रिशूल , भाला, चिमटा एवं ढाल सभी ठोस धातु के बने हुए और मंदिर में रखा हुआ पीतल का घंटा झालर इत्यादि सामान चोरी कर लिया गया था, उक्त सामान की चोरी करने वाले चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, और भगवान के अस्त्र-शस्त्र वापस किए जाएं। अगर जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और भगवान के सामान की बरामदगी नहीं होती तो समाज को एकत्र होकर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।



ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा सेवा संस्थान, गोविंद विश्वकर्मा सचिव विश्वकर्मा सेवा संस्थान , लाल जी विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष,मनीष विश्वकर्मा ,धीरज विश्वकर्मा ,सोहन विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा ,मुकेश विश्वकर्मा ,ओम प्रकाश विश्वकर्मा ,मनीष विश्वकर्मा (सेल टैक्स ),विजय विश्वकर्मा ,नरेंद्र विश्वकर्मा इत्यादि लोग सम्मिलित रहे।

# डॉक्टर परिवार को लगातार मिल रही धमकी असामाजिक तत्वों पर अब तक नही हुई कार्यवाही

**टीकमगढ़।** बीते दिनों जिला अस्पताल परिसर में जब डॉ. योगेश यादव हॉस्पिटल से ड्यूटी कर घर पहुंचे और मरीजो को देख रहे थे, तभी दो युवकों ने स्टाफ के साथ विबाद किया था, और दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई थी। जिसके बाद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा डॉक्टर को घर मे घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिस पर डॉक्टर का परिवार भयभीत है और पुलिस अधीक्षक से इस मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई कार्यवाही नही की है। जिसकी पीड़ित डॉक्टर और उनके परिजनों में 3 अगस्त 2025 को एसपी को शिकायत दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर कार्यवाही नही होने के चलते आज डॉक्टर के परिजनों सहित परिचितों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले में कार्यवाही करने की मांग उठाई है। डॉक्टर के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 01.08.2025 की दोपहर 02=15 मिनिट पर जिला अस्पताल से ड्यूटी कर डॉक्टर घर पर मरीजों को देख रहा थे तभी दो युवक अश्विनी रावत और विकास राय आये और बेवजह नंबर बदलवाने का बहाना कर स्टाफ के साथ माँ-बहिनों की बुरी-बुरी गालियाँ देने लगे। जब स्टाफ ने गालियाँ देने से मना किया तो दोनों पक्षों के बीच कहा-सुनी एवं मारपीट हो गई। इसके बाद मामला शान्त हो गया था और कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा वाट्सएप ग्रुप सोशल मीडिया हिन्दू नर्व वर्ष उत्सव समिति में भद्दी-भद्दी गालियाँ देकर घटना को लेकर मुझे एवं मेरे परिवार को घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी। जिससे डॉक्टर और उनका परिवार असुरक्षित महशूस कर रहा है। जिसकी डॉक्टरों के परिजनों ने दिनांक 03.08.2025 एसपी और कोतवाली थाना प्रभारी को भी आवेदन देकर कार्यवाही की माँग की थी, लेकिन आज दिनाँक तक असामाजिक तत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे उनके हौंसले बुलंद हैं और आये दिन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जान से मारने की धमकियाँ मिल रहीं हैं।



# महेंद्र सागर तालाब की बंधान पर भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती

## ओवरलोड पिकअप ने तोड़ा सुरक्षा गाटर

**टीकमगढ़।** शहर के ऐतिहासिक महेंद्र सागर तालाब की बंधान को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन ने भारी वाहनों की आवाजाही पर स्थायी प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन इसके बावजूद नियम तोड़ने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सोमवार को एक ओवरलोड पिकअप वाहन चालक ने जबरन निकलने की कोशिश की। इस दौरान वाहन लोहे के गाटर में फंस गया और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी यहां लगाए गए सुरक्षा गाटर और पाइप कई बार भारी वाहनों की टक्कर से टूट चुके हैं। तालाब की ओर जाने वाले मार्ग पर सुरक्षा के लिए चार अलग-अलग स्थानों—घंटा घर तिराहा, चित्रगुप्त मंदिर के पास, हायर सेकेंडरी स्कूल के सामने और अन्य जगहों—पर लोहे के पाइप और गाटर लगाए गए हैं, जिनसे केवल बाइक और छोटे वाहन ही निकल पाते हैं। टीकमगढ़-ललितपुर मार्ग पर तालाब किनारे छह प्राचीन मंदिर स्थित हैं, जहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु और कॉलेज के छात्र-छात्राएं पहुंचते हैं। भारी वाहनों से न केवल तालाब की बंधान पर बनी प्राचीन सकरी सड़कों पर दबाव पड़ता है, बल्कि कंपन से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है। यह समस्या पिछले 12 वर्षों से बनी हुई है और स्थानीय लोगों की लगातार मांग के बाद प्रशासन ने भारी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए यह स्थायी व्यवस्था की थी। यातायात प्रभारी कैलाश कुमार पटैल ने कहा कि नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि तालाब की बंधान और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# कलेक्टर ने नर्सिंग ऑफीसर सुनीता सनौडिया को बच्चा वार्ड के प्रभार से हटाया, असंचयी प्रभाव से तीन वेतनवृद्धि भी रोकी

## प्रियंका सिंह महदेले एवं शिवानी केवट की भी रूकेगी एक-एक वेतनवृद्धि

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत 16 जुलाई को जिला चिकित्सालय पन्ना के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे जिशान बेग के उपचार में लापरवाही बरतने पर लापरवाह नर्सिंग ऑफीसर के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की है, जिसके तहत वृहद स्तर पर नर्सिंग आफीसर सुनीता सनौडिया की लापरवाही पाए जाने पर इनको बच्चा वार्ड के प्रभार से पृथक करने के साथ ही आगामी तीन वेतनवृद्धि भी असंचयी प्रभाव से रोकी गई है, जबकि इस प्रकरण में लापरवाही पर नर्सिंग ऑफीसर प्रियंका सिंह महदेले और शिवानी केवट की भी एक-एक वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई है। जिला कलेक्टर ने समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से यह मामला संज्ञान में आने पर संबंधित के विरूद्ध जांच कर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा इस मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था।



जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख है कि बच्चा वार्ड प्रभारी सुनीता सनौडिया द्वारा वार्ड में स्थापित स्टोर में समय-समय पर उपलब्ध दवाईयों का अवलोकन नहीं किया जाता। 16 जुलाई को भी स्टोर से भर्ती बच्चे को दवाईयां निकालते समय समाप्ति तिथि का अवलोकन नहीं किया गया। इससे नर्सिंग ऑफीसर को प्राथमिक जांच के दौरान ही प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। इसके अतिरिक्त 23 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी कर नर्सिंग ऑफीसर से जवाब चाहा गया, लेकिन समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया और प्रतिवाद उत्तर व जांच समिति द्वारा पूछे गए प्रश्न में भी भिन्नता पाई गई, जबकि नर्सिंग ऑफीसर का दायित्व था कि बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चों को उपचारित करने के लिए दवाईयों और बोतलों का स्वयं अवलोकन कर प्रदान किया जाना था।

जिला कलेक्टर द्वारा उक्त लापरवाही के दृष्टिगत संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10(5) के तहत क्रमशः 01.07.2026, 01.07.2027 एवं 01.07.2028 की तीन वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के दण्ड से दण्डित किया गया है। इसी क्रम में दायित्वों के निर्वहन में असफल रहने पर नर्सिंग ऑफीसर प्रियंका सिंह महदेले तथा शिवानी केवट की 01.07.2026 की वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही भी की गई है।

## बाल विकास परियोजना द्वारा अनंतिम चयन सूची की गयी

**पन्ना।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी अन्तर्गत आंगनवाड़ी सहायिका के पांच रिक्त पदों पर भर्ती के लिए एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल के माध्यम से पूर्व में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सहायिका के पद पर भर्ती के लिए अंतिम तिथि तक कुल 218 आवेदन प्राप्त हुए। खण्डस्तरीय चयन समिति द्वारा सभी आवेदनों का परीक्षण किया गया। इसके उपरांत आज अनंतिम चयन सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि सूची के संबंध में कोई भी अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के जरिए दावा आपत्ति सात दिवस में दर्ज करा सकते हैं। एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर भी अनंतिम चयन सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**पन्ना।** जिला पंचायत सभागार में मंगलवार, 12 अगस्त को सुबह 11 बजे जिला स्तरीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने इस कार्यशाला में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2022-23 में संपादित पीएआई 1.0 का विमोचन और पीएआई 2.0 का जिला स्तर पर क्रियान्वयन किया जाना है। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# धामना तिराहे पर युवक की पिटाई का वीडियो वायरल, महिला ने चप्पलों से पीटा

## पति ने बरसाए लात-घूंसे

**टीकमगढ़।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के धामना तिराहे पर रविवार को एक युवक की बीच सड़क पर पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक तिराहे पर बिना कारण घूम रहा था और वहां खड़े एक दंपती को अपशब्द कहने लगा। बताया जाता है कि युवक के अशोभनीय व्यवहार से आक्रोशित दंपती ने मौके पर ही उसे पकड़ लिया। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि महिला ने युवक को कई बार चप्पलों से मारा, जबकि उसका पति लात-घूंसों से वार करता नजर आ रहा है। घटना के दौरान सड़क पर भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसी ने भी बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की। थाना प्रभारी एसआई संदीप सोनी ने बताया कि अब तक इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। हालांकि, पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक व्यवस्था और कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो संबंधित पक्षों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा

**टीकमगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार शाम जिला मुख्यालय पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे नजरबाग परिसर में स्कूली छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक एकत्र हुए। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा नजरबाग से प्रारंभ होकर सैल सागर रोड, मिश्रा तिराहा, सिंधी धर्मशाला, नजाई बाजार, कटरा बाजार, पुरानी तहसील, अवस्थी चौराहा और गांधी चौराहा से होते हुए पुनः नजरबाग ग्राउंड पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में एक्सीलेंस स्कूल के छात्र-छात्राएं स्कूटी पर सवार होकर हाथों में तिरंगा लिए चल रहे थे। महिला बाल विकास विभाग और आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता महिलाएं भी यात्रा में सम्मिलित हुईं। पुलिस विभाग ने भी अलग से तिरंगा यात्रा निकाली, जबकि कलेक्टर विवेक श्रोतिय और पुलिस अधीक्षक ओपन कार में सवार होकर तिरंगा लहराते हुए चले। उमस भरी गर्मी के बावजूद स्कूली बच्चों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का उत्साह देखते ही बनता था। यात्रा के दौरान देशभक्ति के गीतों की गूंज पूरे मार्ग में सुनाई दी। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर और तालियां बजाकर यात्रा का स्वागत किया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील और ग्राम पंचायत स्तर पर भी इसी तरह की तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे पूरे जिले में आजादी का जोश और देशभक्ति का माहौल व्याप्त है।



# जिला जेल पन्ना का किया निरीक्षण

**पन्ना।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में आज व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ द्वारा जिला जेल पन्ना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस मौके पर बंदियों के मध्य विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया।



प्राधिकरण के सचिव ने निरीक्षण सह शिविर के दौरान उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में जिला जेल द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली तथा जेल प्रबंधन को बंदियों के जमानत आदेश प्राप्त होने के सात दिवस में बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब प्राधिकरण कार्यालय में सूचित करने की सलाह दी गई। बंदियों को जेल में अनुशासन बनाए रखने और स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता पर जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करने की सलाह दी गई। बंदियों को राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के तहत इससे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने उपस्थित बंदियों को विधिक प्रावधानों, अधिकारों व कर्त्तव्यों तथा मध्यस्थता की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर जेल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य मामलों में समझौता व सुलह प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा ने बंदियों को शिविर में प्राप्त जानकारी अमल में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## जिले में 911.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 11 अगस्त की अवधि में 911.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जबकि गत वर्ष उक्त अवधि में 725.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 918.1 मिमी, देवेन्द्रनगर में 1017 मिमी, गुनौर में 971.1 मिमी, अमानगंज में 1059.4 मिमी, पवई में 884 मिमी, सिमरिया में 594.4 मिमी, शाहनगर में 854.3 मिमी, रैपुरा में 814.5 मिमी तथा अजयगढ़ में 1093.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सोमवार को पन्ना में सर्वाधिक वर्षा 25 मिमी दर्ज की गई, जबकि देवेन्द्रनगर में 11 मिमी, गुनौर में 17 मिमी, अमानगंज में 19.4 मिमी, पवई में 5 मिमी, सिमरिया में 12 मिमी और शाहनगर में 18.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने सोमवार को राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल सहित लेखाधिकारी मुकेश साहू एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।



# कमिश्नर ने शासकीय सेवकों को मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान समय-सीमा में करने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने संभाग के समस्त कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्देशित करते हुए कहा है कि विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान समय-सीमा में करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान के साथ-साथ उनके लंबित वेतन भत्तों, वेतनवृद्धियां, वेतन निर्धारण, सेवा सत्यापन, सेवा पुस्तिका एवं जीपीएफ व डीपीएफ पासबुक की द्वितीय प्रति प्रदाय करना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों, अर्जित अवकाश नकदीकरण, समूह बीमा योजना, ग्रेच्युटी, जीपीएफ, डीपीएफ, एनपीएस का अंतिम भुगतान, लंबित पेंशन प्रकरण की जानकारी, लंबितीकरण के निराकरण हेतु समुचित कार्यवाही कर कार्यवाही का प्रतिवेदन कार्यालय में पाक्षिक रूप से भिजवाएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग अंतर्गत विभिन्न विभागों में लगभग 400 से अधिक आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालय संचालित हैं, किन्तु समीक्षा करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कुछ कार्यालयों के द्वारा अपूर्ण एवं अस्पष्ट जानकारी अंकित की गई है। साथ ही समय-समय पर संभाग में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा उक्त विषय के संबंध में शिकायत व आवेदन पत्र भी समक्ष में प्रस्तुत किये जा रहे हैं, जो अत्यंत खेदजनक है। कमिश्नर ने कहा कि संभाग अंतर्गत विभागों के अधीन कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्वत्वों के भुगतान शासन के नियमानुसार समय सीमा में नहीं होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।



# शासकीय स्वीकृत होने पर भी हनुमान भाटा तक 3 किलोमीटर सड़क कार्य प्रारम्भ नहीं

## तीन कि.मी. दूरी के लिए हजारों पेड़ काटकर जंगल से घूम कर 35 कि.मी. सड़क आखिर क्यों ---?

**पवई।** पवई क्षेत्र सहित पन्ना जिला एवं विभिन्न प्रांतो के लाखो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटा पवई जो पवई नगर से मात्र 03 किलोमीटर दूर पर्वत के ऊपर स्थित है हनुमान भाटा पहाड़ी के नीचे पतने नदी किनारे प्रसिद्ध मां कलेही देवी का मंदिर एवं बाबा कैलाशी की विशालकाय प्रतिमा विराजमान है । हनुमान भाटा पवई में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन करने आते हैं । परंतु हनुमान भाटा पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है मात्र सीढ़ियां है ऐसे प्राचीन धार्मिक सिद्ध स्थल हनुमान भाटा तक ( पक्की सड़क )पहुंच मार्ग निर्मित करने हेतु क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के प्रयासों से दो वर्ष के अधिक समय से शासन स्तर की सभी स्वीकृतियां करते हुए बजट आवंटन भी उपलब्ध करा दिया परंतु सड़क निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों ने मात्र 03 किलोमीटर लंबी दूरी के लिए (20 किलोमीटर वन भूमि एवं पहाड़ और जंगलों से घुमावदार ) 35 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़क का एस्टीमेट लगाकर स्वीकृत कर लिया जिसमें 20 कि0मी0 से अधिक वन सीमा जंगल के बीच खतरनाक वन्य प्राणियों से श्रद्धालुओं के लिए हमेशा खतरा रहेगा इस प्रकार की घुमावदार सड़क की योजना बना दी जिसमें 10 गुना सरकार का बजट भी लग रहा है। जबकि पवई पतने नदी पुल के पास कन्या छात्रावास के बगल से जो पुरानी सड़क थी वहां से मात्र तीन - चार किलोमीटर में ही हनुमान भाटा पहुंचा जा सकता है।।।।, परंतु सम्बन्धित अधिकारी के द्वारा 10 गुना अधिक दूरी ग्राम हडा , रमपुरा के जगंलों से 35 कि0मी0 लम्बी , जंगली जानवरों के खतरों से भरपूर सड़क बनाए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जिसमें हजारों हरे-भरे पेड़ काटे जाएंगे , जो पूर्णता अनुचित और गलत है । क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा , क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद सिंह लोधी से आग्रह है कि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हनुमान भाटा पवई तक सीधी 03 किलोमीटर सड़क निर्मित कराई जाना उचित है शासन स्तर की आवश्यक कार्यवाहियां करते हुए शीघ्र हनुमान भाटा तक सीधी सड़क बनाई जाना आवश्यक और उचित है जनहित में आवश्यक है ।



# स्टांप ड्यूटी बढ़ाकर गरीबों के साथ सरकार ने किया अन्याय : लखन

## जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग स्टाम्प वृद्धि के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सिंगरौली को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, बैढ़न**

आम जनता गरीब मजदूर और किराएदारों के साथ सरकार ने अन्याय किया है जहां शपथ पत्र 50 के स्टांप पर होता था अब 200 की स्टांप पर होगा नोटरी खर्चा अलग इसी तरह छोटे गरीब मकान किराए लेने पर एग्रीमेंट कराने में 2000 के स्टांप ड्यूटी बाकी खर्च अलग देने होंगे शपथ पत्र सभी के लिए जरूरत होती है जिस निर्णय को सरकार वापस ले । मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग महामंत्री लखन लाल साहू जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों व अधिवक्ता संघ बैढन के सदस्यों के द्वारा स्टाम्प वृद्धि के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सिंगरौली को ज्ञापन सौपा अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि स्टाम्प वृद्धि से आम जनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ऐसा लगता है कि स्टाम्प वृद्धि न्यायिक प्रक्रिया को महंगा और आम जनता के लिए दुर्गम बना देगी जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है अन्य प्रदेश की अपेक्षा मध्य प्रदेश में स्टाम्प कई गुना वृद्धि की गई है जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश स्टाम्प वृद्धि को अतिशीघ्र प्रभाव से वापस लेने की मांग करती है जिससे न्यायिक प्रक्रिया को आम जनता के लिए सुलभ बनाया जाए स्टाम्प वृद्धि से राजस्व बढ़ सकता है लेकिन इससे आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और उसके ऊपर कुठाराघात हमला होगा वैसे भी केंद्र सरकार ने जीएसटी जैसे कानून लाद कर जनता की कमर तोड़ दिया है अब स्टाम्प में वृद्धि करके सरकार जरूरतमंद मध्यम वर्ग की कमर को तोड़ने का कार्य किया है जिससे न्यायिक प्रक्रिया को सुलभ और किफायती बनाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के द्वारा अनुरोध किया हैं कि स्टाम्प वृद्धि पर अतिशीघ्र रोक लगाया जाए उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा शहर कार्यवाहक अध्यक्ष रूपेश पांडेय प्रदेश कोऑर्डिनेटर लखनलाल शाह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह वरिष्ठ कांग्रेसी राघवेंद्र श्रीवास्तव संगठन मंत्री अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी अधिवक्ता सुदामा प्रसाद साकेत अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद वर्मा जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता गंगा प्रसाद शाह अधिवक्ता रामकरण वर्मा पार्षद अनिल वैश्य जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा उपाध्यक्ष श्रीनाथ बबलू सोनी पूर्व जिला सचिव मोहम्मद शाहिद खान रिंकू सचिव पिंटू कुशवाहा सचिव राम जी साहू महामंत्री रामकृष्ण कुशवाहा सह सचिव रामकृपाल पाल राजू शाह ब्लॉक अध्यक्ष खुटार कृष्णा साकेत अवधेश कुशवाहा कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी की भव्य तिरंगा यात्रा से तिरंगामय हुआ मुख्यालय



**जागरण, बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के मुख्यालय मंडल बैढ़न मे तिरंगा यात्रा पूरी भव्यता के साथ आयोजित हुई। इस तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र छात्राएं सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थानों के कार्यकर्ता तथा व्यापारियों सहित बड़ी संख्या मे आम नागरिक सम्मिलित हुए। भारतीय जनता पार्टी की लगातार आयोजित हो रही मंडलों की तिरंगा यात्राओं मे बैढ़न मंडल की यात्रा भव्य रही। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के दिशा.निर्देश निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय के प्रभार में तथा मंडल अध्यक्ष बैढ़न सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित ये तिरंगा यात्रा स्टेडियम से चल कर मुख्य बाजार तुलसी मार्ग होते हुये निकली तथा जय स्तंभ के पास यात्रा का समापन किया गया। इस यात्रा मे सिंगरौली विधायक रामनिवास शाहए सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी राम सुमिरन गुप्ता वीरेंद्र गोयल पूर्व महापौर प्रेमवती खैरवार समेत पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। भारत माता की जय एवं देश भक्ति गीतों की थाप पर उत्साहित कार्यकर्ताओं के हाथों मे लहराते तिरंगे ने ऐसा दृश्य निर्माण किया कि पूरा मुख्यालय तिरंगामय दिखने लगा। हर आम एवं खास नागरिक इस दृश्य को देख कर ठहर सा गया तथा देश भक्ति की भावना से ओत.प्रोत इस यात्रा में स्वयं को सम्मिलित होने से रोक न सका इस कारण इस तिरंगा यात्रा का स्वरूप और भी व्यापक हो गया तथा पूरे मुख्यालय में इसकी चर्चा रही। तिरंगा यात्रा मे सहभागी होने वाले अन्य कार्यकर्ताओं में जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी अरविंद दुबे सरोज सिंह सरोज शाह अभियान के सह प्रभारी एवं जिला मंत्री ध्रुव सिंह बैढ़न मंडल प्रभारी व जिला मंत्री पूनम गुप्ता जिला मंत्री विनोद चौबे अभियान के सह प्रभारी एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल मंडल महामंत्री जे पी शाह सावित्री प्रजापति मंडल उपाध्यक्ष संजय दुबे मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शाह राजू साकेतए कमलनयन चौरसिया बालकृष्ण बैस दिनेस पांडेय मंडल मंत्री मनौज चौबे रजनी सिंह अभिषेक कुशवाहा अतीत शर्मा दुर्गा कनौजिया कोषाध्यक्ष ज्योति चौरसिया समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों के लंबित छात्रवृत्ति आवेदनों को स्वीकृत कर एक संप्ताह में दिलाए लाभ : कलेक्टर

**जागरण, बैढ़न।** अनुसूचित जाति वर्ग के हेतु संचालित प्री मैट्रीक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 9 वी10 वी तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 11 वी तथा 12 वी के लंबित छात्रवृत्ति आवेदनो के कारण छात्रो को योजना का लाभ समय पर नही मिलने पर कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने संबंधित विद्यालयो के प्राचार्यो के प्रति नाराजगी जाहिर की। विदित हो कि कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता में विभिन्न विद्यालयो मे छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनो के निराकरण हेतु विद्यालय के प्राचार्यो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के द्वारा विद्यालयवार प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लंबित आवेदन वर्ष 23 24 तथा 25 के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया गया। जानकारी लेने के पश्चात कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि छात्रवृत्ति योजना का छात्रो को लाभ नही मिल रहा है जबकि छात्रवृत्ति योजना शासन की महत्वाकाक्षी योजना है। आप सब के उदासीनता के कारण अभी तक छात्र योजना के लाभ से वंचित है। कलेक्टर ने निर्देश कि संबंधित विद्यालयो के प्राचार्य एक संप्ताह के अंदर आवश्यक दस्तावेजो की पूर्तिकर छात्रो को योजना से लाभान्वित कराये अन्यथा की स्थिति में संबंधित प्राचार्य के वेतन रोकने की कार्यवाही की जायेंगी। बैठक के दौरान डीपीसी आर.एल शुक्ला सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अखिलेश कुमार इवने सहित विद्यालयो के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गफूर हुसैन पिता बशीर हुसैन उम्र 58 वर्ष निवासी जमुआ रोड वैढन वार्ड नं. 38 पो.व थाना बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. का निवासी हूँ। मेरा आधार कार्ड संख्या 2223 2748 9083 है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता द्वारा अपना पासपोर्ट नं. ई5309541 जारी कराया गया है जिसमें मेरे नाम की स्पेलिंग अंग्रेजी अक्षरों में Gafoor Hussain लेख किया गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम की स्पेलिंग Gafur Hussain है। मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि उक्त दोनो स्पेलिंग Gafoor Hussain एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता के ही नाम की स्पेलिंग है। जिससे मेरे नाम की सही व वास्तविक स्पेलिंग Gafur Hussain माना जाय तथा लेख/दर्ज किया जाय। जिस बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

# कोरावल क्षेत्र की तात्कालिक समस्याओं को लेकर कोरावल विकास मंच की बैठक




**जागरण चितरंगी।** कोरावल विकास मंच द्वारा आयोजित की गई बैठक कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें तात्कालिक समस्या आवारा पशु सड़क स्वास्थ्य लगातार बिजली कटना जैसी समस्याओं पर चर्चा हुईए साथ ही इन विभिन्न समस्याओं से निदान पाने के लिए आगामी रणनीति बनाई गई एवं कार्यकारी विस्तार की गठन भी की गई जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ रमाशंकर सिंह ने कहा कि इस चर्चा में जो भी क्षेत्र के कोने.कोने से समस्याएं आई हैं उसके निदान के लिए हम शासन प्रशासन को संगठन के माध्यम से अवगत कराएंगे यदि क्षेत्र की समस्याओं के लिए निदान नहीं किया जाता है तो इन समस्याओं से लड़ने के लिए ठोस कदम उठाएंगे और कड़ी से कड़ी लड़ाई लड़ेंगे साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की समस्या को सुनने के लिए शासन प्रशासन ध्यान नहीं देती है क्योंकि उन्हें लगता है कि हम पिछड़े हैं लेकिन बता देना चाहते हैं कि क्षेत्र की जनता जाग चुकी है अपने क्षेत्र के विकास के लिए जो भी कदम उठाना पड़े करने को तैयार है। बैठक में मुख्य रूप से रामाधार सिंह संरक्षक डॉ रमाशंकर सिंह अध्यक्ष नागेंद्र सिंह रामकृपाल सिंह शिवगंगा साहू सचिव लाल सुंदर उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय अजीत कुमार कौशलेंद्र धर द्विवेदी रंगीलाल बैगा राम सजीवन कोल महेंद्र सिंह विद्या साहू अमरेश नंदकुमार तिवारी विनोद विश्वकर्मा संजय द्विवेदी रामधारी साकेत राम सुशील सिंह अमर सिंह एवं अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता को लेकर निकाली गई तिरंगा रैली



## विधायक महापौर कलेक्टर तथा एसपी ने की तिरंगा रैली की अगुवाई

**जागरण, बैढ़न।** विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊचा रहे हमारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से जन प्रतिनिधि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विद्यालयो के छात्र छात्राओ के द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। वही तिरंगा रैली की अगुवाई सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने की। यह तिरंगा रैली राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मस्जिद चौराहा तुलसी मार्ग से अम्ब्डेकर चौक पहुची। रैली अम्बेडकर चौक से थाना रोड होकर राजमाता चून कुमारी स्टेडियम में पहुची जहा पर पूरे हर्षोउल्लास के साथ रैली का समापन किया गया। तिरंगा रैली के दौरान सैकड़ो की सख्या में छात्र छात्राए हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय घोष करते हुयें शामिल हुए। हर घर तिरंगा नारे से पूरे शहर में ध्वनि गूजी इस दौरान आम लोगो मे उत्साह देखते बन रहा था। भारत माता अमर बलिदानी वा वीर सपूतो के लिए किए जा रहे जय जय कार से शहर गूंजायमान हो रहा था। यह तिरंगा यात्रा हमारे राष्ट्र के प्रति प्रेम का गौरव बढ़ाए जाने के लिए किया गया। रैली के प्रारंभ में विधायक सिंगरौली ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। रैली में एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा सीएसपी पीएस परस्ते जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह डीपीसी आर. एल शुक्ला नगर निगम के प्रभारी आयुक्त आरपी बैस वरिष्ट समाजसेवी के.के कुशवाहा विधायक प्रतिनिधि चितरंगी अरविंद चतुर्वेदी अधिवक्ता अवनीश कुमार दुबे जन अभियान परिषद के समन्वयक राज कुमार विश्वकर्मा सहित नगर निगम जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के अधिकारी विभिन्न विद्यालयो के छात्र छात्रा शामिल रहे।

# विन्ध्यनगर थाना परिसर के समीप से आज निकलेगी तिरंगा सायकल रैली

**जागरण, बैढ़न।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के पूर्व जनसामान्य को विगत वर्षो की तरह उत्साह और देशभक्ति के साथ स्वाधीनता दिवस मनाये जाने हेतु हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान आरंभ किया गया है। हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान 2 से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है। हर घर तिरंगा . हर घर स्वच्छता अभियान से नागरिकों को न केवल अपने घरों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी जा रही बल्कि उन्हें राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति गर्व की भावना से भी जोड़ा है। रैलियों और प्रदर्शनियों ने लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशन में विन्ध्यनगर थाना परिसर के सामने से प्रातः 9.30 बजे तिरंगा सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा सायकल रैली विन्ध्यनगर से प्रारंभ होगी। रैली का समापन कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में होगा। तिरंगा सायकल रैली में जन प्रतिनिधियो सहित कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियो कर्मचारियो सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधि शामिल होगे।

# सीएम हेल्प लाइन के लंबित प्रकरणों का समय पर करें निराकरण : कलेक्टर

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत अधिकारी सौंपे गये दायित्वों को समय पर करें पूर्ण



**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का समय सीमा में संतुष्टि के साथ निराकरण करे। तथा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सौपे गये दायित्वो को समय पर पूर्ण करे एवं अभियान के दौरान की जा रही गतिविधियो के फेटोग्राफ वीडियो संबंधित पोर्टल में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा जिलाधिकारियो को दिया गया। कलेक्टर ने जिलाधिकारियो सहित उपखण्ड के अधिकारियो से हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात निर्देश दिए कि पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ जन प्रतिनिधियों आम नागरिको को जोड़ते हुयें अभियान को सफ्ल बनाये। यह तिरंगा यात्रा हमारे राष्ट्र के प्रति प्रेम गौरव बड़ाये जाने के किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह अभियान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत सर्वजनिक स्थलो की साफ सफ्ाई के साथ साथ पानी कि टंकियो की साफ साफ सफ्ाई कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस आशय के निर्देश दिए कि अभियान के दौरान सफ्ाई मित्रो के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर आयोजित करे। साथ ही आशा कार्यकर्ताओ के माध्यम से हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता के प्रति आम जन मानस को प्रेरित करायें। उन्होने महिला बाल विकास अधिकारी एवं जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्रो के आगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ताए सचिवए रोजगार सहायको के माध्यम से जननी सुरंक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का लाभ दिलाने के हेतु पात्र हितग्रहियो के बैक खाते ई समंग्र से अनमोल पोर्टल से लिंक कराये ताकि हितग्राहियो को लाभान्वित कराये। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की नंदन तिवारी देवेन्द्र द्विवेदी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



## खेल एक नजर

### चेन्नई सुपरकिंग्स में अपनी भूमिका के बारे में स्पष्टता चाहते हैं अश्विन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर आर अश्विन ने अपनी टीम से साफ पूछा है कि आने वाले आईपीएल में वे उनका इस्तेमाल कैसे करने वाले हैं। जानकारी के अनुसार अश्विन ने फ्रेंचाइजी से कहा है कि अगर वह टीम की योजनाओं में फिट नहीं बैठते तो उन्हें टीम से अलग होने में कोई दिक्कत नहीं है। अश्विन को सीएसके ने पिछले साल बड़ी नीलामी में 9.75 करोड़ रुपए में खरीदा था और उन्होंने 14 में से नौ मैच खेले थे। यह साल उनके लिए एक तरह से घर वापसी जैसा था, क्योंकि नौ सीजन तक बाहर खेलने के बाद वे अपने शहर की टीम में लौटे थे।



2009 के डेब्यू सीजन के बाद यह पहला सीजन था, जब उन्होंने एक सीजन में 12 से कम मैच खेले। यह उनका सबसे महंगा साल भी रहा, क्योंकि उन्होंने प्रति ओवर 9.12 रन दिए। खिलाड़ियों को रिलीज करने की अंतिम तारीख आमतौर पर इस बात पर निर्भर करती है कि उस साल की नीलामी कब है। यह आईपीएल 2026 के लिए अभी तय नहीं हुआ है। बड़ी नीलामी हर तीन साल में होती है, लेकिन छोटी नीलामी हर साल होती है। यह आमतौर पर नवंबर से फरवरी के बीच कभी भी हो सकती है।

### मिड-अमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम हिस्सा लेगी

**तांगेरांग (इंडोनेशिया), जेएनएन।** भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) ने एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ (एपीजीसी) और इंडोनेशिया गोल्फ संघ द्वारा आयोजित पहली मिड-अमेच्योर चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चार सदस्यीय टीम भेजी है। मिड-अमेच्योर गोल्फ प्रतियोगिताओं में आम तौर पर ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं, जो एक आयु सीमा (ज्यादातर देशों में 25 साल) को पार करने के बाद भी अमेच्योर गोल्फ में खेलते हैं। आईजीयू के मौजूदा अखिल भारतीय मिड-अमेच्योर चैंपियन रणजीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम में अर्जुन सिंह, सिमरजीत सिंह और कर्नल वरुण परमार शामिल हैं। यह टीम 12 से 14 अगस्त तक गाडिंग राया गोल्फ क्लब में इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस ट्रॉफी के लिए 20 देशों के कुल 80 गोल्फर मुकाबला करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन चार आयु वर्गों में किया जाएगा।

### सिनसिनाटी ओपनः खाचानोव ने करियर की 200वीं जीत दर्ज की

**ओहायो (अमेरिका), जेएनएन।** रूस के करेन खाचानोव ने सोमवार को सिनसिनाटी ओपन के



शुरुआती मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस के वैलेंटिन रॉयर को सीधे सेटों में हराया। यह उनके हार्ड कोर्ट करियर की 200वीं जीत है। खाचानोव ने फ्रांसीसी क्वालिफायर वैलेंटिन रॉयर को रोमांचक मुकाबले में 6-4, 7-6 (6) से हराया। इसी जीत के साथ ही वह हार्ड कोर्ट पर 200 मैच जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले 10वें खिलाड़ी बन गए है।

### एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में मुक्केबाज रीतिका को स्वर्ण पदक

**बैंकॉक, जेएनएन।** रीतिका ने महिलाओं के 80+ किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे भारत ने सोमवार को एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर-22 वर्ग के पदक तालिका में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत्म किया। भारतीय अंडर-22 टीम ने कुल 13 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया, जबकि अंडर-19 मुक्केबाजों ने कुल 14 पदक (तीन स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य) के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन पांच भारतीय मुक्केबाजों में से सिर्फ रीतिका ही भारत को स्वर्ण पदक दिला सकी।

## मैदान से हटकर

### सुनील शेट्टी को बर्थडे विश के साथ केएल राहुल ने दी सलाह



क्रिकेटर केएल राहुल के ससुर दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी ने 11 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाया। वे सोमवार को 64 साल के हो गए हैं। तीन दशक के एक्टिंग करियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता सुनील को जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर फैंस से लेकर करीबी लोगों ने शुभकामनाएं दी। सुनील के दामाद राहुल ने भी उन्हें बर्थडे विश किया है। हालांकि, स्टार बल्लेबाज राहुल ने बर्थडे विश में अपने ससुर जी को एक अहम सलाह भी दी है। उन्होंने सुनील से ज्यादा आराम करने की गुजारिश की है। वह चाहते हैं कि सुनील काम के साथ-साथ ऐसा जरूर करें। राहुल ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए सुनील को बर्थडे विश किया। तस्वीर में राहुल, सुनील के अलावा अहान शेट्टी हैं। राहुल ने पोस्ट में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो अज्जा सुनील शेट्टी। आपका हर काम हमें प्रेरणा देता है। और प्लीज ज्यादा आराम करें। क्रिकेटर केएल राहुल की 2023 में सुनील की बेटी अथिया शेट्टी से शादी हुई थी। 33 वर्षीय राहुल ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर प्रभावी प्रदर्शन किया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत के लिए 10 पारियों में 532 रन बनाए। (जेएनएन)



# क्रिस्टल पैलेस ने लिवरपूल को हराकर जीती कम्युनिटी शील्ड

### फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया

**लंदन, जेएनएन।** क्रिस्टल पैलेस ने इस सत्र में अपना स्वप्निल अभियान जारी रखा और प्रीमियर लीग चैंपियन लिवरपूल को हराकर वेम्बली में एक और उलटफेर करते हुए कम्युनिटी शील्ड फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। मई में एफए कप फाइनल में मैनचेस्टर सिटी को उलटफेर का शिकार बनाने के बाद पैलेस ने एक बार फिर कुछ विषम परिस्थितियों से पार पाकर मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से जीत हासिल की। पैलेस की इस जीत के नायक गोलकीपर डीन हेंडरसन रहे। उन्होंने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाई। हेंडरसन ने मैच के बाद कहा, यह अविश्वसनीय है। लिवरपूल जीत का प्रबल दावेदार था। उसके पास कुछ शानदार खिलाड़ी हैं और उनकी टीम मजबूत है। हमने तीन महीने के अंदर दो ट्रॉफी जीती हैं। यह अविश्वसनीय है। एफए कप में जीत के साथ पैलेस ने अपने इतिहास में पहली बड़ी ट्रॉफी जीती थी और अब कम्युनिटी शील्ड जीतकर उसने साबित कर दिया कि उसकी पिछली जीत महज संयोग नहीं थी।

**50 दिन शेष : आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण**

# भारतीय टीम को घर पर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने की उम्मीद

**जेएनएन, मुंबई**

भारत की सीनियर जोड़ी हरमनप्रीत कौर और स्मृति मांधना ने टीम के हालिया प्रदर्शन, सामूहिक आत्मविश्वास और हाल के समय में बदले हुए तैयारी के तरीकों पर भरोसा जताते हुए पहला वनडे विश्व कप जीतने की संभावना जताई है। आठ टीमों वाला यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत में शुरू होगा, जहां टीम इंडिया पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है। भारत पिछली बार 2022 के वनडे विश्व कप में सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच सका था। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 और 2017 में रहा है, जहां दोनों बार टीम उपविजेता थी। दोनों बार टीम की कप्तान मिताली राज थीं। इस बार भारतीय टीम घरेलू मैदान और हालिया फॉर्म के दम पर एक कदम आगे बढ़ने की उम्मीद कर रही है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने मुंबई में विश्व कप के 50 दिन के काउंटडाउन आईसीसी इवेंट के दौरान कहा, घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है और उम्मीद है कि इस बार हम 100 प्रतिशत देंगे। हम उस रुकावट को समाप्त करने की कोशिश करेंगे, जिसका इंतजार सभी भारतीय प्रशंसक वर्षों से कर रहे हैं। कौर ने कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवराज सिंह को देखती हूं, तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज और हरमनप्रीत की टीम के साथी भी उपस्थित थे।

- भारत इस साल वनडे में शानदार फॉर्म में रहा है और अब तक खेले गए 11 में से नौ मैच जीते हैं। इनमें आयरलैंड पर 3-0 की जीत, श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज जीत और हाल में इंग्लैंड में 2-1 की सीरीज जीत शामिल हैं। वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के खिलाफ जीत ने निश्चित ही घरेलू विश्व कप से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ाया होगा।
- भारतीय टीम विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू सीरीज खेलेगी।





**वर्ल्ड कप में भारत के मैच**

| तारीख | विरुद्ध | स्थान |
| --- | --- | --- |
| 30 सितंबर | श्रीलंका | बेंगलुरु |
| 5 अक्टूबर | पाकिस्तान | श्रीलंका |
| 9 अक्टूबर | दक्षिण अफ्रीका | विशाखपत्तनम |
| 12 अक्टूबर | ऑस्ट्रेलिया | विशाखपत्तनम |
| 19 अक्टूबर | इंग्लैंड | इंदौर |
| 23 अक्टूबर | न्यूजीलैंड | गुवाहाटी |
| 26 अक्टूबर | बांग्लादेश | बेंगलुरु |

> घरेलू परिस्थितियों में विश्व कप खेलने के अपने फायदे हैं, जिसका लाभ भारतीय टीम को उठाना चाहिए। अभी तक सभी ने लड़कों का समर्थन किया है, लेकिन अब लड़कियों का समर्थन विश्व कप जीतने के लिए करना है। यह अवसर महत्वपूर्ण तो है, लेकिन सफलता की कुंजी टीम के अपनी प्रक्रियाओं पर अडिग रहने में निहित है। मुझे लगता है कि 50 ओवरों का विश्व कप ही विश्व कप है।
> - **युवराज सिंह** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराकर सीरीज बराबर की

### बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में विंडीज पांच विकेट से जीता

**तारूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो), जेएनएन।** वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में पाकिस्तान को 10 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 37 ओवर में सात विकेट पर 171 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने सात ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। बारिश के व्यवधान के कारण वेस्टइंडीज के सामने डकवर्थ लुइस पद्धति के तहत 35 ओवर में 181 रन बनाने का लक्ष्य रखा गया। रोस्टन चेज ने 47 गेंदों पर दो छक्कों और एक विजयी चौके की मदद से नाबाद 49 रन बनाए, जिससे वेस्टइंडीज 33.2 ओवर में पांच विकेट पर 184 रन बनाकर जीत हासिल करने में सफल रहा। त्रिनिदाद और टोबैगो के तारूबा स्थित ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए



मैच में वेस्टइंडीज का स्कोर 18 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन था, जो 24 ओवर में पांच विकेट पर 111 रन हो गया। इसमें शेरफेन रदरफोर्ड का विकेट भी शामिल था, जिन्होंने 45 रन बनाए। चेज और जस्टिन ग्रीव्स (26) ने छठे विकेट के लिए 77 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा।

### मुनीबा के शतक से जीता पाकिस्तान

#### 2-1 से आयरलैंड ने अपने नाम की



**डबलिन, जेएनएन।** प्लेयर ऑफ द मैच मुनीबा अली (नाबाद 100) के शतक की बदौलत पाकिस्तान ने तीसरे और आखिरी टी-20 में आयरलैंड को आठ विकेट से हराया। आयरलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को पहला झटका 33 के स्कोर पर शवाल जुल्फिकार (तीन) के रूप में लगा। उसके बाद 55 के स्कोर पर नतालिया परवेज नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। आलिया रियाज ने मुनीबा के साथ 101 रनों की अविजित साझेदारी कर 17.4 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बनाकर को आठ विकेट से जीत दिला दी। आयरलैंड की ऑर्ला प्रेंडरगस्ट प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं।

### एशिया कपः हार्दिक पंड्या को पास करना होगा फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टीम को एशियाई टूर्नामेंट से पहले बांग्लादेश के दौरे पर जाना था, लेकिन ये दौरा रद्द हो गया है। ऐसे में अब एक महीने के बाद भारतीय टीम सीधे टी-20 एशिया कप में खेलेगी। इसी टूर्नामेंट से पहले भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को फिटनेस टेस्ट पास करने के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाना पड़ा है। इस तरह की रिपोर्ट्स सामने आई है। कई और खिलाड़ियों को भी फिटनेस असेसमेंट टेस्ट से गुजरना है। 11 और 12 अगस्त को बेंगलुरु स्थित सीओई में उनका मूल्यांकन 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए होना है। एशिया कप के लिए उनकी फिटनेस निर्धारित करने में ये असेसमेंट टेस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। अगले साल की शुरुआत में भारत को टी-20 विश्व कप खेलना है और उस मेगा इवेंट में वे बहुत अहम खिलाड़ी होंगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मिली जीत में हार्दिक पंड्या का अहम योगदान रहा था। आईपीएल समापन के बाद मुंबई के कप्तान ने जुलाई के मध्य से मुंबई में ट्रेनिंग शुरू की थी, लेकिन फिर छोटा ब्रेक उन्होंने लिया था।



### सिलेसिया डायमंड लीग में नहीं होगी नीरज व नदीम की भिड़ंत, प्रविष्टि सूची में नाम नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के बीच 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग मीट में मुकाबला नहीं होगा, क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों के नाम लीग की प्रविष्टि सूची से गायब हैं। चोपड़ा का नाम प्रविष्टि सूची में क्यों नहीं है, इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इससे पहले नौ जुलाई को सिलेसिया डायमंड लीग के आयोजकों ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम की भागीदारी की घोषणा की थी। इससे एथलेटिक्स प्रशंसक दोनों दक्षिण एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद कर रहे थे। नदीम को हालांकि पिछले महीने के अंत में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी करानी पड़ी थी, जिससे उनकी भागीदारी और इस मुकाबले पर संदेह पैदा हो गया था। चोपड़ा और नदीम की गैरमौजूदगी के बीच इस प्रतियोगिता में जर्मनी के



जूलियन वेबर, ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, कीनिया के जूलियस येगो, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के केशोर्न वालकॉट जैसे दिग्गज नाम शामिल है। इनके अलावा जापान के डीन रॉडरिज जेनकी, मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि और पोलैंड के मिर्जिगॉल्ड सिप्रियन जैसे खिलाड़ी भी इसमें चुनौती पेश करेंगे। चोपड़ा सिलेसिया के बाद 22 अगस्त को डायमंड लीग के ब्रसेल्स चरण में हिस्सा नहीं लेने के बावजूद 28 अगस्त को ज्यूरिख में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर सकते हैं।

### मेसी के बिना इंटर मियामी की करारी हार, ऑरलैंडो सिटी ने 4-1 से हराया

**ऑरलैंडो, जेएनएन।** इंटर मियामी को सुपरस्टार लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति में मेजर लीग सॉकर फुटबॉल टूर्नामेंट के एक मैच में ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मेसी दाहिने पैर में चोट लगने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए और मियामी को उनकी बड़ी कमी खली। इस 38 साल के खिलाड़ी को यह चोट दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में लगी थी। मेसी ने अपने क्लब के 23 मैचों में से 18 मैच में खेलते हुए 18 गोल किए हैं। ऑरलैंडो सिटी की तरफ से लुइस मुरील ने प्रत्येक हाफ में एक गोल किया, जबकि मार्टिन ओजेडा ने एक गोल करने के अलावा एक गोल में मदद की। मुरील ने ओजेडा की मदद से दूसरे मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, जो केवल तीन मिनट तक कायम रही। यानिक ब्राइट ने अपने 40वें मैच में अपना पहला गोल करके इंटर मियामी को बराबरी पर ला दिया। ऑरलैंडो सिटी ने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद मुरील के आठवें गोल की मदद से 2-1 की बढ़त बना ली। ओजेडा ने 58वें मिनट में और मार्को पासालिक ने 88वें मिनट में बिना किसी मदद के गोल करके ऑरलैंडो सिटी की बड़ी जीत सुनिश्चित की।



## सिटी स्पोर्ट्स

### बैडमिंटन चैंपियनशिप : द्रवित, कन्हैया नबील, सौम्य और अर्जुन अगले दौर में



**भोपाल, खेप्र।** द्रवित पावसे, कन्हैया शर्मा, नबील कुरैशी, सौम्य तोलानी, अर्जुन सिंह ने जीएच रायसोनी स्मृति 63वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट एवं 78वीं एमपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में पुरुष एकल में अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह पक्की की। भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के पहले दिन सोमवार को क्वालिफिकेशन मुकाबले शुरू हुए। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन स्पोर्ट्स क्लब में खेली जा रही राज्य स्तरीय स्पर्धा के अंतर्गत पुरुष एकल क्वालिफिकेशन में द्रवित ने यशराज सिंह चौहान को 15-5, 15-4, कन्हैया ने हर्षित कश्यप को 15-9, 15-8 से, नबील ने चिराग अरोरा को 12-15, 15-9, 15-9 से, सौम्य ने लवित्त जैन को 15-12, 15-10 से, अर्जुन सिंह ने राहुल बालानी को 15-15-12, 15-8 से और जेफ जस्टिस ने अशमित निगम को 15-8, 15-7 से शिकस्त दी। वहीं अन्य मैचों में ऋषि वर्मा ने आदित्य दुबे, वैभव जाटिया ने आदित्य, भार्गव कौशिक ने सार्थक खरे, निपेंद्र सिंह ने अमिताव मिश्रा और निशांत कुमार ने रजत गुप्ता को हराया। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया। इस अवसर पर जिया के अध्यक्ष विजय गौर और आयोजन सचिव अभिमन्यु चोपड़ा उपस्थित रहे।

### अंपायर और स्कोरर की कार्यशाला 23 से

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल संभाग के अंपायर्स और स्कोरर के लिए 23-24 अगस्त को कार्यशाला आयोजित की जा रही है। भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बीडीसीए के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि कार्यशाला में भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन और राजगढ़ जिले के अंपायर्स एवं स्कोरर भाग लेंगे। इसके बाद 30 व 31 अगस्त को परीक्षा होगी। कार्यशाला बीसीसीआई एवं एमपीसीए पैनल के अंपायर्स द्वारा ली जाएगी। इच्छुक प्रतिभागी अरेरा कॉलोनी स्थिति बीडीसीए कार्यालय में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### इंटर प्रेस बैडमिंटन टूर्नामेंट 27 अगस्त से

**भोपाल, खेप्र।** 30वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन टूर्नामेंट 27 अगस्त से टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट दो ग्रुप में होगा। ग्रुप-1 में पत्रकार और ग्रुप-2 में मीडिया संस्थानों के अन्य सेक्शन के खिलाड़ी भागीदारी करेंगे। दोनों ग्रुप में मेंस व विमेंस के सिंगल, डबल्स और मिक्स डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दिन मेंस और विमेंस कैटेगरी के सिंगल मैच होंगे, जबकि अगले दिन डबल्स और मिक्स्ड डबल्स तथा तीसरे दिन फाइनल होंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन खेल मंत्री विश्वास सारंगे करेंगे। खिलाड़ी 25 अगस्त तक टीटी नगर स्टेडियम में नवेद इशरत और इंद्रजीत मौर्य के पास रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### शतरंजः सरीन ने एरिगैसी के खिलाफ किया उलटफेर

**चेन्नई, जेएनएन।** भारत के निहाल सरीन ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ उलटफेर करके टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। जर्मनी के ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर ने नीदरलैंड के खिलाड़ी अनीश गिरि के साथ ड्रॉ खेलकर अपना अजेय क्रम जारी रखा और अंक तालिका में शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बनाए रखी। कीमर के नाम 3.5 अंक है, जबकि सरीन से हार का सामना करने वाली एरिगैसी 2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। एरिगैसी के खिलाफ निहाल की काफी मसक्कत के बाद सफलता मिली। सरीन ने 70वें चाल में एरिगैसी को हार मानने पर मजबूर करते हुए साल 2025 की पहली बड़ी जीत दर्ज की। जीएम मुरली कार्तिकेयन ने जॉर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर तालिका में ऊपर चढ़ते हुए प्रभावित किया। जीएम विदित गुजराती और जीएम प्रणव वी की बाजी बराबरी पर छूटी। अमेरिका के दो खिलाड़ियों जीएम अवॉन्डर लियांग और जीएम रे रॉबसन का मुकाबला भी ड्रॉ रहा। कीमर का गिरी के साथ ड्रॉ ने उन्हें एकल बढ़त पर बनाए रखा, जबकि सरीन (1.5 अंक) की एरिगैसी पर जीत ने खिताब की दौड़ में नया रोमांच भर दिया।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 13 अगस्त को कोटर में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ के कल्याणार्थ जानकारी देने तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 13 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे तहसील कोटर में उपस्थित रहेंगे। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## जमीन के संबंध में दावा-आपत्तियाँ 14 अगस्त तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड को तहसील हुजूर के तहत ग्राम चिरहुला में भूमि आवंटन की कार्यवाही की जा रही है। हाउसिंग बोर्ड को चिरहुला की आराजी नम्बर 185/1 क्षेत्रफल 64.868 हेक्टेयर तथा आराजी नम्बर 2/24/2 क्षेत्रफल 4.273 हेक्टेयर के दो अलग-अलग प्रकरण आवंटन के लिए कलेक्टर न्यायालय में पंजीबद्ध हैं। इस संबंध में एसडीएम हुजूर वैशाली जैन ने बताया कि इन जमीनों के आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह 14 अगस्त तक उपयुक्त दस्तावेजों के साथ एसडीएम हुजूर न्यायालय में आपत्ति दर्ज कर सकता है।

# 5 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण सतना

महिला थाना प्रभारी स्वेता मौर्य ने 5 हजार रूपये के इनामी एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एवं एएसपी डॉ शिवेश सिंह के मार्गदर्शन में की गई है।



### ये है मामला

टीआई महिला थाना स्वेता मौर्य ने बताया कि केश कली चौधरी पत्नी माधव चौधरी उम्र 36 साल निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली अपने पुत्र आयुष्मान चौधरी के साथ थाना पहुचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने पुत्र के साथ ईदगाह चौराहा में सामान लेने गई थी और वापस घर लौटरही थी तभी रात तकरीबन साढे आठ बजे जैसे वह दूल्हा बाबा मंदिर के पास पहुची तभी साहिल यादव निवासी बजरहा टोला ने आकर गालियॉ दी और अपशब्द कहे। फरियादिया ने बताया कि मनाकर करने पर साहिल मारपीट करने लगा इसके बाद गुहार गलाई तो पंकज चौधरी अनुज चौधरी व आसपास के लोग और बीच बचाव किया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुये भाग गया । शिकायत के बाद पुलिस ने बीएनएस की धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। प्रकरण की विवेचना महिला थाना द्वारा की गई मगर आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था उस पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

### ये आरोपी गिरफ्तार

महिला थाना प्रभारी स्वेता मौर्य ने बताया कि आरोपी साहिल यादव पिता प्यारे लाल यादव उम्र 25 साल निवासी दूल्हे बाबा बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है उसका मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है इस कार्यवाही में निरीक्षक स्वेता मौर्य एएसआई एमडी पाण्डेय , प्रधानआरक्षक शिवेन्द्र शुक्ला जुगुल किशोर की सराहनीय भूमिका रही।

## हत्या के प्रयास का आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

**रामपुर पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को दबोचा**

**जागरण सतना।** प्राणघातक हमला करने वाले एक आरोपी को रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। बताया जाता है कि फरियादी कमलेश प्रजापति निवासी ग्राम सगौनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव की जमीन का विवाद रामपुर तहसील में चल रहा है। उसी जमीन में रामनाथ प्रजापति धान की फसल बो दिये थे 10 अगस्त को दोपहर तकरीबन 2 बजे बडे भाई रामनाथ प्रजापति घर से खेत तरफ गांव के रोड जा रहे थे तभी नहर पुल के पास सरस्वती चरण प्रजापति उर्फ रमा पिता प्रेमलाल प्रजापति कुल्हाडी लिये भाई की हत्या करने के नियत से रामनाथ पर पीछे से कुल्हाडी मारकर गर्दन व सिर में हमला कर दिया। आनन फानन में उपचार के लिए रामनाथ को रीवा ले जाया गया जानकारी लगने के बाद एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्बे डीएसपी मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन पर कार्यवाही करते हुये रामपुर टीआई संदीप चतुर्वेदी ने आरोपी सरस्वती चरण प्रजापति उर्फ रामा पिता प्रेमलाल प्रजापति उम्र 38 साल निवासी सगौनी थाना रामपुर बाघेलान को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से एक कुल्हाडी भी पुलिस ने जप्त की है।

# डबल मर्डर के आरोपी ने सतना के होटल में लगाई फांसी



**सतना।** कानपुर में डबल मर्डर के आरोपी ने सतना के होटल में फांसी लगा ली। उसके पास सुसाइड नोट मिला है। यूपी के कानपुर में किन्नर काजल और उसके 12 साल के ममेरे भाई देव की हत्या कर फरार हुए आरोपी ने सोमवार को मध्यप्रदेश में आकर सुसाइड कर लिया। सतना के एक होटल में वह पर्दे से बने फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान आकाश विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी कानपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि कानपुर पुलिस को आकाश विश्वकर्मा के सुसाइड की जानकारी दे दी है। कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने बताया कि आकाश के पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उसने लिखा है कि मैं कानपुर में 2 लोगों की हत्या करके आया हूं। दोनों भाई.बहन मुझे प्रताड़ित कर ब्लैकमेल कर रहे थे। मैं अपनी इच्छा से मर रहा हूं। आकाश ने शनिवार को सेमरिया चौक स्थित होटल में कमरा लिया था। वह रूम नंबर.27 में ठहरा हुआ था।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई रैलियां, स्वच्छता के कार्यक्रम

**जागरण सतना।** राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में सोमवार को नगर परिषद चित्रकूट में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकित सोनी के मार्गदर्शन में कर्मचारियों द्वारा हर-घर-तिरंगा-अभियान के तहत तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इसी प्रकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सीएम राइज विद्यालय उचेहरा तथा ग्राम पंचायत परसमनिया में तिरंगा रैली तथा स्वच्छता अभियान का संदेश दिया गया। हर-घर-तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत नकटी में नाली साफ-सफाई का कार्य किया गया।

## अमृत सरोवरों में भी झण्डा वंदन

**जागरण सतना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत, जनपद नगरीय निकाय स्तर के साथ ही अमृत सरोवरों में भी ध्वजारोहण के कार्यक्रम होंगे। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस का उत्सव स्वच्छता के संग की थीम पर जिले में विविध कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम के अनुसार 12 अगस्त को सभी ग्राम पंचायतों में नाली-सफाई एवं स्वच्छता के कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता से किये जा रहे हैं। स्वैच्छिक श्रमदान के तहत चित्रकूट नगर पंचायत में भी मां मंदाकिनी घाट और ग्रामीण क्षेत्र के वाटर बाडी की साफ-सफाई की जा रही है। स्कूलों में 12 अगस्त को रंगोली, पेंटिंग, निबंध, लेखन, तिरंगा रैली की गतिविधियां होगी।

## पैक्स समितियों में उपलब्ध है 178 एमटी यूरिया

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उप संचालक कृषि को किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक का पैक्स समितियों एवं प्राइवेट दुकानों में उपलब्ध स्टाक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिये हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले की 14 पैक्स सोसायटी दलदल, नकैला, ओबरा, सोनवारी, लदबद, कोटा, मचखडा, पाथरकछार, पडरौत, कौहारी, बठिया, हिरौंदी, मनकीशर और हर्रई में 178.65 एमटी यूरिया उपलब्ध है। इसी प्रकार सतना और मैहर जिले की 47 प्राइवेट दुकानों तथा प्राइवेट होल सेलर के पास 693 एमटी यूरिया विक्रय के लिए उपलब्ध है। मार्कफेड के सतना, उचेहरा, शेरगंज, मैहर, उचेहरा में 250 एमटी डीएपी उपलब्ध है। वही 12 पैक्स समितियों में 170 एमटी डीएपी भण्डारित है। प्राइवेट क्षेत्र में 31 दुकानों में 515 मी. टन डीएपी की उपलब्धता है। एनपीकेएस उर्वरक मार्कफेड सतना, मैहर, शेरगंज में 136 एमटी और 14 पैक्स समितियों में 226 एमटी एनपीकेएस तथा 79 प्राइवेट दुकान और होल सेलर के पास 1207 एमटी एनपीकेएस उर्वरक उपलब्ध है।

## पीएआई 1.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) का विमोचन

**सतना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सतना संजना जैन ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2022-23 में संपादित पीएआई 1.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) का विमोचन जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जाना है। साथ ही पीएआई 1.0 (पंचायत उन्नति सूचकांक) के अंतर्गत 9 जिला स्तर पर यह कार्यक्रम एसआईआरडी जबलपुर के द्वारा 12 अगस्त 2025 को जिला पंचायत सतना के सभागार में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। ग्राम पंचायतों को पीएआई 1.0 स्कोर के आधार पर प्रथम 10 ग्राम पंचायतों को पुरूस्कार राशि एवं अगली 10 ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। जिला स्तर पर निर्धारित कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागों के जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तर पर कार्यक्रम के अगले दिन 13 अगस्त को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिसमें जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव को कार्यक्रम में उपस्थित कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सैनिक सम्मेलन में किया गया दस्तावेजों संबंधी समस्याओं का निराकरण



**जागरण सतना।** सतना एवं मैहर जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों को सोमवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना के सभाकक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) ने भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की सम्मेलन के दौरान संबंधितों की समस्याओं की सुनवाई के साथ-साथ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड सतना की टीम के द्वारा स्पर्श पोर्टल संबंधी जानकारी, स्पर्श आनबोर्डिंग प्रक्रिया, पेंशन तथा दस्तावेजीकरण की समस्याओं के निदान व जीवन प्रमाण संबंधी जानकारी दी गई। इसके बाद भूतपूर्व सैनिकों द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत फलदार, छायादार एवं सजावटी पौधों का रोपण किया गया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को जाएगी द्वारिका-सोमनाथ

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थल की निःशुल्क यात्रा कराई जाती है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं हैं तीर्थयात्रा कर सकते हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर मैहर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मैहर रेलवे स्टेशन से तीर्थ दर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को द्वारिका-सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। तीर्थ दर्शन यात्रा का लाभ लेने के लिए जिले के शहरी क्षेत्रों के आवेदन नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदन जनपद पंचायत कार्यालय में 13 अक्टूबर को सायं 6 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अपर कलेक्टर ने हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी से कार्यालय स्तर पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये है। आवेदनों को संकलित कर 14 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

## ऊषा पयासी का हुआ निधन



**जागरण सतना।** रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्यासी रहे रामशंकर पयासी की भाभी श्रीमती उषा पयासी का निधन गहरी बीमारी के कारण हो गया है जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मझियार मे वैदिक रीत रिवाज से संपन्न हुआ मुखाग्नि बेटे आशुतोष पयासी ने दी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सईद अहमद, कुदरत उल्ला बेग रज्जन तिवारी ,जिला पंचायत सभापति रमाकांत पयासी,जनपद सदस्य बीरबल सिंह,मनोज पयासी,गिरीश अग्निहोत्री, सीताशरण द्विवेदी,राम सिंह,अशोक सिंह, भोले तिवारी ,ज्ञानी मिश्रा, राजाराम मिश्रा, दीपेंद्र पयासी, संतोष उर्मलिया, रामनगर सरपंच जगदीश हरिजन एव आसपास के सरपंच सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सुकन्या रक्षा अभियान 30 सितम्बर तक

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 30 सितम्बर 2025 तक सुकन्या रक्षा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के भविष्य के प्रति जागरूकता बढाना है। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शाखा डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता, बचत बैंक खाता, आवर्ती जमा (आरडी) एवं सावधि जमा (टीडी) खाता खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल वित्तीय समावेशन को बढावा देगा बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com